* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

31 दिसंबर, 2022
पौष, शुक्ल पक्ष, नवमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 73

आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

पटना की मेयर सीता साहू और डिप्टी मेयर बनीं रश्मि चंद्रवंशी

अलविदा मां...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबा नहीं रहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबा शुक्रवार सुबह 9:26 बजे पंचतत्व में विलीन हो गयीं। नरेंद्र मोदी ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम सफर के दौरान वे मां की पार्थिव देह कंधे पर लेकर गांधी नगर स्थित घर से निकले। यात्रा के दौरान वे शव वाहन में ही पार्थिव देह के करीब बैठे रहे।

हीराबा मोदी का शुक्रवार तड़के 3:30 बजे यूएन मेहता अस्पताल में निधन हुआ। वे 100 साल की थीं। मंगलवार देर रात सांस लेने में तकलीफ होने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें कफ की शिकायत भी थी। प्रधानमंत्री बुधवार को बीमार हीराबा को देखने अहमदाबाद गये थे। वे करीब 1 घंटे 20 मिनट अस्पताल में रहे थे। इस दौरान उन्होंने डॉक्टरों से बातचीत करके मां की तबीयत और इलाज के बारे में जानकारी ली थी। डॉक्टरों ने हीराबा की हालत को स्थिर बताया था। इसबीच शनिवार को उनका निधन हो गया। मोदी ने खुद इसकी जानकारी ट्वीट के जरिए दी। मोदी सुबह 7:45 में अहमदाबाद पहुंचे। यहां से वे सीधे गांधीनगर के रायसण गांव में भाई पंकज मोदी के घर गये। पार्थिव देह यहीं रखी गयी थी। मोदी के पहुंचते ही अंतिम यात्रा शुरू हुई। सेक्टर-30 स्थित

श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी समेत तमाम नेताओं, पार्टी कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने मीराबा के निधन पर शेक व्यक्त किया है। उनकी आत्मा की शांति की कामना की और दुख की घड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़े होने की बात कही।

(मां, ये सिर्फ एक शब्द नहीं है..... विशेष पेज-2 और 3 पर)

कर्तव्य पथ...

बंगाल के कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी मां हीराबा का अंतिम संस्कार करने के तुरंत बाद काम पर लौट आये। मां को मुखाग्नि देने के बाद वे अहमदाबाद से ही वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बंगाल में आयोजित कार्यक्रम में जुड़े। उन्होंने हावड़ा-न्यू जलपाइगुड़ी वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखायी। कार्यक्रम में शामिल पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मोदी की मां के निधन पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि यह दिन आपके लिए तकलीफ भरा है। आपकी मां यानी हमारी भी मां। ईश्वर आपको शक्ति दें कि आप अपना काम जारी रख सकें। मेरा अनुरोध है कि आप कुछ समय आराम भी करें।

मोदी ने कहा कि बंगाल की पुण्य धरती को नमन। निजी कारणों से आपके बीच नहीं आ पाया। इसके लिए क्षमा मांगता हूं। रेलवे और मेट्रो के साथ कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन हुआ है। वंदे भारत ट्रेन के लिए आप सबको बधाई।

मोदी ने बंगाल में 7,800 करोड़ रुपये से ज्यादा के डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स की शुरुआत की। इनमें कोलकाता मेट्रो की पर्पल लाइन के जोका-तारातला फेज का उद्घाटन और राज्य के

चार रेल प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। उन्होंने बंगाल में न्यू जलपाइगुड़ी रेलवे स्टेशन के रीडेवलपमेंट और राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत सात सीवरेज बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसके साथ ही 1585 करोड़ रुपये की लागत से राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत विकसित किये जाने वाली 5 सीवरेज प्रोजेक्ट्स की आधारशिला रखी गयी। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी-राष्ट्रीय जल और स्वच्छता संस्थान का उद्घाटन हुआ।

फुटबॉलर ब्लैक पर्ल उर्फ पेले का निधन

नयी दिल्ली (अजाद सिपाही)। एडसन अरांतेस डो नैसिमेंटो, जिन्हें दुनिया पेले के नाम से जानती है, उनका 82 साल की उम्र में निधन हो गया। फुटबॉल जगत में ब्लैक पर्ल और किंग ऑफ फुटबॉल के नाम से मशहूर पेले ने 29 दिसंबर को अस्पताल में अंतिम सांस ली। पेले लंबे से पेट के कैंसर से पीड़ित थे। पेले के निधन की जानकारी उनकी बेटी ने केली नैसिमेंटो इंस्टाग्राम पर दी। ब्राजील के एक छोटे से इलाके से आये पेले ने सिर्फ 17 साल की उम्र में फुटबॉल की दुनिया में

सनसनी मचा दी थी। इसके बाद तो उन्होंने फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और फुटबॉल की परिभाषा ही बदल कर रख दी थी। पेले ने अपने इंटरनेशनल फुटबॉल की शुरुआत 17 साल में वर्ष 1958 में की थी। साल 1971 में पेले ने इंटरनेशनल करियर को अलविदा कहा था।

क्रिकेटर ऋषभ पंत कार दुर्घटना में जख्मी

रुड़की (अजाद सिपाही)। । क्रिकेटर ऋषभ पंत शुक्रवार सुबह सड़क हादसे में बाल-बाल बच गये। पुलिस के मुताबिक, झपकी लगने से यह हादसा हुआ। उनकी मर्सिडीज अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकरायी, जिसके बाद उसमें आग लग गयी और पलट गयी। एक्सीडेंट के बाद पंत जलती हुई कार की खिड़की तोड़कर खुद ही बाहर निकले। लोग बचाने पहुंचे तो बोले कि मैं ऋषभ पंत हूं। उन्हें सिर, पीठ और पैर में गंभीर चोटें आयीं हैं। डॉक्टरों के मुताबिक,

उनकी हालत खतरे से बाहर है। उन्हें इलाज के लिए रुड़की से देहरादून ले जाया गया है। यहां के मैक्स हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टर की एक टीम उनकी निगरानी कर रही है। ऐसा कहा जा रहा है कि अगर जरूरत पड़ी तो उन्हें दिल्ली एयरलिफ्ट किया जायेगा।

साहिबगंज में मालवाहक जहाज का संतुलन बिगड़ा

गंगा नदी में एक ट्रक समाया, ड्राइवर लापता

आजाद सिपाही संवाददाता

साहिबगंज। गंगा नदी के साहिबगंज गरम घाट पर अचानक मालवाहक जहाज का संतुलन बिगड़ गया। जिससे एक ट्रक पानी में समा गया। साहिबगंज-मनिहारी के बीच गंगा पुल का निर्माण कर रही डीबीएल कंपनी के चार ट्रक जहाज पर लदे थे, जिसमें से तीन ट्रक जहाज पर ही पलट गये। गंगा में समाये ट्रक का ड्राइवर भी लापता है। डीबीएल कंपनी के मैनेजर भानु प्रताप सिंह ने बताया कि साहिबगंज से जहाज पर ट्रक चढ़ाया जा रहा था। इसी क्रम में तीन ट्रक चढ़ने के बाद चौथे ट्रक का टायर फट गया, जिससे जोरदार धमाका हुआ और जहाज असंतुलित हो गया। इससे जहाज

पर लदे सभी ट्रक एक-दूसरे पर पलट गये। इसी क्रम में एक ट्रक गंगा में समा गया। गंगा में समाये ट्रक के ड्राइवर समसुद्दीन का पता नहीं चल रहा है। कंपनी लापता ट्रक ड्राइवर को ढूंढने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर रही है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन में जुटी हैं।

दिलीप बिल्डकॉन कंपनी के मैनेजर भानु प्रताप सिंह ने कहा कि घटना में एक हाइवा गंगा नदी में गिरा है। जिस वजह से ड्राइवर सरफुद्दीन अंसारी लापता है। उसे रेस्क्यू कर निकाला जायेगा। भानु ने कहा कि सिर्फ एक हाइवा गिरा है, बाकी हाइवा और लोग सुरक्षित हैं। सिर्फ सरफुद्दीन अंसारी हमारा रिकॉर्डेड स्टॉप था, वह धनबाद के गोविंदपुर का रहने वाला है।

जहाज अनियंत्रित होन से हुई घटना: लापता ड्राइवर सरफुद्दीन अंसारी के परिजन ने बताया कि जहाज पहले से डैमेज थी। कई बार इसकी सूचना वरीय अधिकारी को दी गई. परिजन ने आगे कहा कि सरफुद्दीन गाड़ी संख्या एमपी 39एच 2658 पर सवार थे। यह वाहन गेट संख्या 52 पर लगती थी। सरफुद्दीन धनबाद के गोविंदपुर के फूफाआडीह का रहने वाला है। परिजन ने कहा कि घटना के बाद तत्काल रेस्क्यू अभियान चलाया गया, जिसमें कई लोग सुरक्षित निकाले गये हैं, लेकिन सरफुद्दीन गायब है। उन्होंने कहा कि हाइवा का टायर ब्लास्ट होने से घटना नहीं, बल्कि जहाज के अनियंत्रित होने से हुई है।

फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज (FJCCI)

झारखण्ड राज्य के सवा लाख व्यापारियों व उद्यमियों की ओर से माननीय मुख्यमंत्री 'श्री हेमंत सोरेन जी' के नेतृत्व में गठित झारखण्ड सरकार के कार्यकाल के सफलतापूर्वक 3 वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई। प्रदेश में बने भवनों को नियमितीकरण करने के क्रांतिकारी निर्णय के लिए हम माननीय मुख्यमंत्री जी एवं सांसद (राज्यसभा) श्रीमती महुआ माजी जी सहित समस्त मंत्रीमंडल का आभार व्यक्त करते है। राज्य के विकास के लिए निम्न समस्याओं पर विचार का अनुरोध करते है-

- कृषि शुल्क कानून को स्थाई रूप से निरस्त किया जाय।
- व्यापारिक होल्डिंग टैक्स को व्यवहारिक बनाया जाय।
- पलामू जिले के खासमहल की समस्या का समाधान हो।
- राज्य में बंद पड़ी खदानों को जल्द चालू किया जाय।

झारखण्ड के विकास में बढ़ते कदम में हम साथ-साथ हैं।
आपका चैंबर-सबका चैंबर।
झारखण्ड के सभी स्टेकहोल्डर्स को नववर्ष 2023 की अग्रिम शुभकामनाएं।

किशोर मंत्री अध्यक्ष		डा० अभिषेक कु. रामाधीन सचिव
आदित्य मल्होत्रा उपाध्यक्ष	अमित शर्मा उपाध्यक्ष	रोहित पोद्धार सह – सचिव
शैलेश अग्रवाल सह – सचिव	सुनील केडिया कोषाध्यक्ष	ज्योति कुमारी पी.आर.ओ.-सह-प्रवक्ता

नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

ORMANJHI
RANCHI

श्री Siddhi Vinayak construction
A Mega Township

श्री Siddhi Vinayak Construction
मंजिले पा लेंगे हम... अहसास जीवन का जगा लेंगे हम

Vinayak Green City

Only General Plot Available

Booking Open

Booking Amount 1,51,000/-

Contact :
9031276548, 9304280115

आसान मासिक किस्तों में प्लॉट उपलब्ध

सर्राफा

सोना (बिक्री)	51,700 रु./10 ग्राम
चांदी	72,500 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 31 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in

आपने एक शेर को जन्मा मां हीराबा

आपकी कोख ने एक ऐसे पूत को जन्मा, जिसके लिए देश सर्वोपरि है

आजाद सिपाही विशेष

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबा नहीं रहीं। जैसे ही यह खबर मैंने देखी, ऐसा लगा मानो कोई अपना छोड़ गया। लेकिन मुझे इस खबर पर यकीं नहीं हुआ, सो मैंने पीएम मोदी का ट्विटर हैंडल देखा। नरेंद्र मोदी ने अपनी माता जी की दीया पकड़े एक तस्वीर शेयर की थी। दीये की रौशनी में माता जी का चेहरा दिखाई पड़ रहा था। लगा कि मां हीराबा शायद नहीं रहीं। लेकिन मेरी नजर जब नरेंद्र मोदी द्वारा लिखे शब्दों पर पड़ी, तब यकीन हो गया कि मां हीराबा ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। लिखा था, शानदार शताब्दी का ईश्वर चरणों में विराम। मां में मैंने हमेशा उस त्रिमूर्ति की अनुभूति की है, जिसमें एक तपस्वी की यात्रा, निष्काम कर्मयोगी का प्रतीक और मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध जीवन समाहित रहा है। मैं जब उनसे 100वें जन्मदिन पर मिला, तो उन्होंने एक बात कही थी, जो हमेशा याद रहती है कि काम करो बुद्धि से और जीवन जियो शुद्धि से।

सच में मां हीराबा ने कुछ ऐसा रिश्ता ही बना लिया था देश के लोगों से कि कइयों को उनमें अपनी माता की झलक दिखाई पड़ती, तो कइयों को उनमें अपनी दादी। मेरी दादी भी उनकी जैसी ही दिखती थीं। उन्होंने भी 100 का आंकड़ा पार किया था। प्रधानमंत्री जब भी अपनी माता से मिलते और तस्वीर शेयर करते, तो वह तस्वीर को देख बड़ा आनंद आता। कैसे अपने बूढ़े हाथों से मां अपने बेटे के मुंह में निवाला खिलाती। कैसे उस बूढ़ी आंखों में अपने बेटे के लिए वात्सल्य छलकता। वे तस्वीरें किसी भी सभ्य समाज को सुख का बोध करवाती होंगी। मोदी कहते हैं, मां न सिर्फ बच्चे को जन्म देती है, बल्कि उसके दिमाग, व्यक्तित्व और आत्मविश्वास को भी आकार देती है। मुझे कोई संदेह नहीं कि मेरे जीवन और चरित्र में जो कुछ भी अच्छा है, उसका श्रेय मेरी मां को जाता है। मोदी जब भी कोई बड़ा काम करने जाते, वह अपनी माता का आशीर्वाद जरूर लेते। उनसे मिलने जाते। उनके पैरों को धो उस पानी को अपनी आंखों पर लगाते। मोदी जब भी कोई जन अभियान का आगाज करते, उनकी मां भी उसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेती दिखायी पड़ीं। चाहे वह हर घर तिरंगा अभियान हो या नोटबंदी के दौरान 4500 रुपयों को बैंक में जमा करवाना। चाहे वह कोरोना काल में दीया जलाना हो या जम्मू कश्मीर बाढ़ रिलीफ फंड में 5001 रुपये जमा करवाना। मां हीराबा जाते-जाते 100 साल की उम्र में भी, व्हील चेयर पर बैठ, वोट डाल, मोदी की जीत में आहूति दे गयीं। अपनी माता के प्रति प्रेम को दर्शाते पीएम मोदी का यह भाव विह्वल करनेवाला आलेख हालांकि पुराना है, लेकिन इसके हर शब्द में एक बेटे का अपनी मां के प्रति लगाव और भावुक यादें समाहित हैं। मां हीराबा को आजाद सिपाही परिवार की श्रद्धांजलि के रूप में उनके बड़े बेटे का यह आलेख श्रीचरणों में समर्पित है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ब्लॉग से

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी मां हीराबेन से कितना प्यार करते हैं और उन्हें अपनी जिंदगी में कितना अहम मानते हैं, यह किसी से नहीं छुपा। उन्होंने घर भले ही छोटी उम्र में छोड़ दिया, लेकिन मां के स्नेह और दुलार से दूर नहीं हुए। आज तक ऐसा कोई खास मौका नहीं गया, जिसमें उन्होंने अपनी मां का आशीर्वाद न लिया हो।

2014 में प्रधानमंत्री बनने से पहले वह मां से विदाई लेने पहुंचे, तो 2019 के चुनावों से पहले मां ने उन्हें देवी महाकाली का शॉल आशीर्वाद के तौर पर दिया। हर जन्मदिन पर मोदी मां का आशीष लेने जाते रहे और उनकी गुजरात यात्रा मां से मिले बिना पूरी नहीं होती थी।

जब पीएम ने अपनी मां हीराबा के लिए लिखा खत

मां, ये सिर्फ एक शब्द नहीं है। जीवन की ये वो भावना होती है, जिसमें स्नेह, धैर्य, विश्वास, कितना कुछ समाया होता है। दुनिया का कोई भी कोना हो, कोई भी देश हो, हर संतान के मन में सबसे अनमोल स्नेह मां के लिए होता है। मां, सिर्फ हमारा शरीर ही नहीं गढ़ती, बल्कि हमारा मन, हमारा व्यक्तित्व, हमारा आत्मविश्वास भी गढ़ती है। और अपनी संतान के लिए ऐसा करते हुए वो खुद को खपा देती है, खुद को भुला देती है।

आज मैं अपनी खुशी, अपना सौभाग्य, आप सबसे साझा करना चाहता हूं। मेरी मां, हीराबा आज 18 जून को अपने सौवें वर्ष में प्रवेश कर रही हैं। यानि उनका जन्म शताब्दी वर्ष प्रारंभ हो रहा है। पिताजी आज होते, तो पिछले सप्ताह वो भी 100 वर्ष के हो गये होते। यानि 2022 एक ऐसा वर्ष है, जब मेरी मां का जन्मशताब्दी वर्ष प्रारंभ हो रहा है और इसी साल मेरे पिताजी का जन्मशताब्दी वर्ष पूर्ण हुआ है।

पिछले ही हफ्ते मेरे भतीजे ने गांधीनगर से मां के कुछ वीडियो भेजे हैं। घर पर सोसायटी के कुछ नौजवान लड़के आये हैं, पिताजी की तस्वीर कुर्सी पर रखी है, भजन कीर्तन चल रहा है और मां मगन होकर भजन गा रही हैं, मंजीरा बजा रही हैं। मां आज भी वैसी ही हैं। शरीर की ऊर्जा भले कम हो गयी है, लेकिन मन की ऊर्जा यथावत है। वैसे हमारे यहां जन्मदिन मनाने की कोई परंपरा नहीं रही है। लेकिन परिवार में जो नश्र पीढ़ी के बच्चे हैं, उन्होंने पिताजी के जन्मशती वर्ष में इस बार 100 पेड़ लगाये हैं। आज मेरे जीवन में जो कुछ भी अच्छा है, मेरे व्यक्तित्व में जो कुछ भी अच्छा है, वो मां और पिताजी की ही देन है। आज जब मैं यहां दिल्ली में बैठा हूं, तो कितना कुछ पुराना याद आ रहा है।

मेरी मां जितनी सामान्य हैं, उतनी ही असाधारण भी। ठीक वैसे ही, जैसे हर मां होती है। आज जब मैं अपनी मां के बारे में लिख रहा हूं, तो पढ़ते हुए आपको भी ये लग सकता है कि अरे, मेरी मां भी तो ऐसी ही हैं, मेरी मां भी तो ऐसा ही किया करती हैं। ये पढ़ते हुए आपके मन में अपनी मां की छवि उभरेगी।

मां की तपस्या, उसकी संतान को, सही इंसान बनाती है। मां की ममता, उसकी संतान को मानवीय संवेदनाओं से भरती है। मां एक व्यक्ति नहीं है, एक व्यक्तित्व नहीं है, मां एक स्वरूप है। हमारे यहां कहते हैं, जैसा भक्त वैसा भगवान। वैसे ही अपने मन के भाव के अनुसार, हम मां के स्वरूप को अनुभव कर सकते हैं।

मेरी मां का जन्म, मेहसाणा जिले के विसनगर में हुआ था। वडनगर से ये बहुत दूर नहीं है। मेरी मां को अपनी मां यानि मेरी नानी का प्यार नसीब नहीं हुआ था। एक शताब्दी पहले आयी वैश्विक महामारी का प्रभाव तब बहुत वर्षों तक रहा था। उसी महामारी ने मेरी नानी को भी मेरी मां से छीन लिया था। मां तब कुछ ही दिनों की रही होंगी। उन्हें मेरी नानी का चेहरा, उनकी गोद कुछ भी याद नहीं है। आप सोचिए, मेरी मां का बचपन मां के बिना ही बीता, वो अपनी मां से जिद नहीं कर पायीं, उनके आंचल में सिर नहीं छिपा पायीं। मां को अक्षर ज्ञान भी नसीब नहीं हुआ, उन्होंने स्कूल का दरवाजा भी नहीं देखा। उन्होंने देखी तो सिर्फ गरीबी और घर में हर तरफ अभाव।

हम आज के समय में इन स्थितियों को जोड़ कर देखें तो कल्पना कर सकते हैं कि मेरी मां का बचपन कितनी मुश्किलों भरा था। शायद ईश्वर ने उनके जीवन को इसी प्रकार से गढ़ने की सोची थी। आज उन परिस्थितियों के बारे में मां सोचती हैं, तो कहती हैं कि ये ईश्वर की ही इच्छा रही होगी। लेकिन अपनी मां को खोने का, उनका चेहरा तक ना देख पाने का दर्द उन्हें आज भी है।

बचपन के संघर्षों ने मेरी मां को उम्र से बहुत पहले बड़ा कर दिया था। वो अपने परिवार में सबसे बड़ी थीं और जब शादी हुई तो भी सबसे बड़ी बहू बनीं। बचपन में जिस तरह वो अपने घर में सभी की चिंता करती थीं, सभी का ध्यान रखती थीं, सारे कामकाज की जिम्मेदारी उठाती थीं, वैसी ही जिम्मेदारियां उन्हें ससुराल में उठानी पड़ीं। इन जिम्मेदारियों के बीच, इन परेशानियों के बीच, मां हमेशा शांत मन से, हर स्थिति में परिवार को संभाले रहीं।

वडनगर के जिस घर में हम लोग रहा करते थे वो बहुत ही छोटा था। उस घर में कोई खिड़की नहीं थी, कोई बाथरूम नहीं था, कोई शौचालय नहीं था। कुल मिला कर मिट्टी की दीवारों और खपरैल की छत से बना वो एक-डेढ़ कमरे का ढांचा ही हमारा घर था, उसी में मां-पिताजी, हम सब भाई-बहन रहा करते थे।

उस छोटे से घर में मां को खाना बनाने में कुछ सहूलियत रहे इसलिए पिताजी ने घर में बांस की फट्टी और लकड़ी के पटरों की मदद से एक मचान जैसी बनवा दी थी। वही मचान हमारे घर की रसोई थी। मां उसी पर चढ़कर खाना बनाया करती थीं और हम लोग उसी पर बैठकर खाना खाया करते थे।

सामान्य रूप से जहां अभाव रहता है, वहां तनाव भी रहता है। मेरे माता-पिता की विशेषता रही कि अभाव के बीच भी उन्होंने घर में कभी तनाव को हावी नहीं होने दिया। दोनों ने ही अपनी-अपनी जिम्मेदारियां साझा की हुईं थीं।

कोई भी मौसम हो, गर्मी हो, बारिश हो, पिताजी चार बजे भोर में घर से निकल जाया करते थे। आसपास के लोग पिताजी के कदमों की आवाज से जान जाते थे कि चार बज गये हैं, दामोदर काका जा रहे हैं। घर से निकल कर मंदिर जाना, प्रभु दर्शन करना और फिर चाय की दुकान पर पहुंच जाना उनका नित्य कर्म रहता था।

मां भी समय की उतनी ही पाबंद थीं। उन्हें भी सुबह चार बजे उठने की आदत थी। सुबह-सुबह बहुत गुनगुनाती थीं।

मां कभी अपेक्षा नहीं करती थीं कि हम भाई-बहन अपनी पढ़ाई छोड़ कर उनकी मदद करें। वो कभी मदद के लिए, उनका हाथ बंटाने के लिए नहीं कहती थीं। मां को लगातार काम करते देखकर हम भाई-बहनों को खुद ही लगता था कि काम में उनका हाथ बंटाएं। मुझे तालाब में नहाने का, तालाब में तैरने का बड़ा शौक था इसलिए मैं भी घर के कपड़े लेकर उन्हें तालाब में धोने के लिए निकल जाता था। कपड़े भी धुल जाते थे और मेरा खेल भी हो जाता था।

घर चलाने के लिए दो चार पैसे ज्यादा मिल जाएं, इसके लिए मां दूसरों के घर के बर्तन भी मांजा करती थीं। समय निकाल कर चरखा भी चलाया करती थीं क्योंकि उससे भी कुछ पैसे जुट जाते थे। कपास के छिलके से रूई निकालने का काम, रुई से धागे बनाने का काम, ये सब कुछ मां खुद ही करती थीं। उन्हें डर रहता था कि कपास के छिलकों के कांटें हमें चुभ ना जाएं।

अपने काम के लिए किसी दूसरे पर निर्भर रहना, अपना काम किसी दूसरे से करवाना उन्हें कभी पसंद नहीं आया। मुझे याद है, वडनगर वाले मिट्टी के घर में बारिश के मौसम से कितनी दिक्कतें होती थीं। लेकिन मां की कोशिश रहती थी कि परेशानी कम से कम हो। इसलिए जून के महीने में, कड़ी धूप में मां घर की छत की खपरैल को ठीक करने के लिए ऊपर चढ़ जाया करती थीं। वो अपनी तरफ से तो कोशिश करती ही थीं लेकिन हमारा घर इतना पुराना हो गया था कि उसकी छत, तेज बारिश सह नहीं पाती थी।

बारिश में हमारे घर में कभी पानी यहां से टकपता था, कभी वहां से। पूरे घर में पानी ना भर जाए, घर की दीवारों को नुकसान ना पहुंचे, इसलिए मां जमीन पर बर्तन रख दिया करती थीं। छत से टपकता हुआ पानी उसमें इकट्ठा होता रहता था। उन पलों में भी मैंने मां को कभी परेशान नहीं देखा, खुद को कोसते नहीं देखा। आप ये जानकर हैरान रह जाएंगे कि बाद में उसी पानी को मां घर के काम के लिए अगले 2-3 दिन तक इस्तेमाल करती थीं। जल संरक्षण का इससे अच्छा उदाहरण क्या हो सकता है।

मां को घर सजाने का, घर को सुंदर बनाने का भी बहुत शौक था। घर सुंदर दिखे, साफ दिखे, इसके लिए वो दिन भर लगी रहती थीं। वो घर के भीतर की जमीन को गोबर से लीपती थीं। आप लोगों को पता होगा कि जब उपले या गोबर के कंडे में आग लगाओ तो कई बार शुरू में बहुत धुआं होता है। मां तो बिना खिड़की वाले उस घर में उपले पर ही खाना बनाती थीं। धुआं निकल नहीं पाता था इसलिए घर के भीतर की दीवारें बहुत जल्दी काली हो जाया करती थीं। हर कुछ हफ्तों में मां उन दीवारों की भी पुताई कर दिया करती थीं। इससे घर में एक नयापन सा आ जाता था। मां मिट्टी की बहुत सुंदर कटोरियां बनाकर भी उन्हें सजाया करती थीं। पुरानी चीजों को रीसायकिल करने की हम भारतीयों में जो आदत है, मां उसकी भी चैंपियन रही हैं।

उनका एक और बड़ा ही निराला और अनोखा तरीका मुझे याद है। वो अक्सर पुराने कागजों को भिगोकर, उसके साथ इमली के बीज पीसकर एक पेस्ट जैसा बना लेती थीं, बिल्कुल गोंद की तरह। फिर इस पेस्ट की मदद से वो दीवारों पर शीशे के टुकड़े चिपकाकर बहुत सुंदर चित्र बनाया करती थीं। बाजार से कुछ-कुछ सामान लाकर वो घर के दरवाजे को भी सजाया करती थीं।

मां इस बात को लेकर हमेशा बहुत नियम से चलती थीं कि बिस्तर बिल्कुल साफ-सुथरा हो, बहुत अच्छे से बिछा हुआ हो। धूल का एक भी कण उन्हें चादर पर बर्दाश्त नहीं था। थोड़ी सी सलवट देखते ही वो पूरी चादर फिर से झाड़कर करीने से बिछाती थीं। हम लोग भी मां की इस आदत का बहुत ध्यान रखते थे। आज इतने वर्षों बाद भी मां जिस घर में रहती हैं, वहां इस बात पर बहुत जोर देती हैं कि उनका बिस्तर जरा भी सिकुड़ा हुआ ना हो।

हर काम में परफेक्शन का उनका भाव इस उम्र में भी वैसा का वैसा ही है। और गांधीनगर में अब तो भैया का परिवार है, मेरे भतीजों का परिवार है, वो कोशिश करती हैं कि आज भी अपना सारा काम खुद ही करें।

साफ-सफाई को लेकर वो कितनी सतर्क रहती हैं, ये तो मैं आज भी देखता हूं। दिल्ली से मैं जब भी गांधीनगर जाता हूं, उनसे मिलने पहुंचता हूं, तो मुझे अपने हाथ से मिठाई जरूर खिलाती हैं। और जैसे एक मां, किसी छोटे बच्चे को कुछ खिलाकर उसका मुंह पोंछती है, वैसे ही मेरी मां आज भी मुझे कुछ खिलाने के बाद किसी रुमाल से मेरा मुंह जरूर पोंछती हैं। वो अपनी साड़ी में हमेशा एक रुमाल या छोटा तौलिया खोंसकर रखती हैं।

मां के सफाई प्रेम के तो इतने किस्से हैं कि लिखने में बहुत वक्त बीत जाएगा। मां में एक और खास बात रही है। जो साफ-सफाई के काम करता है, उसे भी मां बहुत मान देती है। मुझे याद है, वडनगर में हमारे घर के पास जो नाली थी, जब उसकी सफाई के लिए कोई आता था, तो मां बिना चाय पिलाए, उसे जाने नहीं देती थीं। बाद में सफाई वाले भी समझ गए थे कि काम के बाद अगर चाय पीनी है, तो वो हमारे घर में ही मिल सकती है।

मेरी मां की एक और अच्छी आदत रही है जो मुझे हमेशा याद रही। जीव पर दया करना उनके संस्कारों में झलकता रहा है। गर्मी के दिनों में पक्षियों के लिए वो मिट्टी के बर्तनों में दाना और पानी जरूर रखा करती थीं। जो हमारे घर के आसपास स्ट्रीट डॉग्स रहते थे, वो भूखे ना रहें, मां इसका भी खयाल रखती थीं।

पिताजी अपनी चाय की दुकान से जो मलाई लाते थे, मां उससे बड़ा अच्छा घी बनाती थीं। और घी पर सिर्फ हम लोगों का ही अधिकार हो, ऐसा नहीं था। घी पर हमारे मोहल्ले की गायों का भी अधिकार था। मां हर रोज, नियम से गौमाता को रोटी खिलाती थी। लेकिन सूखी रोटी नहीं, हमेशा उस पर घी लगा के ही देती थीं।

भोजन को लेकर मां का हमेशा से ये भी आग्रह रहा है कि अन्न का एक भी दाना बर्बाद नहीं होना चाहिए। हमारे कस्बे में जब किसी के शादी-ब्याह में सामूहिक भोज का आयोजन होता था तो वहां जाने से पहले मां सभी को ये बात जरूर याद दिलाती थीं कि खाना खाते समय अन्न मत बर्बाद करना। घर में भी उन्होंने यही नियम बनाया हुआ था कि उतना ही खाना थाली में लो जितनी भूख हो।

मां आज भी जितना खाना हो, उतना ही भोजन अपनी थाली में लेती हैं। आज भी अपनी थाली में वो अन्न का एक दाना नहीं छोड़तीं। नियम से खाना, तय समय पर खाना, बहुत चबा-चबा के खाना इस उम्र में भी उनकी आदत में बना हुआ है।

मां हमेशा दूसरों को खुश देखकर खुश रहा करती हैं। घर में जगह भले कम हो लेकिन उनका दिल बहुत बड़ा है। हमारे घर से थोड़ी दूर पर एक गांव था जिसमें मेरे पिताजी के बहुत करीबी दोस्त रहा करते थे। उनका बेटा था अब्बास। दोस्त की असमय मृत्यु के बाद पिताजी अब्बास को हमारे घर ही ले आए थे। एक तरह से अब्बास हमारे घर में ही रहकर पढ़ा। हम सभी बच्चों की तरह मां अब्बास की भी बहुत देखभाल करती थीं। ईद पर मां, अब्बास के लिए उसकी पसंद के पकवान बनाती थीं। त्योहारों के समय आसपास के कुछ बच्चे हमारे यहां ही आकर खाना खाते थे। उन्हें भी मेरी मां के हाथ का बनाया खाना बहुत पसंद था।

हमारे घर के आसपास जब भी कोई साधु-संत आते थे तो मां उन्हें घर बुलाकर भोजन अवश्य कराती थीं। जब वो जाने लगते, तो मां अपने लिए नहीं बल्कि हम भाई-बहनों के लिए आशीर्वाद मांगती थीं। उनसे कहती थीं, ह्लमेरी संतानों को आशीर्वाद दीजिए कि वो दूसरों के सुख में सुख देखें और दूसरों के दुख से दुखी हों। मेरे बच्चों में भक्ति और सेवाभाव पैदा हो उन्हें ऐसा आशीर्वाद दीजिए।ह्व

मेरी मां का मुझ पर बहुत अटूट विश्वास रहा है। उन्हें अपने दिए संस्कारों पर पूरा भरोसा रहा है। मुझे दशकों पुरानी एक घटना याद आ रही है। तब तक मैं संगठन में रहते हुए जनसेवा के काम में जुट चुका था। घरवालों से संपर्क ना के बराबर ही रह गया था। उसी दौर में एक बार मेरे बड़े भाई, मां को बद्रीनाथ जी, केदारनाथ जी के दर्शन कराने के लिए ले गए थे। बद्रीनाथ में जब मां ने दर्शन किए तो केदारनाथ में भी लोगों को खबर लग गयी कि मेरी मां आ रही हैं।

उसी समय अचानक मौसम भी बहुत खराब हो गया था। ये देखकर कुछ लोग केदारघाटी से नीचे की तरफ चल पड़े। वो अपने साथ में कंबल भी ले गए। वो रास्ते में बुजुर्ग महिलाओं से पूछते जा रहे थे कि क्या आप नरेंद्र मोदी की मां हैं? ऐसे ही पूछते हुए वो लोग मां तक पहुंचे। उन्होंने मां को कंबल दिया, चाय पिलाई। फिर तो वो लोग पूरी यात्रा भर मां के साथ ही रहे। केदारनाथ पहुंचने पर उन लोगों ने मां के रहने के लिए अच्छा इंतजाम किया। इस घटना का मां के मन में बड़ा प्रभाव पड़ा। तीर्थ यात्रा से लौटकर जब मां मुझसे मिलीं तो कहा कि 'कुछ तो अच्छा काम कर रहे हो तुम, लोग तुम्हें पहचानते हैं।'

अब इस घटना के इतने वर्षों बाद, जब आज लोग मां के पास जाकर पूछते हैं कि आपका बेटा पीएम है, आपको गर्व होता होगा, तो मां का जवाब बड़ा गहरा होता है। मां उन्हें कहती है कि जितना आपको गर्व होता है, उतना ही मुझे भी होता है। वैसे भी मेरा कुछ नहीं है। मैं तो निमित्त मात्र हूं। वो तो भगवान का है। आपने भी देखा होगा, मेरी मां कभी किसी सरकारी या सार्वजनिक कार्यक्रम में मेरे साथ नहीं जाती हैं। अब तक दो बार ही ऐसा हुआ है जब वो किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में मेरे साथ आयी हैं।

एक बार मैं जब एकता यात्रा के बाद श्रीनगर के लाल चौक पर तिरंगा फहरा कर लौटा था, तो अहमदाबाद में हुए नागरिक सम्मान कार्यक्रम में मां ने मंच पर आकर मेरा टीका किया था। मां के लिए वो बहुत भावुक पल इसलिए भी था क्योंकि एकता यात्रा के दौरान फगवाड़ा में एक हमला हुआ था, उसमें कुछ लोग मारे भी गए थे। उस समय मां मुझे लेकर बहुत चिंता में थीं। तब मेरे पास दो लोगों का फोन आया था। एक अक्षरधाम मंदिर के श्रद्धेय प्रमुख स्वामी जी का और दूसरा फोन मेरी मां का था। मां को मेरा हाल जानकर कुछ तसल्ली हुई थी।

दूसरी बार वो सार्वजनिक तौर पर मेरे साथ तब आईं थी जब मैंने पहली बार मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। 20 साल पहले का वो शपथग्रहण ही आखिरी समारोह है जब मां सार्वजनिक रूप से मेरे साथ कहीं उपस्थित रहीं हैं। इसके बाद वो कभी किसी कार्यक्रम में मेरे साथ नहीं आईं।

मुझे एक और वाकया याद आ रहा है। जब मैं सीएम बना था तो मेरे मन में इच्छा थी कि अपने सभी शिक्षकों का सार्वजनिक रूप से सम्मान करूं। मेरे मन में ये भी था कि मां तो मेरी सबसे बड़ी शिक्षक रही हैं, उनका भी सम्मान होना चाहिए। हमारे शास्त्रों में कहा भी गया है माता से बड़ा कोई गुरु नहीं है- 'नास्ति मातृ समो गुरुः'। इसलिए मैंने मां से भी कहा था कि आप भी मंच पर आइएगा। लेकिन उन्होंने कहा कि 'देख भाई, मैं तो निमित्त मात्र हूं। तुम्हारा मेरी कोख से जन्म लेना लिखा हुआ था। तुम्हें मैंने नहीं भगवान ने गढ़ा है।' ये कहकर मां उस कार्यक्रम में नहीं आई थीं। मेरे सभी शिक्षक आए थे, लेकिन मां उस कार्यक्रम से दूर ही रहीं।

जारी... (पेज 3 पर)

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	24.4 °C	9.2 °C
सूर्यास्त (आज)	:	17.13 बजे
सूर्योदय (कल)	:	06.29 बजे

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 31 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in

पीएम मोदी की मां के निधन से झारखंड भी मर्माहत

राज्यपाल रमेश बैस और सीएम हेमंत ने जताया दुःख



आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबा के निधन पर झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की माता के निधन का समाचार सुनकर उन्हें दुःख हुआ। देश को यशस्वी नेतृत्व देने वाली एक तपस्वी व कर्मयोगी मां सदैव स्मरण की जायेगी। दुःख की इस घड़ी में प्रधानमंत्री एवं उनके परिजनों के प्रति मैं अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। वहीं, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री की माता के निधन का समाचार सुनकर बहुत दुख हुआ। माता-पिता का निधन किसी के लिए भी अपूरणीय क्षति है। मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। उनकी दिवंगत आत्मा को शांति मिले।

ईश्वर पीएम मोदी को यह असहनीय पीड़ा सहने की शक्ति प्रदान करे: दीपक प्रकाश

रांची (आजाद सिपाही)। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता हीराबेन के निधन पर प्रदेश भाजपा ने गहरा शोक प्रकट किया है। शोक संवेदना प्रकट करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता हीराबेन के निधन की खबर अत्यंत दुःखद है। इसे सुनकर मन बहुत व्यथित है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दें और प्रधानमंत्री एवं उनके परिवार को यह असहनीय पीड़ा सहने की शक्ति प्रदान करें।

मां जिस सादगी में थी, उसी सादगी में चली गयीं : बाबूलाल मरांडी

रांची (आजाद सिपाही)। शोक संवेदना व्यक्त करते हुए भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इतिहास में दो मां का नाम सदैव आदर से लिया जायेगा। पहला मां जीजाबाई का जिन्होंने वीर शिवाजी को हिंदवी स्वराज की स्थापना के लिए प्रेरित किया और दूसरी मां हीराबेन मोदी का जिनकी प्रेरणा से महान सपूत नरेंद्र भाई मोदी ने भारत में हिंद साम्राज्य को पुनर्स्थापित किया। मां जिस सादगी में रहीं, उसी सादगी में चली गयीं। हे परमात्मा इन्हें अपने श्री चरणों में स्थान देना। मां के जाने का दर्द सिर्फ उसकी संतान ही समझ सकता है।

निधन की खबर से मर्माहत हूं : कर्मवीर सिंह

रांची (आजाद सिपाही)।शोक संवेदना व्यक्त करते हुए झारखंड प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि मां हीराबेन बहुत ही दुख और तकलीफ सह कर अपने परिवार का लालन पालन की थीं। उनकी ही शिक्षा की देन है कि भारत को नरेंद्र मोदी जैसा मेहनती, कर्मठ, ईमानदार और यशस्वी प्रधानमंत्री मिला। उनके निधन की खबर से मर्माहत हूं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। मां हीराबेन की निधन पर झारखंड भाजपा प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, प्रदेश के महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय सहित अन्य नेताओं ने भी शोक व्यक्त किये।

मां हीराबा को भगवान अपने श्रीचरणों में स्थान दे: अर्जुन मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



रांची। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबा के निधन पर गहरा दुख जताया है। मुंडा ने शोक जताते हुए कहा कि भगवान उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें। दुख की इस घड़ी में प्रधानमंत्री और उनके पूरे परिवार के प्रति मैं अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। ॐ शांति।

रघुवर दास ने जताया शोक

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री जी की माता गोलोक गमन का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। मां की कमी को कोई पूरा नहीं कर सकता है। आप जैसे कर्मयोगी पुत्र को जन्म देनेवाली दिव्यात्मा का सरल और सादा जीवन सभी के लिए प्रेरणादायक बना रहेगा। मैं अपनी संवेदना प्रकट करता हूं। बाबा बैद्यनाथ से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। ॐ शांति!

संजय जयसवाल ने शोक जताया

रांची (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन के निधन पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य संजय कुमार जयसवाल ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री के माताजी का निधन का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। मां की कमी को कोई पूरा नहीं कर सकता है। मोदी जैसे कर्मयोगी पुत्र को जन्म देनेवाली दिव्यात्मा का सरल और सादा जीवन सभी के लिए प्रेरणादायक बना रहेगा। ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें।

राजद ने भी जताया शोक

रांची (आजाद सिपाही)। वहीं दूसरी ओर राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव और प्रधान महासचिव संजय यादव ने प्रधानमंत्री की मां के निधन पर शोक जताया है। कहा-राजद झारखंड इस दुख की घड़ी में मोदी के साथ है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में जगह दे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करे।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

राजेंद्र प्रसाद ने प्रधानमंत्री की मां के निधन पर शोक व्यक्त किया

रांची (आजाद सिपाही)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता हीराबा के निधन पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने शोक व्यक्त किया है। प्रसाद ने कहा कि दिवंगत आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करें। प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मां से बेहद प्यार करते थे और इनका सदैव यह आदर भाव दुनिया के लिए प्रेरणादायक बना। प्रसाद ने कहा दुख की इस घड़ी में प्रधानमंत्री और उनके परिवार के प्रति मैं अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।

JHARKHAND STATE FOOD & CIVIL SUPPLIES CORPORATION LTD.
(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)
JSFC Bhawan, Kadru Main Road, Ranchi - 834002, Email-jsfcmonitoring@gmail.com

Letter No.: 5132 Date: 30/12/2022

Short Tender Notice

SHORT TENDER FOR PROVIDING TRANSPORTATION SERVICES AT VARIOUS DISTRICTS OF JHARKHAND FOR TRANSPORT OF PADDY & CUSTOM MILLED RICE (C.M.R.) FROM PADDY PROCUREMENT CENTRES TO TAGGED RICE MILLS AND FROM RICE MILLS TO GODOWNS OF F.C.I RESPECTIVELY FOR THE KHARIF MARKETING SEASON FOR 2 (Two) YEARS 2022-23 & 2023-24 TO JHARKHAND STATE FOOD & CIVIL SUPPLIES CORPORATION LIMITED.

Bid Details	
NIT/Bid Document No.	No. 5132, dated 30/12/2022
Bidding Document Cost	Tender Document Fee of Rs. 10000/- (Rs. Ten thousand only) to be deposited in the Bank A/C of JSF&CSCL
Earnest Money Deposit (EMD) Bid Security	31/12/2022 to 16/01/2023 till 5:00 P.M
Document Sale Date & Timing i.e. Last Date & time for downloading RFP from website	31/12/2022 to 16/01/2023 till 5:00 P.M
Online Bid Submission Period	31/12/2022 to 16/01/2023 till 5:00 P.M
Technical E-Bid Opening Date & Time	17/01/2023
Pre-Bid Meeting	05/01/2023 03:00 P.M Google meet link: (Video call link: https://meet.google.com/eny-mask-eyg)
Date of Auction	Will be intimated letter
Name and Number of Contact person	Abhishek Tiwari 9795046772 / 9219516455

Note : Further details can see on website: www.jharkhand.gov.in & https://jhtenders.eproc.in

Managing Director
Jharkhand State Food & Civil Supplies Corporation Limited

पूज्य माताजी हीराबा के निधन की सूचना दुखद : सुदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के निधन पर शोक जताया है। महतो ने शुक्रवार को शोक व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पूज्य माताजी हीराबा के निधन की सूचना अत्यंत दुखद है। मैं दिवंगत माताजी के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे।

मां की शून्यता सदैव अनुभव होती है : राजेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन मोदी के निधन पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि मां का जाना जीवन से मुख्य आधार स्तंभ के ढह जाने जैसा होता है। मां की शून्यता सदैव अनुभव होती है। इस दुख की घड़ी में पूरे परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। ईश्वर उन्हें एवं उनके परिवार वालों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान, व्यापार वृद्धि।

वृष संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी, उद्योग-धंधे में सफलता.

मिथुन रुके हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़, निर्माण कार्य में प्रगति।

कर्क नये लोगों से संपर्क, शुभ समाचार मिलेगा। सुख सम्मान की रक्षा होगी।

सिंह सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा

कन्या धनागम के अवसर बढ़ेंगे, अवसरों का फायदा उठायें, सगे-संबंधियों का आवागमन बना रहेगा

तुला कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, नये वाहन खरीदने का संयोग बनेगा।

वृश्चिक नवीन व्यापारिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा। धार्मिक कार्य में रुचि।

धनु निराशा दूर होगी, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास, प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलन होगा।

मकर थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे, वाहन सुख, संतान की उन्नति से उत्साह में वृद्धि होगी

कुंभ अव्यवस्थित दिनचर्या, किसी प्रकार की कोई नवीन समस्या आ सकती है।

मीन घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, दुष्ट लोगों की संगति कलहकारी सिद्ध होगी।

पेज 2 से जारी...

लेकिन मुझे याद है, उन्होंने उस समारोह से पहले मुझसे ये जरूर पूछा था कि हमारे कस्बे में जो शिक्षक जेठाभाई जोशी जी थे क्या उनके परिवार से कोई उस कार्यक्रम में आयेगा? बचपन में मेरी शुरूआती पढ़ाई-लिखाई, मुझे अक्षरज्ञान गुरुजी जेठाभाई जोशी जी ने कराया था। मां को उनका ध्यान था, ये भी पता था कि अब जोशी जी हमारे बीच नहीं हैं। वो खुद नहीं आईं लेकिन जेठाभाई जोशी जी के परिवार को जरूर बुलाने को कहा।

अक्षर ज्ञान के बिना भी कोई सचमुच में शिक्षित कैसे होता है, ये मैंने हमेशा अपनी मां में देखा। उनके सोचने का दृष्टिकोण, उनकी दूरगामी दृष्टि, मुझे कई बार हैरान कर देती है। अपने नागरिक कर्तव्यों के प्रति मां हमेशा से बहुत सजग रही हैं। जब से चुनाव होने शुरू हुए पंचायत से पार्लियामेंट तक के इलेक्शन में उन्होंने वोट देने का दायित्व निभाया। कुछ समय पहले हुए गांधीनगर म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन के चुनाव में भी मां वोट डालने गयी थीं।

कई बार मुझे वो कहती हैं कि देखो भाई, पब्लिक का आशीर्वाद तुम्हारे साथ है, ईश्वर का आशीर्वाद तुम्हारे साथ है, तुम्हें कभी कुछ नहीं होगा। वो बोलती हैं कि अपना शरीर हमेशा अच्छा रखना, खुद को स्वस्थ रखना क्योंकि शरीर अच्छा रहेगा तभी तुम अच्छा काम भी कर पाओगे।

एक समय था जब मां बहुत नियम से चरतुर्मास किया करती थीं। मां को पता है कि नवरात्रि के समय मेरे नियम क्या हैं। पहले तो नहीं कहती थीं, लेकिन इधर बीच वो कहने लगी हैं कि इतने साल तो कर लिया अब नवरात्रि के समय जो कठिन व्रत-तपस्या करते हो, उसे थोड़ा आसान कर लो। मैंने अपने जीवन में आज तक मां से कभी किसी के लिए कोई शिकायत नहीं सुनी। ना ही वो किसी की शिकायत करती हैं और ना ही किसी से कुछ अपेक्षा रखती हैं।

मां के नाम आज भी कोई संपत्ति नहीं है। मैंने उनके शरीर पर कभी सोना नहीं देखा। उन्हें सोने-गहने का कोई मोह नहीं है। वो पहले भी सादगी से रहती थीं और आज भी वैसे ही अपने छोटे से कमरे में पूरी सादगी से रहती हैं।

ईश्वर पर मां की अगाथ आस्था है, लेकिन वो अंधविश्वास से कोसों दूर रहती हैं। हमारे घर को उन्होंने हमेशा अंधविश्वास से बचाकर रखा। वो शुरू से कबीरपंथी रही हैं और आज भी उसी परंपरा से अपना पूजा-पाठ करती हैं। हां, माला जपने की आदत सी पड़ गयी है उन्हें। दिन भर भजन और माला जपना इतना ज्यादा हो जाता है कि नींद भी भूल जाती हैं। घर के लोगों को माला छिपानी पड़ती है, तब जाकर वो सोती हैं, उन्हें नींद आती है।

इतने बरस की होने के बावजूद, मां की याददाश्त अब भी बहुत अच्छी है। उन्हें दशकों पहले की भी बातें अच्छी तरह याद हैं। आज भी कभी कोई रिश्तेदार उनसे मिलने जाता है और अपना नाम बताता है, तो वो तुरंत उनके दादा-दादी या नाना-नानी का नाम लेकर बोलती हैं कि अच्छा तुम उनके घर से हो।

दुनिया में क्या चल रहा है, आज भी इस पर मां की नजर रहती है। हाल-फिलहाल में मैंने मां से पूछा कि आजकल टीवी कितना देखती हों? मां ने कहा कि टीवी पर तो जब देखो तब सब आपस में झगड़ा कर रहे होते हैं। हां, कुछ हैं जो शांति से समझाते हैं और मैं उन्हें देखती हूं। मां इतना कुछ गौर कर रही हैं, ये देखकर मैं आश्चर्यचकित रह गया।

उनकी तेज याददाश्त से जुड़ी एक और बात मुझे याद आ रही है। ये 2017 की बात है जब मैं यूपी चुनाव के आखिरी दिनों में, काशी में था। वहां से मैं अहमदाबाद गया तो मां के लिए काशी से प्रसाद लेकर भी गया था। मां से मिला तो उन्होंने पूछा कि क्या काशी विश्वनाथ महादेव के दर्शन भी किये थे? मां पूरा ही नाम लेती हैं- काशी विश्वनाथ महादेव। फिर बातचीत में मां ने पूछा कि क्या काशी विश्वनाथ महादेव के मंदिर तक जाने का रास्ता अब भी वैसा ही है, ऐसा लगता है किसी के घर में मंदिर बना हुआ है। मैंने हैरान होकर उनसे पूछा कि आप कब गयी थीं? मां ने बताया कि बहुत साल पहले गयीं थीं। मां को उतने साल पहले की गयी तीर्थ यात्रा भी अच्छी तरह याद है।

मां में जितनी ज्यादा संवेदनशीलता है, सेवा भाव है, उतनी ही ज्यादा उनकी नजर भी पारखी रही है। मां छोटे बच्चों के उपचार के कई देसी तरीके जानती हैं। वडनगर वाले घर में तो अक्सर हमारे यहां सुबह से ही कतार लग जाती थी। लोग अपने 6-8 महीने के बच्चों को दिखाने के लिए मां के पास लाते थे।

इलाज करने के लिए मां को कई बार बहुत बारीक पाउडर की जरूरत होती थी। ये पाउडर जुटाने का इंतजाम घर के हम बच्चों का था। मां हमें चूल्हे से निकली राख, एक कटोरी और एक महीन सा कपड़ा दे देती थीं। फिर हम लोग उस कटोरी के मुंह पर वो कपड़ा कस के बांधकर 5-6 चुटकी राख उस पर रख देते थे। फिर धीरे-धीरे हम कपड़े पर रखी उस राख को रगड़ते थे। ऐसा करने पर राख के जो सबसे महीन कण होते थे, वो कटोरी में नीचे जमा होते जाते थे। मां हम लोगों को हमेशा कहती थीं कि 'अपना काम अच्छे से करना। राख के मोटे दानों की वजह से बच्चों को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।'

ऐसी ही मुझे एक और बात याद आ रही है, जिसमें मां की ममता भी थी और सूझबूझ भी। दरअसल एक बार पिताजी को एक धार्मिक अनुष्ठान करवाना था। इसके लिए हम सभी को नर्मदा जी के तट पर किसी स्थान पर जाना था। भीषण गर्मी के दिन थे इसलिए वहां जाने के लिए हम लोग सुबह-सुबह ही घर से निकल लिये थे। करीब तीन-साढ़े तीन घंटे का सफर रहा होगा। हम जहां बस से उतरे, वहां से आगे का रास्ता पैदल ही जाना था। लेकिन गर्मी इतनी ज्यादा थी कि जमीन से जैसे आग निकल रही हो। इसलिए हम लोग नर्मदा जी किनारे पर पानी में पैर रखकर चलने लगे थे।

नदी में इस तरह चलना आसान नहीं होता। कुछ ही देर में हम बच्चे बुरी तरह थक गये। जोर की भूख भी लगी थी। मां हम सभी की स्थिति देख रही थीं, समझ रही थीं। मां ने पिताजी को कहा कि थोड़ी देर के लिए बीच में यहीं रुक जाते हैं। मां ने पिताजी को तुरंत आसपास कहीं से गुड़ खरीदकर लाने को कहा। पिताजी दौड़े हुए गये और गुड़ खरीदकर लाये। मैं तब बच्चा था लेकिन गुड़ खाने के बाद पानी पीते ही जैसे शरीर में नयी ऊर्जा आ गयी। हम सभी फिर चल पड़े। उस गर्मी में पूजा के लिए उस तरह निकलना, मां की वो समझदारी, पिताजी का तुरंत गुड़ खरीदकर लाना, मुझे आज भी एक-एक पल अच्छी तरह याद है।

दूसरों की इच्छा का सम्मान करने की भावना, दूसरों पर अपनी इच्छा ना थोपने की भावना, मैंने मां में बचपन से ही देखी है। खासतौर पर मुझे लेकर वो बहुत ध्यान रखती थीं कि वो मेरे और मेरे निर्णयों को बीच कभी दीवार ना बनें। उनसे मुझे हमेशा प्रोत्साहन ही मिला। बचपन से वो मेरे मन में एक अलग ही प्रकार की प्रवृत्ति पनपते हुए देख रहीं थीं। मैं अपने सभी भाई-बहनों से अलग सा रहता था।

मेरी दिनचर्या की वजह से, मेरे तरह-तरह के प्रयोगों की वजह से कई बार मां को मेरे लिए अलग से इंतजाम भी करने पड़ते थे। लेकिन उनके चेहरे पर कभी शिकन नहीं आयी, मां ने कभी इसे बोझ नहीं माना। जैसे मैं महीनों-महीनों के लिए खाने में नमक छोड़ देता था। कई बार ऐसा होता था कि मैं हफ्तों-हफ्तों अन्न त्याग देता था, सिर्फ दूध ही पीया करता था। कभी तय कर लेता था कि अब 6 महीने तक मीठा नहीं खाऊंगा। सर्दी के दिनों में, मैं खुले में सोता था, नहाने के लिए मटके के ठंडे पानी से नहाया करता था। मैं अपनी परीक्षा स्वयं ही ले रहा था। मां मेरे मनोभावों को समझ रही थीं। वो कोई जिद नहीं करती थीं। वो यही कहती थीं- ठीक है भाई, जैसा तुम्हारा मन करे।

मां को आभास हो रहा था कि मैं कुछ अलग ही दिशा में जा रहा हूं। मुझे याद है, एक बार हमारे घर के पास गिरी महादेव मंदिर में एक महात्मा जी आये हुए थे। वो हाथ में ज्वार उगा कर तपस्या कर रहे थे। मैं बड़े मन से उनकी सेवा में जुटा हुआ था। उसी दौरान मेरी मौसी की शादी पड़ गयी थी। परिवार में सबको वहां जाने का बहुत मन था। मामा के घर जाना था, मां की बहन की शादी थी, इसलिए मां भी बहुत उत्साह में थीं। सब अपनी तैयारी में जुटे थे लेकिन मैंने मां के पास जाकर कहा कि मैं मौसी की शादी में नहीं जाना चाहता। मां ने वजह पूछी तो मैंने उन्हें महात्मा जी वाली बात बतायी। मां को दुख जरूर हुआ कि मैं उनकी बहन की शादी में नहीं जा रहा, लेकिन उन्होंने मेरे मन का आदर किया। वो यही बोलीं कि ठीक है, जैसा तुम्हारा मन करे, वैसा ही करो। लेकिन उन्हें इस बात की चिंता थी कि मैं अकेले घर में रहूंगा कैसे? मुझे तकलीफ ना हो इसलिए वो मेरे लिए 4-5 दिन का सूखा खाना बनाकर घर में रख गयी थीं।

मैंने जब घर छोड़ने का फैसला कर लिया, तो उसे भी मां कई दिन पहले ही समझ गयीं थीं। मैं मां-पिताजी से बात-बात में कहता ही रहता था कि मेरा मन करता है कि बाहर जाकर देखूं, दुनिया क्या है। मैं उनसे कहता था कि रामकृष्ण मिशन के मठ में जाना है। स्वामी विवेकानंद जी के बारे में भी उनसे खूब बातें करता था। मां-पिताजी ये सब सुनते रहते थे। ये सिलसिला कई दिन तक लगातार चला।

एक दिन आखिरकार मैंने मां-पिता को घर छोड़ने की इच्छा बतायी और उनसे आशीर्वाद मांगा। मेरी बात सुनकर पिताजी बहुत दुखी हुए। वो थोड़ा खिन्न होकर बोले- तुम जानो, तुम्हारा काम जाने। लेकिन मैंने कहा कि मैं ऐसे बिना आशीर्वाद घर छोड़कर नहीं जाऊंगा। मां को मेरे बारे में सब कुछ पता था ही। उन्होंने फिर मेरे मन का सम्मान किया। वो बोलीं कि जो तुम्हारा मन करे, वही करो। हां, पिताजी की तसल्ली के लिए उन्होंने उनसे कहा कि वो चाहें तो मेरी जन्मपत्री किसी को दिखा लें। हमारे एक रिश्तेदार को ज्योतिष का भी ज्ञान था। पिताजी मेरी जन्मपत्री के साथ उनसे मिले। जन्मपत्री देखने के बाद उन्होंने कहा कि 'उसकी तो राह ही कुछ अलग है, ईश्वर ने जहां तय किया है, वो वहीं जायेगा।'

इसके कुछ घंटों बाद ही मैंने घर छोड़ दिया था। तब तक पिताजी भी बहुत सहज हो चुके थे। पिताजी ने मुझे आशीर्वाद दिया। घर से निकलने से पहले मां ने मुझे दही और गुड़ भी खिलाया। वो जानती थीं कि अब मेरा आगे का जीवन कैसा होने जा रहा है। मां की ममता कितनी ही कठोर होने की कोशिश करे, जब उसकी संतान घर से दूर जा रही हो, तो पिघल ही जाती है। मां की आंख में आंसू थे लेकिन मेरे लिए खूब सारा आशीर्वाद भी था।

घर छोड़ने के बाद के वर्षों में, मैं जहां रहा, जिस हाल में रहा, मां के आशीर्वाद की अनुभूति हमेशा मेरे साथ रही। मां मुझसे गुजराती में ही बात करती हैं। गुजराती में तुम के लिए तू और आप के लिए तमे कहा जाता है। मैं जितने दिन घर में रहा, मां मुझसे तू कहकर ही बात करती थीं। लेकिन जब मैंने घर छोड़ा, अपनी राह बदली, उसके बाद कभी भी मां ने मुझसे तू कहकर बात नहीं की। वो आज भी मुझे आप या तमे कहकर ही बात करती हैं।

मेरी मां ने हमेशा मुझे अपने सिद्धांत पर डटे रहने, गरीब के लिए काम करते रहने के लिए प्रेरित किया है। मुझे याद है, जब मेरा मुख्यमंत्री बनना तय हुआ तो मैं गुजरात में नहीं था। एयरपोर्ट से मैं सीधे मां से मिलने गया था। खुशी से भरी हुई मां का पहला सवाल यही था कि क्या तुम अब यहीं रहा करोगे? मां मेरा उत्तर जानती थीं। फिर मुझसे बोलीं- 'मुझे सरकार में तुम्हारा काम तो समझ नहीं आता लेकिन मैं बस यही चाहती हूं कि तुम कभी रिश्वत नहीं लेना।'

यहां दिल्ली आने के बाद मां से मिलना-जुलना और भी कम हो गया है। जब गांधीनगर जाता हूं तो कभी-कभार मां के घर जाना होता है। मां से मिलना होता है, बस कुछ पलों के लिए। लेकिन मां के मन में इसे लेकर कोई नाराजगी या दुख का भाव मैंने आज तक महसूस नहीं किया। मां का स्नेह मेरे लिए वैसा ही है, मां का आशीर्वाद मेरे लिए वैसा ही है। मां अक्सर पूछती हैं- दिल्ली में अच्छा लगता है? मन लगता है?

वो मुझे बार-बार याद दिलाती हैं कि मेरी चिंता मत किया करो, तुम पर बड़ी जिम्मेदारी है। मां से जब भी फोन पर बात होती है तो यही कहती हैं कि 'देख भाई, कभी कोई गलत काम मत करना, बुरा काम मत करना, गरीब के लिए काम करना।'

आज अगर मैं अपनी मां और अपने पिता के जीवन को देखूं, तो उनकी सबसे बड़ी विशेषताएं रही हैं ईमानदारी और स्वाभिमान। गरीबी से जूझते हुए परिस्थितियां कैसी भी रही हों, मेरे माता-पिता ने ना कभी ईमानदारी का रास्ता छोड़ा ना ही अपने स्वाभिमान से समझौता किया। उनके पास हर मुश्किल से निकलने का एक ही तरीका था- मेहनत, दिन रात मेहनत।

पिताजी जब तक जीवित रहे उन्होंने इस बात का पालन किया कि वो किसी पर बोझ नहीं बनें। मेरी मां आज भी इसी प्रयास में रहती हैं कि किसी पर बोझ नहीं बनें, जितना संभव हो पाये, अपने काम खुद करें। आज भी जब मैं मां से मिलता हूं, तो वो हमेशा कहती हैं कि 'मैं मरते समय तक किसी की सेवा नहीं लेना चाहती, बस ऐसे ही चलते-फिरते चले जाने की इच्छा है।'

मैं अपनी मां की इस जीवन यात्रा में देश की समूची मातृशक्ति के तप, त्याग और योगदान के दर्शन करता हूं। मैं जब अपनी मां और उनके जैसी करोड़ों नारियों के सामर्थ्य को देखता हूं, तो मुझे ऐसा कोई भी लक्ष्य नहीं दिखाई देता जो भारत की बहनों-बेटियों के लिए असंभव हो।

अभाव की हर कथा से बहुत ऊपर, एक मां की गौरव गाथा होती है।

संघर्ष के हर पल से बहुत ऊपर, एक मां की इच्छाशक्ति होती है।

मां, आपको जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

आपका जन्म शताब्दी वर्ष शुरू होने जा रहा है।

सार्वजनिक रूप से कभी आपके लिए इतना लिखने का, इतना कहने का साहस नहीं कर पाया।

आप स्वस्थ रहें, हम सभी पर आपका आशीर्वाद बना रहे, ईश्वर से यही प्रार्थना है।

नमन।

समाप्त।

(यह ब्लॉग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 18 जून को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर मां हीराबा के लिए लिखा था।)

संकलन और प्रस्तुति : राकेश सिंह, विशेष संवाददाता।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 31 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in

हजारीबाग पुलिस लाइन क्वार्टर में हुई महिला की हत्या मामले में शामिल दो युवक गिरफ्तार

पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू को कन्दाखाड़ कोयल नदी से किया बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग पुलिस ने 20 दिसंबर को पुलिस लाइन स्थित रिजेक्ट क्वार्टर में एक महिला रिंकी कुमारी की हत्या मामले का उद्भेदन कर घटना में शामिल दो युवकों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। रिंकी कुमारी इचाक थाना क्षेत्र के झरपो की रहने वाली थी जो पेट्रोल पंप में गाड़ियों में पेट्रोल भरने का काम करती है। इसी बीच पुलिस लाइन में रहने वाले एक आरक्षी परशुराम राम के संपर्क में आ गई और पुलिस लाइन में ही साथ में रहने लगी थी। यह बात परशुराम राम के बेटे आशीष कुमार

छापामारी में लोहसिंघना ओपी प्रभारी अरविन्द कुमार सिंह, नविन किशोर पाण्डेय लोहसिंघना थाना, आरक्षी मिथलेश कुमार, आरक्षी राजीव कुमार, आरक्षी सुशिल कुमार शामिल थे।

को ग्वारा गुजरा और अपने दोस्त के संग पलामू से हजारीबाग स्थित पुलिस लाइन पहुंचा और रिंकी कुमारी की हत्या चाकू से कर फिर रांची होते पलामू पहुंच गया। इस पर एसपी मनोज रतन चौथे ने एक टीम बना कर मामले के अनुसंधान में पदाधिकारियों को लगाया। लोहसिंघना थाना प्रभारी अरविंद सिंह अपने टीम के साथ तकनीकी साक्ष्यो के आधार पर पलामू पहुंच दोनो आरोपियों को धर दबोचा और हजारीबाग ले आए। इस कामयाबी पर सदर थाने में सदर एसडीपीओ महेश प्रजापति और सीसीआर डीएसपी आरिफ एकराम ने प्रेस कांफ्रेंस कर मामले को बताया। बताया की 20 दिसंबर को संध्या करीब 7 बजे पुलिस केन्द्र रिजेक्ट क्वार्टर में रिंकी कुमारी पिता सीताराम रविदास सा झरपो, थाना ईचाक, जिला हजारीबाग की हत्या चाकू मारकर कर दिया गया था। जिसमें वादी राजकुमार रविदास पिता सीताराम रविदास के लिखित आवेदन पर लोहसिंघना थाना में काण्ड संख्या-269/22 दर्ज किया गया था। उक्त काण्ड में तत्काल प्राथमिकी अभियुक्त आरक्षी परशुराम राम को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। अनुसंधान के क्रम में तकनिकी साक्ष्यों एवं गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को पलामु शहर थाना क्षेत्रान्तर्गत से घटना में शामील अप्राथमिकी अभियुक्त आशिष कुमार पिता परशुराम राम पता बिएन कॉलेज कन्दाखाड़, पलामु और करण कुमार पिता तुलसी राम साकिन लोटवा थाना लेस्लीगंज जिला पलामू को गिरफ्तार किया गया। उक्त दोनो अभियुक्तों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए घटना में प्रयुक्त चाकू को कन्दाखाड़ कोयल नदी शमशान घाट के बगल से जलाने के पश्चात बचे हुए चाकू के लोहा वाला भाग को बरामद किया गया। साथ ही घटना के समय ही पहना हुआ जूता को भी जला दिया गया था, जिसका अवशेष भी कन्दाखाड़ कोयल नदी शमशान घाट के बगल से बरामद किया गया है। इसके अलावे दोनों अभियुक्तों द्वारा घटना में प्रयोग में लाये जा रहे मोबाईल को भी जप्त किया गया है।

बीस सूत्री अध्यक्ष ने किया कंबल वितरण

इचाक (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के तिन वर्ष होने और ठंडा को देखते हुए जरूरतमंदो के बीच कंबल का वितरण किया गया। वितरण पुर्व प्रमुख सारीत देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य दिगम्बर कुमार मेहता, रामफल मेहता, बाबन राम के द्वारा कंबल वितरण किया गया। 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जो कहते हैं वह करते हैं। जितने भी चुनावी वादा किया लगभग 80 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। बचे हुए कार्य को 2 साल के अंदर करेंगे। 1932 खतियान, ओबीसी को 27 % आरक्षण, अनुसूचित जाति को 12 परसेंट आरक्षण, पारा शिक्षक की समस्या पूर्ण होना, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका के मानदेय में वृद्धि, पेंशन देना आदि। दिगम्बर कुमार मेहता ने कहा कि सुखाड़ राहत योजना के तहत सभी किसानों के खाते में 3500 सौ रूपए दिया गया, जिससे किसानों में खुशी की लहर है।

कपरदार ग्रुप्स का वार्षिक सम्मेलन सह वनभोज का आयोजन

इचाक (आजाद सिपाही)। प्रखंड के मनोरम स्थल सलफरनी में कपरदार ग्रुप्स का वार्षिक सम्मेलन सह वनभोज का आयोजन शनिवार को किया गया। इस दौरान स्थल का भ्रमण कर पिकनिक का लुफ्त उठाया गया। पिकनिक ने पर्यावरण का संरक्षण के महत्व पर विचार रखा गया। साथ ही महिलाओं ने स्वच्छ समाज के निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर बल देते हुए सकारात्मक चर्चा किया गया। बताया गया कि घर से लेकर समाज तक के निर्माण में महिलाओं की अग्रणी भूमिका होती है। जिसके सही सोच से ही शिक्षित समाज का निर्माण किया जा सकता है। महिलाओं के पीछे पुरुष वर्ग का सहयोग किसी भी पहल को सार्थक बनाने में मददगार साबित होता है। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक और संगीत कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मौके पर अभिषेक कुमार, शुभम कपरदार, अविनाश कुमार, अजय शर्मा, संजय कपरदार, सुनील कपरदार, नरेश कपरदार, विनोद कपरदार, अमर वर्मा, अवधेश कुमार, शनि कुमार, निरंजन वर्मा, मोनू, सोनू, दीपु, गोलू, नीतीश, रीता देवी, गीता देवी, उषा देवी, पार्वती देवी, निधि कुमारी, पद्मीनी कुमारी, रूबी देवी, नीलम देवी, जूही कुमारी, अनीता देवी, कुमुद कुमारी समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

हथियार के साथ दो संदिग्ध पुलिस के हत्थे चढ़े

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जन्मदिन मनाने के दौरान हथियार का प्रदर्शन करते वीडिओ सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। गुप्त सूचना पर हुई छापेमारी में दो युवको को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 6 राउंड का एक देसी कट्टा व पॉइंट 38 का दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ। घटना बीती रात की बताई गई। तिलैया थाना में शुक्रवार की शाम पत्रकार वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए सहायक पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर ने बताया कि एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अवर निरीक्षक लव कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा तिलैया थाना क्षेत्र रामनगर स्थित एक कर्केट के मकान में छापेमारी कर दो संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान संदिग्ध युवकों के पास से एक 6 राउंड का एक देसी कट्टा 2 पॉइंट 3 8 का जिंदा कारतूस व दो मोबाइल बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि कड़ाई से पूछताछ के बाद आरोपियों ने बताया कि बीती रात वे अपने एक मित्र अमित यादव के जन्मदिन मनाने कला मंदिर के निकट फूड सिटी पहुंचे थे। पार्टी में करीब उसके एक दर्जन दोस्त भी शामिल थे। सहायक पुलिस अधीक्षक श्री पुष्कर ने बताया कि वायरल वीडियो में पार्टी में शामिल अन्य युवकों की भी पहचान की जा रही है। पहचान होने के बाद जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

जंगल से लकड़ी का बोटा हुआ बरामद

टाटीझरिया/हजारीबाग (आजाद सिपाही)। बेरहो बिट अंतर्गत 17 माइल के जंगल से सिवाने नदी के किनारे थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार,प्रभारी वनपाल संजीत रविदास ने छापामारी कर शीशम एवम साल के बोटा जब्त किया। उन्होंने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि 17 माइल के नाजदीक सिवाने नदी के किनारे कुछ शीशम और साल के बोटा पड़ा हुआ है। उन्होंने इसे संयुक्त छापेमारी मे जब्त किया और किसने ऐसा किया उसका नाम पता किया जा रहा है। इसमे संलिप्त अभियुक्तो का पता चलते ही इन पर वन अधिनियम के विभिन्न धाराओ के तहत मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी करवाई की जायेगी। जिससे इस तरह के अपराध पर अंकुश लगाया जा सके। जप्त वन पदार्थ को वन परिसर कार्यालय बेरहो मे रखा गया है।

स्कूली बच्चों ने हजारीबाग का किया शैक्षणिक भ्रमण आजाद सिपाही के प्रधान संपादक से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। टाटी झरिया प्रखंड क्षेत्र के झरपो स्थित शिशु विकास स्कुल के विद्यार्थियो ने हजारीबाग के निर्मल महतो पार्क, कैफेटेरिया झील, समाहरणालय समेत अन्य स्थानों का शैक्षणिक भ्रमण किया। साथ ही स्कूली बच्चो ने सर्किट हाउस में आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह से भी मुलाकात की। इस दौरान प्रधान संपादक ने बच्चो का उत्साह बढ़ाया। शिशु विकास स्कूल के व्यवस्थापक ज्योतिष पंडा के नेतृत्व में बच्चों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान बच्चों ने कई जानकारी हासिल की। बच्चे वहां के झील, व पार्क,परिसदन हजारीबाग को देखकर प्रफुल्लित हुए। वही प्रधान संपादक ने सभी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की कामना किया और बताया कि भ्रमण सह पिकनिक प्रोग्राम बच्चों के बायोलॉजिकल जानकारी को बढ़ाने में काफी सहयोग करेगा। भ्रमण में स्कुल के प्रधानाध्यापक सत्यानंद पाण्डेय, शिक्षक प्रमोद पाण्डेय, सुरेश मिश्रा, मुस्कान कुमारी, दीपा कुमारी, विद्यार्थी अनुराधा सुमन, पारुल कुमारी, आकृति कुमारी, अनीश कुमारी, अमीषा कुमारी, आयुसी कुमारी, सोनपरी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, रिया, सोनी, रौनक पन्डा, कृष्णा कुमार, अमन कुमार, अंकित पांडेय, अमित कुमार सिंह, आयुष कुमार, अनुराग कुमार समेत अन्य शामिल हुए।

डोमचांच और चंदवारा में कांग्रेस की बैठक

डोमचांच (आजाद सिपाही)। प्रखंड कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के आवास पर नव नियुक्त जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान की उपस्थिति में डोमचांच प्रखंड कांग्रेस कमेटी के विस्तार एवं सदस्यता हेतु बैठक प्रखंड अध्यक्ष अनंत कुमार मेहता के अध्यक्षता में हुई। इसमें डोमचांच प्रखंड एवं कांग्रेस के प्रदीप सिंह, रामलखन पासवान, दीनदयाल प्रसाद, बालगोविंद पांडे, सुषमा पांडे, अर्जुन साव, महाप्रसाद गोस्वामी, केदारनाथ मेहता, लाल मोहन मेहता, पप्पू शर्मा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष फयाज केसर, राजु सिंह आदि की उपस्थिति रही। वहीं चंदवारा कांग्रेस प्रखंड कमिटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद कुमार बरनवाल की अध्यक्षता में किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान के अलावा वरुण यादव, राजकुमार यादव, बिनोद यादव, जागेश्वर यादव, महेंद्र पाण्डेय, खुबलाल यादव, रामबिलास पासवान, कैलाश महतो, भोला पंडित, उमेश पासवान, रामलखन यादव, रामलखन पासवान, गोबिंद यादव, फ्याजकेशर, राजू सिंह,बजयनारायण रजक, दिनेश यादव, तिरलोकी यादव उपस्थित थे।

शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ भाषा संस्कृति को बरकरार रखना मुख्य उद्देश्य : आनंद सोरेन

चरही । चुरचू प्रखंड के चुरचू पंचायत अंतर्गत ग्राम बोदरा टोला बागजोबरा में सोहराय तैयारी कमेटी के सदस्यों की बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता ऑल संताल स्टूडेंट यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष मनोज टुडू व संचालन केंद्रीय प्रवक्ता आनंद सोरेन व चुरचू पूर्व उपमुखिया सहदेव किस्कु ने किया। बैठक में अगामी 22 जनवरी को हजारीबाग बस स्टैंड के समीप सरहुल मैदान में सोहराय महापर्व को धूम धाम से मनाने को लेकर चर्चा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से सहदेव किस्कु को ऑल संताल स्टूडेंट यूनियन का प्रखण्ड प्रभारी बनाया गया। बैठक में विभिन्न गांवों के लोगो को अलग अलग जिम्मेवारी दी गयी। चार जिला के विभिन्न गांवों के मांझी हाड़ाम होगे शामिल :- अगामी 22 जनवरी को होने वाले सोहराय महापर्व में सैकड़ो सोहराय

नृत्य मंडली कार्यक्रम में शामिल होकर अपना अपना प्रतिभा प्रस्तुत करेंगे। वंही हजारीबाग, रामगढ़, गिरिडीह व बोकारो जिले के विभिन्न संताल गांवों के मांझी हाड़ाम, जोगवा, परानीक व जनप्रतिनिधि, समाजसेवी शामिल होंगे व सोहराय तैयारी कमेटी के द्वारा सभी मांझी हाड़ाम, जोगवा, परानीक, जनप्रतिनीधि व समाजसेवियों को सम्मानित किया जाएगा। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष मनोज टुडु ने कहा कि सोहराय पर्व संताल समाज का सबसे बड़ा पर्व है हमारा उद्देश्य वर्तमान समय मे संताल आदिवासियों की लुप्त हो रही भाषा संस्कृति को बरकरार रखना है उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को हजारीबाग में होने वाली सोहराय मिलन समारोह संताल समाज लिए ऐतिहासिक होगा। इस मौके पर ऑल संताल स्टूडेंट यूनियन के केंद्रीय प्रवक्ता आनंद सोरेन, जिला अध्यक्ष विकास टुडु, चुरचू पूर्व उपमुखिया सहदेव किस्कु, जाहेर संस्था के निर्देशक लाजरुष सोरेन, लालजी मांझी, चुनुलाल हांसदा, राकेश सोरेन, सोहन हांसदा, निखिल किस्कु, प्रदीप किस्कु, संतोष टुडु, सुषमा मुर्मू, रमेश टुडु, अजय हेम्ब्रोम, सामेल किस्कु, दीपक मुर्मू, सुनील किस्कु, प्रदीप किस्कु, नरेश किस्कु, तालो किस्कु, सुरेश हांसदा, सहदेव किस्कु, संतोष बास्के, लालजी मांझी सहित ग्रामीण लोग उपस्थित थे

पीएम की मां के निधन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जताया शोक

केरेडारी(आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माँ हिरा बा का निधन 100 वर्ष की अवस्था में शुक्रवार को अहले सुबह हो गयो इन्होंने अहमदाबाद के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली इनके निधन पर प्रखण्ड भाजपा इकाई के कार्यकताओं में शोक की लहर फैल गयी। प्रखण्ड के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी की माँ के निधन पर गहरा शोक जताया व दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कियो शोक प्रकट करने वालों में सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार, प्रखण्ड अध्यक्ष कर्मचारी साव, बैजनाथ तिवारी, बद्रीनारायण सिंह,उपेन्द्र सिंह, जयराम साव, अमित प्रसाद गुप्ता, दिनेश कुमार मिश्र, रंजीत तिवारी, श्याम ओझा, बासुदेव पासवान, बालगोविन्द सोनी, उदयलाल गुप्ता, प्रीतम साव, जगदीश सिंह,शंकर साहा सहित दर्जनों कार्यकताओं के नाम शामिल है ।

पारसनाथ सम्मेद शिखर को लेकर जैन समाज ने केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंपा

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। जैन समाज के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें झारखंड के पारसनाथ सम्मेद शिखर पर्वत की उत्पन्न समस्या के समाधान की बात कही गयी। जैन समाज के मंत्री ललित सेठी, समाजसेवी सुरेश झाझंरी, पूर्व अध्यक्ष सुशील छाबड़ा, निवर्तमान पार्षद पिंकी जैन ने संयुक्त रूप से यह ज्ञापन पत्र केंद्रीय मंत्री को दिया। मौके पर सुरेश झाझंरी ने कहा कि झारखंड पारसनाथ का सम्मेद शिखर पर्वत जैन धर्म का सर्वोच्च तीर्थ स्थल है। पूरे भारतवर्ष के करोड़ों जैन धर्मावलंबियों की आस्था और भावना इससे जुड़ी हुई है इसलिए सरकार इस क्षेत्र को पर्यटन क्षेत्र घोषित नहीं कर के पवित्र जैन अहिंसक तीर्थ क्षेत्र घोषित करे।

सेक्रेड हार्ट स्कूल में बच्चों को आग से सुरक्षा की जानकारी दी

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। जिला अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने सेक्रेड हार्ट स्कूल में बच्चों को जागरूक करते हुए आग से सुरक्षा की जानकारी दी। इस मौके पर अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी शैलेंद्र किशोर अपने सहयोगियों के साथ दमकल लेकर स्कूल मैदान में पहुंचे। उन्होंने क्लास वाइज बारी-बारी से बच्चों को बुलाकर दमकल के ऑपरेटिंग सिस्टम को समझाया। उन्होंने बताया कि आग पर काबू पाने के अलग-अलग तरीके हैं। अगर अस्पताल में, अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर में, किसी हाल में, बड़े मॉल में, या घर में, फैक्ट्री में आग लगती है तो अलग-अलग तरीके से उस पर काबू पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को इस बात की जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा की बच्चों को जागरूक करने के लिए हमारी टीम यहां आई है। मौके पर विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा, अग्नि शमन विभाग के विमान चंद माजी, गोपी कुमार, हेमंत कुमार, कोर्डिनेटर आशुतोष गौतम के अलावा सैकड़ों की संख्या में बच्चे मौजूद थे।

आयुष्मान आपके द्वार को लेकर सहिया ने निकाली रैली

कोडरमा (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को सहिया ने आयुष्मान आपके द्वार के तहत सदर अस्पताल कोडरमा से हनुमान मंदिर कोडरमा चौक तक रैली निकाली गई। सिविल सर्जन और उपाधीक्षक सदर अस्पताल कोडरमा ने हरी झंडी दिखा कर रैली की शुरूआत की। रैली का मुख्य उद्देश्य आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना को घर-घर पहुंचाना है। आयुष्मान आपके द्वार के अंतर्गत सहिया हर एक गरीब व्यक्ति जिनके पास गुलाबी पीला एवं हरा राशन कार्ड है, उनके घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाएगी। रैली के माध्यम से लोगों को बताया गया कि आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत गुलाबी, पीला एवं हरा कार्ड राशन कार्डधारी को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज किसी भी सरकारी या सूचीबद्ध अस्पतालों में जाकर करवा सकते हैं। योजना के अंतर्गत इलाज, जांच, दवाइयां एवं भोजन बिल्कुल मुफ्त मिलती है। सदर अस्पताल कोडरमा में मरीजों को उपायुक्त द्वारा आयुष्मान किट दिया जाता है, जो कि राज्य में पहला एक जिला है।

आईसेक्ट विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

शैक्षणिक भ्रमण के दौरान ये रहे मौजूद

शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, माधवी मेहता, डॉ रूद्र नारायण, डॉ अरविंद कुमार, रोहित कुमार, डॉ रोजीकांत, डॉ सीता राम शर्मा, डॉ श्वेता सिंह, एसएनके उपाध्याय, नेहा सिन्हा, रितेश कुमार, चंदा प्रसाद, डॉ सत्य प्रकाश, डॉ दिवाकर प्रसाद निराला, डॉ पूनम चंद्रा, डॉ शैलेन्द्र शर्मा, डॉ कविता सिन्हा, उदय रंजन, संजय कुमार दांगी, विनित कुमार, प्रीति वर्मा, प्रीति व्यास, सुरेश महतो, बबीता कुमारी, अजय वर्णवाल, रवि रंजन, एकता कुमारी, खुशबू कुमारी, कुमारी काजल सोनी, मनीष कुमार, मनीषा कुमारी, मुकेश साव, नीतू कुमारी, पंकज प्रज्ञा, प्रिया कुमारी, पूजा सिंह, राहुल राजवार, रविकांत, ऋचा, सबिता कुमारी, श्रेयामणि, तारा प्रसाद, उमा कुमारी, शीत गंगा, सौरभ सरकार, रंजू कुमारी, सौरभ कुमार, शालू सिन्हा, चांदनी कुमारी, राखी राणा, ज्योति कुमारी, निशा कुमारी, बबीता रॉय, चंदन कुमार, राज शर्मा, अनिल राणा, अमित कुमार, राजेश कुमार, राजीव रंजन, धीरज कुमार सोनी, अनवारुल होदा, जयंत कुमार, रानी भट्टाचार्य, मीना राणा, अराधना कुमारी, कुमारी नेहा, रंजीत यादव, अनुकंपा गुप्ता, विन्नी प्रिस्का टोप्नो, पूर्णिमा कुमारी समेत विश्वविद्यालय के कई प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं व कर्मियों के साथ साथ अमित, विशाल, सुरज सिंह, कौशल झा, रहमत, संतोष, गौतम, अरविंद, निधि, शिवांगी, जयप्रकाश, वारिस समेत सैंकड़ों विद्यार्थी मौजूद थे।

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। शैक्षणिक भ्रमण के तहत आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के विद्यार्थियों ने कोनार डैम का भ्रमण किया। कोनार बांध कोनार नदी पर बना हुआ है और दामोदर घाटी निगम द्वारा बनाया गया यह दूसरा बांध है। यह दामोदर घाटी की चार बहुद्देशीय परियोजनाओं में से एक है। आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद समेत विश्वविद्यालय के कई प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं व कर्मियों तथा सैंकड़ों विद्यार्थी इस भ्रमण में शामिल रहे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने बताया कि समय समय पर विद्यार्थियों को आसपास के क्षेत्रों में के खास जगहों का भ्रमण कराया जाता है ताकि आसपास के क्षेत्रों में मौजूद प्रकृति की सुंदरता और खासियतों से विद्यार्थी भी अवगत हो सकें। उन्होंने बताया कि कोनार डैम अब पिकनिक स्पॉट के साथ साथ प्रकृति की सुंदरता देखते ही बनती है। कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि विश्वविद्यालय, लगातार विद्यार्थियों के समावेशी विकास के मद्देनजर शिक्षण कार्य के साथ साथ खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियां, सेमिनार, शैक्षणिक भ्रमण समेत अन्य गतिविधियां विद्यार्थियों के लिए कराती रहती है। कोनार डैम का भ्रमण कर विद्यार्थियों ने कहा कि यहां आकर दामोदर घाटी के निगम के परियोजनाओं के बारे में जानने को मिला। साथ ही प्रकृति की खूबसूरती से भी वाकिफ हुआ। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान रितेश कुमार, उदय रंजन, रोहित कुमार व पूजा कुमारी का अहम योगदान रहा।

ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का प्रखंड स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार द्वारा जन योजना अभियान 2022-23 की योजना सबकी विकास को सफल बनाने के लिए बड़कागांव प्रखंड परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडेय के नेतृत्व में ग्राम पंचायत सहज कर्ता दल का प्रखंड स्तरीय गैर आवासीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुभारंभ किया गया था। उक्त प्रशिक्षण में प्रखंड के सभी 23 पंचायत से ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का 8-8 सदस्य भाग लिया थे। यह प्रशिक्षण शिविर 28 से 30 दिसंबर तक चला। उक्त दल में एक पंचायत में 2 वार्ड सदस्य, 2 जीपीडीपी सदस्य एक मनरेगा मेट, एक जलसहिया, एक स्वास्थ्य सहिया एवं एक रोजगार सेवक अथवा पंचायत सेवक को शामिल थे। तीन दिवसीय प्रशिक्षण देने में जिला प्रशिक्षण प्रतिमा कुमारी, प्रखंड कोऑर्डिनेटर आशीष कुमार, जेएसएलपीएस बीपीएम राम प्रकाश कुमार का मुख्य भूमिका रहा।

शिविर में चुने गये बच्चों को तीरंदाजी का प्रशिक्षण दिलाएगा एनटीपीसी

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजनाओं के तहत 15 दिवसीय शीतकालीन तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर का समापन सफलतापूर्वक हुआ। इस मौके पर परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव एवं जिला तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष आलोक कुमार ने प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र, मेडल एवं पुरस्कार से सम्मानित किया। सीजीएम शिवम श्रीवास्तव ने बच्चों से अपील करते हुए कहा कि आप कड़ी मेहनत और परिश्रम करें तभी आप सफलता की सीढ़ियों को चढ़ पाएंगे। उन्होंने बच्चों को पुनः याद दिलाया कि आपको जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर से होकर ओलंपिक तक जाना है। प्रशिक्षण शिविर के दौरान आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में सुहानी कुमारी ने प्रथम स्थान, ज्योति रानी एवं गायत्री कुमारी ने द्वितीय स्थान, रंजना और अनंत ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसी तरह तीरंदाजी प्रतियोगिता में लड़कियों की श्रेणी में सुहानी, गायत्री और सुनीता कुमारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान वही लड़कों की कैटेगरी में गोविंद कुमार, बादल कुमार एवं राम चरण रजक पहले दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहे। आपको बता दें कि एनटीपीसी ने 14 से 28 दिसंबर तक तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया था। इस प्रशिक्षण शिविर में प्रारंभिक प्रशिक्षण के बाद 12 बच्चों को आगे भी प्रशिक्षण के लिए चुना गया है। बच्चों को आगे भी प्रशिक्षित कोच के माध्यम से ट्रेनिंग दिलाई जाएगी। इस खुशनुमा माहौल में इन बच्चों के चेहरों पर एक नई उमंग और उत्साह बखूबी देखी जा सकती थी। आशा है ये बच्चे आगे चलकर अपने मां-बाप और देश का नाम रोशन करेंगे।

छापेमारी के दौरान ट्रैक्टर, ड्रिल मशीन व अन्य उपकरण हुआ जब्त

पदमा (आजाद सिपाही)। पदमा प्रखंड में अंचलाधिकारी मोजाहिद अंसारी व थाना प्रभारी शिव दयाल सिंह के संयुक्त कार्रवाई में मौजा नावाडीह कला में पत्थर खदान में पत्थर ब्लास्टिंग के लिए ड्रिलिंग करते हुए ट्रैक्टर, संचालित ड्रिलिंग मशीन एवं अन्य उपकरणों के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार किया गया तथा एक व्यक्ति फरार हो गया। दोनई कला के समीप एक ट्रक जप्त किया गया जिस पर स्टोन चिप्स और डस्ट का मिक्सर रोड निर्माण हेतु परिवहन किया जा रहा था। यह कागजात के बिना परिवहन किए जाने के कारण फाइन हेतु जिला खनन पदाधिकारी हजारीबाग को सूचित किया गया व अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

डायन बिसाही के आरोप में एक व्यक्ति की हत्या, पांच लोग भेजे गये जेल

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के अरजरी में डायन बिसाही के आरोप में एक व्यक्ति की पीट पीट कर हत्या की गई।जिसमे पांच लोग जेल भेजे गए।इस सम्बंध में मृतक की पत्नी सोनिया देवी पति स्व सीता राम टुडू सा अरजरी थाना विष्णुगढ़ ने पुलिस को दिए बयान में कहा गया है कि अरजरी के सोहरा हेम्ब्रम की पत्नी कुछ दिनों से बीमार थी इन्ही सब बातों को लेकर 29 ,12 को दिन के एक बजे सोहरा हेम्ब्रम,राजू हेम्ब्रम ,लालू हेम्ब्रम,तीनो ग्राम अरजरी वादिनी के घर आये ओर इनके पति मृतक सीताराम टुडू को अपने साथ यह कहकर ले गए कि आपसे कुछ जरूरी काम है।जिसके साथ वादिनी भी जाने लगी।उपरोक्त तीनो व्यक्ति सोहरा हेम्ब्रम के घर ले जाने लगे।जाते समय रास्ते मे ही सोहरा हेम्ब्रम वादिनी के पति सीताराम टुडू को लपड थप्पड़ करते हुए कहने लगे कि साला तुम डायन बिसाही का काम करते हो ओर तुम ही मेरी पत्नी को डायन बिसाही लगाकर मार डाला।जो घर में मृत पड़ी है।इसके बाद वे लोग घसीटते हुए उन्हें अपने घर ले गये।जहां पूर्व से सुनील हेम्ब्रम,बहादुर हेम्ब्रम दोनों ग्राम अरजरी मौजूद थे।उपरोक्त सभी लोग मिलकर पुनः सीताराम टुडू को फाइट मुक्का एवं पथ्थर से बुरी तरह से मार पीट कर बेहोश कर दिया।वादिनी के द्वारा अपने पति को बचाने का प्रयास किया गया इन्हें भी मारपीट कर दिया।सभी लोग सीताराम टुडू को मृत समझकर घर के बाहर फेंक दिया और सभी लोग सोहरा हेम्ब्रम की मृत पत्नी का दाह संस्कार करने चले गए।29,12 की सुबह 6 बजे सीताराम टुडू की मृत्यु हो गई।इस बावत विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या 262/2022 धारा 341,323,302/34 भादवी 3/4/6 डायन प्रथा प्रतिषेध अधि दर्ज कर उपरोक्त सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पतरातू में ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज एनबीसीएफडीसी के तहत नये बैच की हुई शुरूआत

पतरातू (आजाद सिपाही)। ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज पतरातू में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त और विकास निगम (एनबीसीएफडीसी) के तहत नए बैच की शुरूआत हुई। पतरातू के उच्चरिंगा में अवस्थित जेएसपी फाउंडेशन द्वारा संचालित ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज में एनबीसीएफडीसी तथा ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज के संयुक्त प्रयास से संचालित व्यवसायिक प्रशिक्षण इलेक्ट्रीशियन कोर्स के नए बैच का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। जिसमें 30 छात्र-छात्राओं ने इस रोजगार उन्मुख कोर्स में दाखिला लेकर अपने सुनहरे भविष्य की आधार रखा। नए बैच का शुभारंभ जिंदल स्टील पावर बलकुदरा के सीएसआर प्रमुख रवि निवास, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा पतरातू के उप प्रबंधक कमल किशोर, संस्थान के प्राचार्य अजय पांडेय द्वारा कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं के उपस्थिति में की गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रवि निवास ने कहा छात्र-छात्राएं संस्थान द्वारा कौशल विकास के जो अवसर दिए जा रहे हैं, मेहनत और लगन से प्रशिक्षण ले और अपना खुशहाल भविष्य बनावें। आपको गर्व होना चाहिए आपके क्षेत्र में ओपी कम्युनिटी कॉलेज जैसा एक विश्वस्तरीय संस्थान है। संस्थान के प्राचार्य अजय पांडेय ने बताया राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त और विकास निगम अपने महत्वकांक्षी योजना कौशल पहल परियोजना के माध्यम से रोजगार परियोजना के तहत ओपी जिंदल कमेटी कॉलेज पतरातू में विगत वर्षों से व्यवसायिक प्रशिक्षण देता आ रहा है। जिसमें क्षेत्र के बेरोजगार युवक-युवतियों को कौशल विकास दिया गया। पिछले कोर्स में 100 युवकों को सफलतापूर्वक इलेक्ट्रीशियन फिटर तथा वेल्डर में रोजगार उन्मुख कौशल प्रशिक्षण दिया गया। आज वे देश के प्रतिष्ठित कंपनियों में कार्य कर रहे हैं और अपने भविष्य को खुशहाल बना रहे हैं।

प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य में हो रही विलंब को लेकर प्रखंड के टीम ने किया निरीक्षण

गोला (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के मगनपुर तथा सोसो कलां पंचायत स्थित सोसो कलां गांव में शुक्रवार को प्रखंड के टीम ने गांव में बन रहे प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य में हो रहे विलंब को देखते हुए लाभूकों के घर पंहुचकर उन्हें फटकार लगाया उन्होने लाभुको को सख्त हिदायत देते हुए कहा की प्रधानमंत्री आवास निर्माण का कार्य जिनका भी अधूरा पड़ा है वह 7 जनवरी तक आवास निर्माण का कार्य पूरा कर ले अन्यथा उसके उपर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। टीम के द्वारा इलताफ, इजहार, मुंडारी देवी, समीरा खातून,लीला देवी के घर पहुंचकर उनके आवास निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।मौके पर प्रखंड कोर्डिनेटर अजय कुमार मेहता, पंचायत सेवक महादेव महतो, ईश्वर देहरी, स्वयंसेवक हसीब अंसारी आदि मौजूद थे।

दयानंद पब्लिक स्कूल में खेल प्रतियोगिता का समापन

टंडवा (आजाद सिपाही)। दयानंद पब्लिक स्कूल गाड़ीलौंग टंडवा में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया।इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुखिया शबीदा खातून,बीस सुत्री अध्यक्ष सह मध्य जिला परिषद सुभाष यादव, बीजेपी प्रखण्ड प्रवक्ता महेंद्र यादव शामिल हुये। प्रतियोगिता में 13 प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। इसमें जलेबी रेस, बैलून रेस, 50 मीटर दौड़, सेक रेस, फ्रॉक रेस, मार्बल एंड स्पून रेस,कॉक फाइट स्लो, साइकिल रेस, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, क्रिकेट, इत्यादि खेल शामिल थे। अतिथियों ने बच्चों के बीच विजेता छात्रो को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन किया गया। वही विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रजनी कुमारी व निदेशक पवन कुमार चौरसिया ने बताया की प्रत्येक वर्ष इससे भी बेहतर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन भविष्य में किया जाता रहेगा। वही जनवरी माह में विद्यालय के बच्चों द्वारा विज्ञानं एवं कला का परीक्षा लिया जायेगा बताया गया। इस मौके पर विधालय के परिवार शिक्षक शिक्षिका एव अभिभावक,स्कूली छात्र छात्रा उपस्तिथ थे।

गाड़ीलौंग मुखिया सबिदा खातुन ने किया पोशाक वितरण

टंडवा (आजाद सिपाही)। गाड़ीलौंग पंचायत क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रो के पोषित गाँव में सरकार द्वारा प्रदत नन्हे मुन्हें बच्चों को जोड़ा पोशाक वितरण स्थानीय मुखिया सबिदा खातुन ने अपने हाथो से वितरण किया।इस मौके पर पंसस रुकैया खातुन, रीना देवी,सहायिका सावित्री देवी,वार्ड सदस्य दिलीप राम मोदी, मोबिन अंसारी,यशोदा देवी, मुखिया प्रतिनिधि मोइन अंसारी,मासूम रजा समेत अभिभावक समेत कई उपस्तिथ थे।

खतियानी रैयत परिवार के प्रतिनिधियों ने उरीमारी पीओ से की मुलाकात

उरीमारी (आजाद सिपाही)। खतियानी रैयत परिवार उरीमारी के संरक्षक दसई मांझी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को उरीमारी परियोजना के नये पीओ दिलीप कुमार से मुलाकात की। जिसके बाद परियोजना पदाधिकारी ने खतियानी रैयत परिवार के विस्थापितों से परिचय प्राप्त किया। तत्पश्चात नये पीओ को रैयत परिवार के द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। वहीं नये पीओ ने खतियानी रैयत परिवार के समक्ष परियोजना हित में सहयोग करने की बात रखी। जिसमें खतियानी रैयत परिवार ने हर संभव सहयोग देने की उम्मीद जताई। वहीं खतियानी रैयत परिवार के संरक्षक दसई मांझी ने बताया कि नये पीओ बहुत ही अनुभवी और मृदुभाषी अधिकारी हैं। हमें उम्मीद है कि विस्थापितों के समस्याओं का यथाशीघ्र समाधान करेंगे। विस्थापित पहचान पत्र निर्गत करने हेतु परियोजना पदाधिकारी को अवगत कराया गया है।जिसे जल्द से जल्द निर्गत करने का आश्वासन दिया गया। मौके पर संरक्षक दसई मांझी, अध्यक्ष शनिचर मांझी, सचिव कार्तिक मांझी, उपाध्यक्ष दिनेश करमाली, सुखू मांझी, रैना मांझी, खेपन मांझी, सुरेश मुर्मू, कृष्णा सोरेन, महादेव सोरेन, भवानी शंकर प्रसाद, संतोष प्रजापति, शिकारी टुडू, मनोज सिंह,सुबितराम किस्कू, दिनेश टुडू, जितेंद्र यादव, बिनोद सोरेन, धानो मरांडी, राजा हेंब्रम, राजू टुडू, चोपेलाल मांझी, मनोज टुडू, अमित सोरेन, अनिल मुर्मू, राजेश कुमार आदि मौजूद थे।

टर्मिनल की मांग को ले गोलबंद हुए ग्रामीण परियोजना निदेशक को सौंपा ज्ञापन

चतरा (आजाद सिपाही)। सदर प्रखंड के भोज्या गांव में टर्मिनल बनाने की मांग को लेकर शुक्रवार को लेम, दरियातु व डमडोईया पंचायत के ग्रामीणों ने भारतमाला के परियोजना निदेशक व जिला भूअर्जन पदाधिकारी को आवेदन सौपा। आवेदन में लिखा है कि भारतमाला सड़क परियोजना में सदर प्रखंड के भोज्या, लेम, पचमहला, सतोर, सिंहपुर, कनौदी, लुपुंगा गोडरा, डहुरी, खरीक, लोवगड़ा, दरियातु घनी आबादी का गांव है। यह सभी गांव के सबसे नजदीकी टर्मिनल जो डाढ़ा में बनाया जा रहा है। जीसकी लगभग दूरी 30 किलोमीटर है। दर्जनों गांव के ग्रामीणों की मांग है कि सदर प्रखंड के भोज्या गांव में टर्मिनल बनाया जाय। क्योंकि सबसे ज्यादा रैयती जमीन इस परियोजना में इन्हीं सभी गांव से जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा है कि मांग पर कोई उचित कार्रवाई नहीं होती है तो सभी ग्रामवासी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। आवेदन सौपने वालो में अलख सिंह, राजेश सिंह, मंजीत प्रधान, रितेश सिंह, रंजय सिंह, राम सिंह, मनोज सिंह, डब्लू सिंह, जितेंद्र सिंह, संजीत सिंह, रंजीत सिंह आकाश सिंह, चुनु सिंह, नंदलाल सिंह, चुरामन साव, हिरामन साव, आशीष यादव, मुलेश्वर यादव सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

खेलेगा इंडिया, जीतेगा इंडिया विषय पर समारोह का आयोजन

शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद में भी भाग लेने की आवश्यकता : मो जावेद

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। शकुंतलम सर्विसेज के तत्वधान शुक्रवार को अनुमंडल कार्यालय के सभागार में खेलेगा इंडिया जीतेगा इंडिया विषय पर सम्मान समारोह सह कैलेंडर विमोचन का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ शकुंतलम सर्विसेज के निदेशक अवधेश कुमार ने मुख्य अतिथि एसडीओ मो जावेद हुसैन और कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड पदक विजेता सह जिला खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की को बुके देकर स्वागत किया। इसके उपरांत अतिथियों ने संयुक्त रूप से शकुंतलम सर्विसेज के द्वारा जारी की गई 2023 का कैलेंडर का विमोचन किया। इस दौरान जिले में स्पोर्ट्स एकेडमी संचालित कर खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए आशीष जॉन और अंकित सिंह को सम्मानित किया गया। मौके पर एसडीओ मोहम्मद जावेद हुसैन ने कहा कि कैलेंडर के माध्यम से बच्चों में खेल के प्रति जागरूकता आएगी वर्तमान परिवेश में बच्चे स्पोर्ट्स के क्षेत्र पर जोर दे रहे हैं जिससे उनका शरीर एवं मानसिक विकास बल रहा है। उन्होंने जिले के बच्चों को खेल कूद प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया। वही, जिला खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की ने कहा कि छोटे-छोटे आयोजनों से ही बड़े खिलाड़ी बनते हैं और वह देश को गौरव दिलाते हैं। इसलिए समाज के हर तबके को इससे जुड़ने की आवश्यकता है, तभी वे अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते हैं। समारोह का संचालन सतीश चंद गुप्ता ने किया।

ये थे उपस्थित

समारोह में बसंत हेतम सरिया, अरुण कुमार राय, डॉ सुधीर आर्या, प्रमोद कुमार उपाध्याय, संदीप कुमार, अभिषेक कुमार, सोनू अग्रवाल, विक्रांत विकास, प्रशांत, दीपक, संदीप, सीताराम, राहुल, सोनम, सुमन सहित कई लोग उपस्थित थे।

युवा जन क्रांति सेना का नलकारी डैम जीरो प्वांइट में वनभोज सह मिलन समारोह संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

भुरकुंडा। नलकारी डैम (जीरो प्वांइट) में शुक्रवार को युवा जन क्रांति सेना के तत्वावधान में वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता विकास कच्छप व संचालन सुलेंद्र उरांव ने किया। बैठक की शुरूआत एबी क्लासेस के संचालक बालदेव करमाली ने पुराने वर्ष 2022 की विदाई एवं आने वाले वर्ष 2023 की शुभाकामनाओं के साथ की। बैठक में कहा गया कि भविष्य में सेना को एक नया प्लेटफार्म दिया जायेगा। साथ ही देवरिया मुखिया सह संगठन के विकास कुमार नायक ने सेना के माध्यम से पिछले वर्ष किये गये कार्यों का व्योरा प्रस्तुत किया गया। कहा गया कि पिछले कोरोना काल में युवा जन क्रांति सेना ने लोगों ने राशन, पानी, कंबल, मास्क, सेनेटाइजर की व्यवस्था कर अपना सामाजिक दायित्व निभाया था जो आगे भी जारी रहेगा। कहा गया पूर्व में गरीब-असहाय परिवार को शादी-व्याह व दाह संस्कार के लिए सेना द्वारा सहायत राशि व खाद्य सामग्री उपलब्ध कराया गया था जो काफी सराहनीय कार्य है। समारोह में संगठन का मजबुती, समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने, एकजुटता, शिक्षा, सदस्यता अभियान चलाने और अधिक से अधिक लोगों को सेना में जोड़ने की बात कही गई। बैठक के बाद सामुहिक भोज का आयोजन हुआ। जिसमें उपस्थित लोगों ने एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। मौके पर विकास कच्छप, बालदेव करमाली, आनंद कुमार, विकास कुमार नायक, अमर साव, विष्णु करमाली, राहुल, मोहन ठाकुर, हरिलाल महली, शशिकांत महतो, तापेश्वर महतो (पाहन), अर्जुन गंझू, विजय गंझू, सनिका मुंडा, दिनेश मुंडा, भुनेश्वर उरांव, दीपक कुमार महली, सुरेंद्र उरांव, संजय कुमार मुंडा, राकेश मुंडा, विकास मुंडा, दयाशंकर यादव, विक्की नायक, संजय नायक, पवन यादव, संदीप सिंह, भोलू कुमार बेदिया, शशि तुरी, विक्की कच्छप, विपिन उरांव सहित सेना के दर्जनों लोग मौजूद थें।

सांकुल में रविदास समिति की बैठक

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड के सांकुल गांव स्थित वाल्मिकी नगर में शुक्रवार को रविदास समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता महेश राम व संचालन संजोत दास ने की। बैठक में 5 फरवरी को संत रविदास जयंति को धुमधाम से मनाने, सामाजिक कुरितीयों यथा नशाखोरी, जुआ आदि पर अंकुश लगाने, एवं सामाजिक एकजुटता बनाए रखने का निर्णय लिया गया। मौक पर गोकुल राम, सुनील राम, रामकिशुन राम, महेश राम, मोती राम, संजोत दास, अजय कुमार वि, लक्ष्मी राम, झुबर राम, गणेश्वर राम, भगीरथ राम, रामकुमार राम, जलेश्वर राम, आकाश कुमार, बिरजु राम, कैलाश राम, सीमा देवी, यशोदा देवी, आशा देवी, गीता देवी, मालती देवी, किरण देवी, पार्वती देवी कमला देवी, प्रमिला देवी सहित दर्जनों अन्य ग्रामीण शामिल थे।

8 दिनों से बंद पड़े तोपा लोकल रोड सेल को खुलवाने को लेकर हुई वार्ता विफल

आजाद सिपाही संवाददाता

कुजू। सेल संचालन समिति व रैयत विस्थापित/ प्रभावित मजदूर मोर्चा के आपसी विवाद के कारण गत 8 दिनों से बंद पड़े लोकल रोड सेल को खुलवाने व मजदूरों द्वारा स्वंय मजदूरी राशि वसूली करने की मांग के मामले गुरुवार की देर संध्या सीसीएल जीएम कार्यालय, कुजू के सभागार में वार्ता हुई। आयोजित वार्ता की अध्यक्षता जीएम चंद्रशेखर तिवारी ने की। बैठक के दौरान प्रबंधन, विभिन्न राजनीतिक दल के नेता, कुजू पुलिस, सेल संचालन समिति- निगरानी समिति के अलावे रैयत विस्थापित/ प्रभावित मजदूर मोर्चा के लोग शामिल हुए। बैठक में जीएम सीएस तिवारी ने 8 दिनों से बंद पड़े लोकल रोड सेल खोलने को लेकर सेल संचालन समिति - रैयत विस्थापित/ प्रभावित मजदूर मोर्चा के सदस्यों से अनुरोध किया। जिस पर रैविप्रममो के अध्यक्ष किशोर करमाली के निर्देश पर सदस्य मो इस्लाम ने मजदूरों को मिलने वाली राशि को स्वयं वसूली करने की बात कही। जिस पर सेल संचालन समिति के अध्यक्ष धनेश्वर मांझी ने आपत्ति जताते हुए कहा कि ऐसा पहले कभी हुआ नहीं है और न होगा। जिसके बाद माहौल बिगड़ गया। वही, मौजूद मजदूर नेता कुमार महेश सिंह ने जारी गतिरोध को समाप्त करने के लिए दोनों पक्षों को काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया गया। लेकिन वे सफल नहीं रहे। घंटों देर चली वार्ता में प्रबंधन और मौजूद नेताओं ने भी मोर्चा के सदस्यों से सेल को खुलवाने में सहयोग करने और 15 दिनों के बाद स्वंय मजदूरी राशि वसूली मामले में पारदर्शिता के साथ बैठक कराने की बात कही। जिसके बाद वार्ता विफल हो गया। वार्ता में कुजू ओपी प्रभारी धनजंय प्रसाद, प्रबंधन की ओर से पीओ मनीष कुमार, क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभारी संजय कुमार सिंह, सर्वदलीय नेता कुमार महेश सिंह, झामुमो नेता राजकुमार महतो, राजद नेता मो गुलजार, सेल संचालन समिति-निगरानी समिति की ओर से ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, काशीम मियां, राजेश्वर गंझू, राम भजन लाल महतो, रंजीत सिंह, असगर अली, यूनुस परवेज, जलेश करमाली और मोर्चा की ओर से अध्यक्ष किशोर करमाली, मो इस्लाम, उमेश दास, ललित राम, अरशद अंसारी, भागवत करमाली, जयवीर हांसदा, शमशेर आलम, अशरफ जिया, यासीन मियां, अशोक गुप्ता शामिल रहे।

चतरा में भी बजेगी ट्रैफिक पुलिस की सीटी, चेकपोस्ट में तैनात जवान करेंगे यातायात व्यवस्था को सुदृढ़

शहरवासियों को जाम से मिलेगी निजात, पांच चेक पोस्ट का हुआ उद्घाटन

अजय चौरसिया

चतरा (आजाद सिपाही)। चतरा शहर में लगने वाले जाम की समस्याओं से शहरवासियों को निजात मिलने की कवायद शुरू हो गई है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चतरा में जर्जर ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर अलग-अलग महत्वपूर्ण स्थानों पर चेक पोस्ट स्थापित किया गया है। एसपी राकेश रंजन ने पहले चरण में शहर के दो स्थानों विकास भवन और केशरी चौक पर चेक पोस्ट का उदघाटन किया है। चतरा में पहली बार स्थापित हुए चेक पोस्ट पर तैनात ट्रैफिक जवान शहर में यातायात नियमों का सख्ती से अनुपालन कराने के साथ-साथ शहर में लगने वाले जाम की समस्याओं से लोगों को निजात दिलाने की दिशा में अहम भूमिका निभाएंगे। एसपी राकेश रंजन ने बताया कि शहर में चेक पोस्ट के स्थापित होने से न सिर्फ ट्रैफिक नियमों का अनुपालन हो सकेगा बल्कि नियमों के अनुपालन से बढ़ते क्राइम पर भी कंट्रोल बनाए रखने में पुलिस सफल हो सकेगी। उन्होंने बताया कि शहर के जतराहीबाग, पोस्ट ऑफिस और पेट्रोल पंप के अलावा विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर भी चेक पोस्ट स्थापित किए जाएंगे। इतना ही नहीं इन चेक पोस्टों पर प्रशिक्षित ट्रैफिक जवानों और हवलदाओं के साथ-साथ पदाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की जाएगी। जो 24 घंटे शहर में यातायात पर निगरानी रखने के साथ-साथ परिवहन का माखौल उड़ाने वाले असमाजिक तत्वों और उपद्रवियों पर भी कार्रवाई करेंगे। एसपी ने बताया कि चेक पोस्ट के माध्यम से शहर में सक्रिय बाइकर गैंग के विरुद्ध भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। चतरा में पहली बार ट्रैफिक पोस्ट खुलने से शहरवासियों ने भी राहत की सांस ली है। लोगों में भी अब ट्रैफिक समस्याओं से निजात मिलने की उम्मीद जगने लगी है। मौके पर एसडीपीओ अविनाश कुमार, डीटीओ संतोष कुमार सिंह, प्रभारी सदर थाना प्रभारी सुधीर चौधरी, पुलिस निरीक्षक मनोहर करमाली, एएसआई शशिकांत ठाकुर व सुनील कुमार समेत अधिकारी और जवान उपस्थित थे।

पुलिस ने रैक अनलोडिंग विवाद मामले में संजय मंडल को भेजा जेल

कुजू (आजाद सिपाही)। कुजू पुलिस ने कुजू रेलवे साइडिंग में रैक अनलोडिंग विवाद मामले मे एक आरोपी कुजू बस्ती निवासी संजय मंडल को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इस मामले में जानकारी देते हुए कुजू ओपी प्रभारी धनंजय प्रसाद ने बताया कि संजय मंडल को कुजू रेलवे साइडिंग से छापामारी अभियान के तहत गिरफ्तार किया गया है। मालूम हो कि गत दिन कुजू रेलवे साइडिंग में रैक अनलोडिंग को लेकर झामुमो रामगढ़ जिला अध्यक्ष विनोद किस्कू और कुजू निवासी विनोद कुमार उर्फ विनोद पहाड़ी के समर्थकों के बीच जमकर मारपीट और पथराव हुई थी। संजय मंडल विनोद कुमार उर्फ विनोद पहाड़ी के मैनेजर थे।

स्टोन डस्ट लदा हाइवा पलटी

कुजू (आजाद सिपाही)। ओपी क्षेत्र अंतर्गत अंबाटांड़, सांडी में स्टोन डस्ट लदा हाइवा असंतुलित होकर पलट गयी। घटना में चालक बाल-बाल बचा। जानकारी के अनुसार, स्टोन डस्ट लोड कर हाइवा संख्या जेएच02एवी-9179 पास हो रहे निर्माण कार्य में अनलोड करने जा रहा था। इसी बीच पीछे करने के क्रम में हाइवा पलट गया। बाद में हाइड्रा के सहारे हाइवा को उठाया गया।

नवभारत निर्माण संघ ने चीफ हाउस पंचायत में लगाया निःशुल्क नेत्र जांच शिविर

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। नवभारत निर्माण संघ द्वारा रिभर साईड स्थित बुध बजार चीफ हाउस पंचायत में शुक्रवार को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। इसका उद्घाटन स्थानीय मुखिया विकास पांडेय व पंचायत समिति सदस्य सुनील कुमार उर्फ (पिंटू) ने किया। शिविर में 72 लोगो ने नेत्र जांच कराया। जिसमें 16 लोग मोतियाबिन के मरीज पाये गये। जांच के बाद डॉक्टरों ने मरीजों को उचित परामर्श देते हुए कहा कि आंख शरीर का अभिन्न अंग है, इसकी देखभाल जरूरी है। मौके डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा नवभारत निर्माण संघ द्वारा लगाए गए नेत्र जांच शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों का स्वास्थ्य लाभ पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि शिविर में पाये गये मरीजों का ललिता नेत्रालय रामगढ़ में निःशुल्क ऑपरेशन होगा। साथ ही लेंस, दवाई, चसमा आदि भी फ्री में दी जायेगी। मुखिया विकास पांडेय ने कहा कि पंचायत का चहुंमुखी विकास के साथ पंचायतवासियों को स्वास्थ्य सुविधा दिलाया जायेगा। मौके पर डॉ. राजेंद्र प्रसाद, डॉ. आरके साहू, संजय साहू, अशोक करमाली, दाऊद महेश आदि मौजूद थें।

जिओ मार्ट में चोरी करने पहुंचे चोर, देसी कट्टा के साथ एक गिरफ्तार, 2 फरार

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़ थाना क्षेत्र के कोठार फोरलेन पर स्थित जिओ मार्ट में गुरुवार व शुक्रवार की मध्यरात्रि में हथियार के बल पर चोरी की घटना को अंजाम देने पहुंचे 3 चोर में से एक चोर पकड़ा गया। पकड़ा गया चोर गोलपारा निवासी गोलू कुरैशी पिता नासिर कुरैशी के पास से एक देसी कट्टा बरामद किया गया। जिसे पुलिस ने शुक्रवार को जेल भेज दी। जानकारी के अनुसार जिओ मार्ट में चोरी करने पहुंचे गोलू कुरेशी, सोनू मुंडा और सागर माली ने मार्ट से लगभग चोरी कर ही लिया था। इसी दौरान करकट के ऊपर से गुजरने के दौरान गोलू कुरैशी नीचे गिर गया। जिसे मार्ट में काम करने वालों ने धरदबोचा और पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने गोलू को अपने कब्जे में कर थाना ले आई। साथ ही फरार अन्य चोरों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी शुरू कर दी है। मामले में रामगढ़ थाना पुलिस ने कांड संख्या 329/22 धारा 361/379/411/34 भादवि एंड 25(1-बी)ए/35 आर्मी एक्ट अंकित करते हुए गिरफ्तार गोलू कुरैशी को जेल भेज दी।

रामगढ़ जिला छात्र युवा अधिकार मोर्चा ने भैरवी जलाशय मे वनभोज का लुफ्त उठाया

रजरप्पा (आजाद सिपाही)। दुलमी के भैरवी जलाशय मेंह्लछात्र युवा अधिकार मोर्चा (स्याम)ह्व रामगढ जिला भर के पदाधिकारी और सदस्य लोग पिकनिक मनाने भैरवी जलाशय मे जुटे एवं जलाशय क्षेत्र में लगभग 100 की संख्या में जिला भर के तमाम छात्र मोर्चा के लोग जूटे और डैम में स्नान ध्यान करने के पश्चात पिकनिक में खूब मौज मस्ती किए एवं डीजे साउंड पर खूब झूमे नाचे गाए । आने वाला नया वर्ष 2023 के लिए एक दूसरे को ढेर सारी शुभकामनाएं दिया एवं 2022 का विदाई समारोह भी किया गया इस मौके पर विभिन्न तरह के स्वादिष्ट व्यंजन का लुफ्त उठाया वही नौका विहार का भी लोग लुफ्त लिया और ह्वस्यामह्व संगठन के मुख्य लक्ष्यों-शिक्षा,रोजगार और सम्मान के प्रचार प्रसार और स्थापना के लिए सभी सदस्यों द्वारा विचार विमर्श किया गया! साथ ही नये वर्ष मे नये ऊर्जा के साथ जिला मे हो रहे सरकारी,गैरसरकारी कार्यो पर पैनी नजर रखने और जिले मे व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध जल्द ही आन्दोलन करने कि सहमति बनी । इसमे ह्वस्यामह्व के केन्द्रीय महासचिव प्रदीप महतो , संस्थापक सदस्य मुनिनाथ महतो, धनेश्वर महतो, हरीश प्रभाकर, रामगढ़ जिला अध्यक्ष शहबाज अनवर गोल्डी, जिला सचिव सह मांडु विधानसभा प्रभारी संतोष कुमार , जिला उपाध्यक्ष अशोक करमाली,रामगढ़ प्रखंड सचिव बादल महतो , दुलमी प्रखंड प्रवक्ता शिव बबलु महतो, गोला प्रखंड प्रभारी हेमन्त महतो मुख्य रुप से उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष गोल्डी ने बताया की स्याम ज़िले में जनहित के मुद्दों के समाधान के लिए अग्रणी भूमिका निभाता रहा है! ज़िले के सभी सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार व्याप्त है और इसके खिलाफ लड़ने वाला एकमात्र हमारा संगठन है। वनभोज मे कृष्णा मुण्डा सुमन कुमार महतो, प्रकाश महतो,सुमन कुमार, बसंत मुण्डा,संजय तुरी ,सुधीर गुप्ता,मुकेश महतो,अनिल तुरी,सहदेव मुण्डा,राजदीप कुमार,बँटी तुरी,रवि कुमार महतो,सुधीर गुप्ता,रोहित करमाली,राजदीप करमाली,राजदीप कुमार,राजेश गंझु,धनेश्वर मुण्डा,संरक्षक के रूप नवीन महतो,सुरेश महतो ,पवन चौधरी ,मुस्तकीब अंसारी,सनदेव मुण्डा,सोनू मुण्डा,राजदीप मुण्डा,दिवस मुण्डा,मोतीलाल महतो,सुमन महतो,नवीन महतो,निर्मल मुण्डा,रंजन भोक्ता,सुधीर गुप्ता,मनु मुण्डा,रविंद्र मुण्डा,सुमित मुण्डा,आफताब अंसारी,सूरज भोक्ता,बसंत मुण्डा,संतोष महतो,धनेश्वर मुण्डा,कलेश्वर,टिकेन्दर, करमचंद, मिथुन, टेकलाल, प्रकाश, गोबिंद, संतोष, श्यामलाल, घनश्याम आदि लोग शामिल रहे।

कोरी में शहीद जीतराम बेदिया का सहादत दिवस मनाया गया

बरकाकाना (आजाद सिपाही)। बरकाकाना ओपी अंतर्गत कोरी बाजार में शहीद जीतराम बेदिया का सहादत दिवस मनाया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य जयराम बेदिया व बिशिष्ट अतिथि बारीडीह पंचायत के मुखिया भुनेश्वर बेदिया उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन संजय बेदिया ने किया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने जीतराम बेदिया के फोटो पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया।मुख्य अतिथि बेदिया ने अपने संबोधन में कहा जीतराम बेदिया देश की आजादी के लिए अपने प्राण की आहुति दे दी जिससे हमें प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।मौके पर राम चन्द्र बेदिया,बबलू बेदिया, सुदामा, देवस्थान, जुगेस बेदिया, नरेश,सुभाष,बीरबल बेदिया, धुजा,देवलाल बेदिया सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

साख बनी रहे

एक भारतीय कंपनी का बनाया कफ सिरप पीने से उज्बेकिस्तान में 18 बच्चों की मौत की खबर वाकई चिंताजनक है। हालांकि उज्बेकिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय का बयान भी बताता है कि नोएडा स्थित कंपनी का यह कफ सिरप बच्चों को डॉक्टर की सलाह के बगैर दिया गया था, जिसका मतलब यह है कि दवा लेने में आवश्यक सावधानी नहीं बरती गयी थी। दवा की मात्रा भी निर्धारित सीमा से ज्यादा दे दी गयी थी। लेकिन इसके बावजूद कफ सिरप पीने से एक ही इलाके में 21 बच्चों की हालत बिगड़ जाना और उनमें से 18 बच्चों की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो जाना मामूली बात नहीं है। अपने यहां भारत सरकार ने भी इसे गंभीरता से लिया है। सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (सीडीएससीओ) और उत्तर प्रदेश ड्रग्स कंट्रोलिंग एंड लाइसेंसिंग अथॉरिटी संयुक्त रूप से इसकी जांच कर रहे हैं। जांच पूरी होने तक के लिए कंपनी में उत्पादन पर भी रोक लगा दी गयी है। ध्यान रहे, तीन महीने के अंदर यह दूसरा ऐसा मामला है, जिसमें किसी भारतीय कंपनी की दवाओं को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विवाद खड़ा हुआ है। इससे पहले अक्टूबर में अफ्रीकी देश गांबिया ने आरोप लगाया था कि भारत में बना कफ सिरप पीने से वहां 69 बच्चों की मौत हो गयी। हालांकि उस मामले में भारत सरकार ने जो कमिटी बनायी थी, उसने पूरी जांच पड़ताल के बाद दवा को क्लीन चिट दी थी। लेकिन उसी मामले में वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन ने दवा के अवयवों के अनुपात पर सवाल उठाया था। जाहिर है, ऐसे मामलों में विशेषज्ञों के बीच भी अक्सर मतभेद हो जाते हैं और किसी एक सर्वमान्य निष्कर्ष पर पहुंचना हमेशा संभव नहीं होता। लेकिन इसमें दो राय नहीं है कि चाहे किसी नतीजे पर पहुंचें या न पहुंचें, ऐसी बहसें संबंधित ब्रैंड की साख को नुकसान पहुंचा ही देती हैं। फार्मा इंडस्ट्री में भारत की साख बहुत अच्छी है। भारतीय फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री मात्रा के हिसाब से दुनिया में तीसरे नंबर पर आती है। दुनिया भर में दवाओं के कुल निर्यात का 20 फीसदी भारत से होता है। इतना ही नहीं जेनरिक दवाओं का सबसे बड़ा प्रोवाइडर है भारत। जाहिर है, हम किसी तरह का रिस्क लेने की स्थिति में नहीं हैं। कंपनी का क्या स्पष्टीकरण है, हमारी अपनी जांच क्या कहती है और अंतिम तौर पर क्या सही है, इससे बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। अगर ऐसे विवाद होंगे तो दवा कारोबार में भारत का नाम बिगड़ेगा। इसीलिए मामले की बारीकियां अपनी जगह हैं। वे भी महत्वपूर्ण हैं। लेकिन फिलहाल सरकार को यह देखना होगा कि आखिर इस तरह की घटनाएं क्यों हो रही हैं। उसे हर हाल में भारतीय दवा उद्योग की साख बरकरार रखनी होगी।

अगर ऐसे विवाद होंगे तो दवा कारोबार में भारत का नाम बिगड़ेगा। इसीलिए मामले की बारीकियां अपनी जगह हैं। वे भी महत्वपूर्ण हैं। लेकिन फिलहाल सरकार को यह देखना होगा कि आखिर इस तरह की घटनाएं क्यों हो रही हैं।

अभिमत आजाद सिपाही

नमामि गंगे की कहानी 2014 की है जब प्रधानमंत्री ने गंगा नदी के पौराणिक गौरव को बहाल करने का कार्यक्रम शुरू किया था। अविरल (अप्रतिबंधित प्रवाह) और निर्मल (अप्रदूषित प्रवाह) गंगा की परिकल्पना से उत्साहित, एक समग्र और एकीकृत रास्ता अपनाने की पहल की गयी। इस पहल को जन गंगा (जन भागीदारी और लोगों और नदी का संपर्क), ज्ञान गंगा (अनुसंधान और ज्ञान प्रबंधन) और अर्थ गंगा (स्वतंत्र प्रयास का आर्थिक मॉडल) के तीन कार्यक्षेत्रों से और आगे बढ़ाया गया था।

नमामि गंगे: देश की संकल्प शक्ति का निर्मल और अविरल प्रमाण

गजेंद्र सिंह शेखावत

भारत के लिए 7 अगस्त, 2021 का दिन एक महत्वपूर्ण अवसर था, नीरज चोपड़ा नाम के एक एथलीट ने टोक्यो ओलंपिक में भाला फेंक में हमें स्वर्ण पदक दिलाकर गौरवान्वित किया। इस समाचार के परिशिष्ट में एक छोटा सा कार्य सुर्खियों में नहीं आया कि चैम्पियन अपना भाला नमामि गंगे कार्यक्रम के लिए नीलामी के उद्देश्य से दान कर रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा उन्हें मिले उपहारों की नीलामी शुरू करने की पहल, कार्यक्रम के लिए उनकी व्यक्तिगत भागीदारी, सरकार की अपार प्रतिबद्धता और उस पर दृढ़ विश्वास को बल देती है। इसी तरह 15 दिसंबर 2022 को, इस प्रतिबद्धता ने आंशिक परिणाम हासिल किए, जब संयुक्त राष्ट्र ने इसे दुनिया के शीर्ष 10 इकोसिस्टम बहाली कार्यक्रमों में से एक के रूप में मान्यता दी। अपने मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने सही कहा कि यह देश की 'संकल्प शक्ति और अथक प्रयासों' का प्रमाण है और दुनिया को एक नया रास्ता दिखाता है।

नमामि गंगे की कहानी 2014 की है जब प्रधानमंत्री ने गंगा नदी के पौराणिक गौरव को बहाल करने का कार्यक्रम शुरू किया था। अविरल (अप्रतिबंधित प्रवाह) और निर्मल (अप्रदूषित प्रवाह) गंगा की परिकल्पना से उत्साहित, एक समग्र और एकीकृत रास्ता अपनाने की पहल की गयी। इस पहल को जन गंगा (जन भागीदारी और लोगों और नदी का संपर्क), ज्ञान गंगा (अनुसंधान और ज्ञान प्रबंधन) और अर्थ गंगा (स्वतंत्र प्रयास का आर्थिक मॉडल) के तीन कार्यक्षेत्रों से और आगे बढ़ाया गया था।

पीएम ने 2019 में राष्ट्रीय गंगा परिषद की पहली बैठक के दौरान अर्थ गंगा अवधारणा का भी समर्थन किया था।

अब तक 32,898 करोड़ रुपये की 406 परियोजनाओं को गंदे पानी के शोधन के बुनियादी ढांचे, नदी किनारे का विकास, नदी बेसिन की सफाई, जैव विविधता संरक्षण, वनरोपण, जन जागरूकता, उद्योगों से निकलने वाले सीवेज की निगरानी, अर्थ गंगा सहित अन्य के लिए मंजूरी दी गयी है। इनमें से 225 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, शेष निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं। गंगा बेसिन में 5270 एमएलडी शोधन क्षमता और 5,211 किमी सीवर नेटवर्क के निर्माण के लिए करीब 177 सीवरेज बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी है। सीवरेज प्रबंधन के लिए इनमें से कई परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं।

प्रारंभिक चरण के एक बड़े हिस्से को प्राप्त करने के साथ, नये जोश और कीमती अनुभव से लैस होकर, हम नमामि गंगे 2 की शुरुआत कर रहे हैं, जिसे अब सहायक नदियों जैसे यमुना और उप सहायक नदियों जैसे काली, गोमती, हिंडन, दामोदर नदी तक बढ़ा दिया गया है।

कार्यक्रम की सफलता का एक प्रमुख कारण सार्वजनिक निजी भागीदारी मोड (एचएएम-पीपीपी) के तहत हाइब्रिड एंयूइटी मॉडल है, जो अपशिष्ट जल क्षेत्र में अब तक अज्ञात दृष्टिकोण है। एचएएम मॉडल के तहत, अपशिष्ट जल उपचार संयंत्रों की निर्माण लागत का 40 प्रतिशत तक सरकार द्वारा ऑपरेटरों को भुगतान किया जाता है और शेष उनके प्रदर्शन मानकों का आकलन करने के बाद 15 वर्षों की अवधि में जारी किया जाता है। इसी तरह से 'एक शहर, एक ऑपरेटर' मॉडल शुरू किया गया है जो पूरे शहर में सीवेज शोधन के लिए एक स्थान पर समाधान की परिकल्पना करता है। जबकि एचएएम ऑपरेटरों द्वारा प्रतिबद्धता, प्रदर्शन और स्थिरता सुनिश्चित करता है, 'एक शहर, एक ऑपरेटर' एकल स्वामित्व और जवाबदेही सुनिश्चित करता है।

औद्योगिक प्रदूषण में कमी के लिए, अत्यंत प्रदूषणकारी उद्योगों (जीपीआइ) की पहचान की गयी है और प्रतिष्ठित तृतीय पक्ष तकनीकी संस्थानों द्वारा इनकी निगरानी की जा रही है। इसके परिणामस्वरूप उद्योगों द्वारा अनुपालन में सुधार हुआ है। इसकी एक शानदार सफलता कानपुर में जाजमऊ चमड़े के कारखाने (देश में अपने प्रकार का सबसे बड़ा) के लिए 20 एमएलडी कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) का निर्माण है। नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत, इस परिवर्तन में मदद के लिए, पहली बार अक्टूबर 2018 में ई-फ्लो अधिसूचना के माध्यम से अपने स्वयं के जल पर नदी के अधिकार को मान्यता दी गयी थी। कार्यक्रम के तहत मिलने वाले सकारात्मक परिणामों को तेजी से देश की अन्य नदियों के लिए मॉडल नदी कायाकल्प कार्यक्रम के रूप में देखा जा रहा है। कई स्थानों पर गंगा के पानी की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार इसकी सफलता की गवाही देता है, जबकि 2018 में नदी की मुख्य नलिका के चार प्रदूषित हिस्से थे, 2021 में कोई भी विस्तार प्राथमिकता I (बीओडी>30 मिली) से IV (बीओडी >6-10) तक नहीं है और केवल दो खंड सबसे कम प्रदूषित प्राथमिकता V (बीओडी >3-6) में हैं।

गंगा की पर्यावरणीय सफाई ने भारत के लोगों की आध्यात्मिक सफाई में मदद की है, और यह तब देखा गया जब 20 करोड़ से अधिक लोगों ने कुंभ के दौरान इसमें स्नान किया। गंगा में डॉल्फि न, घड़ियाल, ऊदबिलाव और अन्य जलीय प्रजातियों का अधिक संख्या में दिखाई देना हर दिन इसकी याद दिलाता है। राष्ट्रीय पशुपालन कार्यक्रम-2022 के तहत स्थानीय मछली प्रजातियों के कायाकल्प जैसे सूक्ष्म विवरणों का भी ध्यान रखा गया है। अत्यधिक आकर्षक हिल्सा मछली की बढ़ती आबादी और उसके बाद हमारे मछुआरों की समृद्धि में यह रास्ता सबसे महत्वपूर्ण है। कुदरती तौर पर बहुआयामी और समग्र, इस कार्यक्रम के परिणामस्वरूप गंगा बेसिन में 30,000 हेक्टेयर वनीकरण, वसंत कायाकल्प, आर्द्रभूमि संरक्षण, पारंपरिक जल निकायों का कायाकल्प और शोधित जल का पुनः उपयोग हुआ है।।

प्रधानमंत्री ने 2019 में राष्ट्रीय गंगा परिषद की पहली बैठक के दौरान अर्थ गंगा अवधारणा का भी समर्थन किया था। 'अर्थ गंगा' का केंद्रीय विचार 'गंगा नदी पर निर्भर होने' के नारे की तर्ज पर अर्थनीति के संपर्क के माध्यम से लोगों और गंगा नदी को जोड़ रहा है। जन गंगा और अर्थ गंगा दोनों अब नमामि गंगे को एक जन आंदोलन में बदलने के इंजन बन चुके हैं। कार्यक्रम के लिए पिछले कुछ महीने घटनाओं से भरे रहे, अर्थ गंगा के तहत छह नये वर्टिकल की पहचान की गयी है, जिनमें शून्य बजट प्राकृतिक खेती, मुद्रीकरण और कीचड़ और गंदे पानी के पुनः उपयोग, आजीविका सृजन के अवसर जैसे 'घाट में हाट', स्थानीय उत्पादों, आयुर्वेद, औषधीय पौधों को बढ़ावा देना आदि, हितधारकों, सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करने के लिए जन भागीदारी शामिल है, जो बेहतर विकेंद्रीकृत जल प्रबंधन के लिए स्थानीय क्षमताओं को बढ़ा कर सामुदायिक जेटी के माध्यम से नौका पर्यटन, योग को बढ़ावा देने, साहसिक पर्यटन और गंगा आरती और संस्थागत निर्माण पर निर्भर है। जलज केंद्रों की स्थापना, जैसा कि प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया है, स्थायी नदी केंद्रित आर्थिक मॉडल के निर्माण की दिशा में एक कदम है। 75 जलज केंद्रों में से 26 की शुरुआत हो चुकी है। यह नदी के किनारे रहने वाले लोगों के लिए सुविधाएं स्थापित करके और स्थानीय लोगों का मार्गदर्शन करके आजीविका के अवसर पैदा करने की एक पहल है।

नमामि गंगे का नया चरण इससे अधिक उपयुक्त समय पर नहीं आ सकता है, जब हम महान अटलजी को उनकी जयंती पर याद कर रहे हैं, भारत के अमृत काल का उत्सव मना रहे हैं और जी20 में भारत को अध्यक्षता मिलने का जश्न मना रहे हों। यह अटलजी ही थे जिन्होंने कभी कहा था, 'भारत केवल जमीन का एक टुकड़ा नहीं है, यहां हर पत्थर में भगवान शिव हैं और पानी की हर बूंद गंगा जल है;। जब वह हमें अपने सपने को साकार करते हुए देखेंगे तो निश्चित रूप से आकाश से मुस्कुरा रहे होंगे, वसुधैव कुटुंबकम की सच्ची भावना के साथ 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के आदर्शों पर अडिग रहते हुए, एक पर्यावरण चैंपियन के रूप में विश्व मंच पर हमारे प्रभुत्व पर उन्हें निश्चित रूप से गर्व होगा।

(लेखक : केंद्रीय जल शक्ति मंत्री हैं।)

जमशेदपुर की खबरें

कांग्रेस ने ओल्ड पुरुलिया रोड में निकाली सड़क सुरक्षा रैली

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। शहर में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित तथा इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से कांग्रेस पार्टी की ओर से जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली का नेतृत्व कांग्रेस नेता बबलू नौशाद ने किया। अपने कार्यालय से चेपा पुल एवं वहां से होते हुए बड़ी संख्या में लोगों ने अपने हाथों में रोड सेफ्टी के नारे लिखे बैनर, पोस्टर लेकर सभी को जागरूक करने का प्रयास किया और सड़क पर चलने के नियम बताये। इस दौरान अपील की गयी कि सड़क पर बाइक चलाने के वक्त पहले तो हेलमेट का उपयोग करें और सभी नियमों का पालन करें, क्योंकि जिस प्रकार से दो पहिया वाहन एवं चार पहिया वाहनों से लोग आये दिनों सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गवा रहे हैं यह एक बहुत ही गंभीर विषय है और हम सभी को इस मामले में सोचने की आवश्यकता है। नाबालिग बच्चों को माता-पिता गाड़ी न दें। यह जागरूकता रैली चेपा पुल मानगो से होते हुए ओल्ड पुरुलिया रोड से गुजरी और दोपहिया वाहनों को रोककर उनसे हेलमेट पहनने की अपील की गयी। रैली में लगभग 100 से अधिक लोग शामिल हुए।

साकची हाइस्कूल के पूर्व विद्यार्थियों ने की बैठक, 75 साल पूरे होने पर हीरक जयंती हर्ष उल्लास के साथ मनाने का लिया निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर स्थित साकची हाई स्कूल (आम बागान) का पहचान शहरवासीओ शहर वासियों के लिए कोई नया नहीं है। जमशेदपुर में बंगाली समुदाय के से सैकड़ो विद्यार्थी साकची हाई स्कूल से शिक्षा प्राप्त कर राज्य और देश सहित विदेशों में अपनी एक अलग पहचान बना चुकी है। साकची हाई स्कूल का 75 साल पूरे होने पर पूर्व के पास आउट विद्यार्थियों ने 2023 में साल भर कई कार्यक्रमों आयोजन करने का निर्णय लिया। शुक्रवार को स्कूल से अलग-अलग बैच में पास आउट सैकड़ों विद्यार्थी एकत्रित होकर स्कूल प्रांगण में एक बैठक की। बैठक में सभी पासआउट विद्यार्थियों ने अपने अपने बातों को एक दूसरे के बीच शेयर किया। मौके पर स्कूल के पास आउट विद्यार्थियों ने 75 साल पूरे होने पर हीरक जायंती हर्ष उल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया। इमरान सभी विद्यार्थियों के बीच खुशी देखने को मिला। बैठक में स्कूल के सभी पास आउट विद्यार्थियों तक खबर पहुंचाने के लिए 5 फरवरी 2023 को स्कूल परिसर में गेट टुगेदर करने का निर्णय लिया गया। ताकि शहर के आलावे दूर दरार से सभी पास आउट विद्यार्थी उपस्थित हो सके। मौके पर पूर्व छात्र देवासी सिन्हा ने बताया साकची हाई स्कूल (आम बागान) का नाम की एक अलग पहचान है। आज भी

सभी 5 साउथ विद्यार्थियों में एकता बरकरार है। एक आवाज पर सभी एकजुट होकर समर्थन देते हैं। उन्होंने बताया सभी के सहयोग से साकची हाई स्कूल का नाम को यादगार बनाने का प्रयास किया जाएगा। शुक्रवार को सभी के सहयोग से सैकड़ों विद्यार्थियों ने स्कूल प्रांगण में बैठक कर 75 साल होने की खुसी में हीरक जायंती पर भव्य कार्यक्रम आयोजन करने का निर्णय लिया है। 1976 के पूर्व छात्र देवासी सिन्हा ने बताया बैठक में सभी के सहमति से 5 फरवरी को गेट टुगेदर का आयोजन स्कूल परिसर में करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा कई वर्षों से स्कूल के जर्जर भवन को मरम्मत करने के लिए प्रयास किया जाएगा। साथ ही स्कूल में पढ़ने वाले कमजोर विद्यार्थियों को सहयोग करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया हीरक जयंती के अवसर पर स्कूल प्रांगण में रक्तदान शिविर, बच्चों के लिए चित्रांकन प्रतियोगिता, खेलकूद प्रतियोगिता सहित पूर्व छात्रों के लिए कई कार्यक्रम का आयोजन की जाएगी। उन्होंने बताया नवंबर महीने के 17, 18, 19 को तीन दिवसीय विशाल सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन स्कूल परिसर में किया जाएगा। बैठक में देवाशीष नाहा,पुरोबी घोष, सिलेखा आयकर,अमृता मौलिक, विशदीप मंडल,प्रबीर घोष, सत्तोदेव सिकदार, मानोश श्री, सौमित्रो सरकार शामिल रहे।

मानदेय नहीं मिलने से पूर्व वार्ड सदस्य सब्जी बेचने को मजबूर

आजाद सिपाही संवाददाता

चाकुलिया। चाकुलिया पंचायत के कुछ जनप्रतिनिधि को आर्थिक समस्या से जूझना पड़ रहा है। सरकार जनप्रतिनिधियों को उचित मानदेय नही देने के कारण ऐसे कई जनप्रतिनिधि है जो विभिन्न स्थानों पर फुटपाथ पर बैठ कर सब्जी या अन्य सामग्री बेचकर अपनी जीवन यापन कर रहे हैं। ऐसा ही एक मंजर चाकुलिया बाजार के फुटपाथ पर देखने को मिला। चाकुलिया के रेलवे अंडरपास से प्रखंड मुख्यालय जाने वाली सड़क के किनारे प्लास्टिक का बोरा बिछा कर प्रखंड के कालियाम पंचायत के वार्ड सात के पूर्व वार्ड सदस्य सह वर्तमान वार्ड सदस्य के पति शक्तिपद नायेक सब्जी बेचने को मजबूर है।

शक्तिपद नायेक ने कहा कि वह मैट्रिक पास है और ओड़िशा के मयूरभंज से आईटीआई किया है। उसने कहा कि विगत पांच वर्ष तक वह पंचायत के वार्ड सात का वार्ड सदस्य रहा है और अबकी बार हुए पंचायत चुनाव में उसकी पत्नी मीना नायेक वार्ड सदस्य हैं। शक्तिपद ने कहा कि वार्ड सदस्य बनकर वे तो इमानदारी पूर्व अपने वार्ड के लोगों की सेवा करते रहे और सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का काम करते हैं, परंतु सरकार वार्ड सदस्य के साथ सौतेला व्यवहार अपना रही है. कहा कि सरकार वार्ड सदस्य को मानदेय के रूप में सिर्फ 200 रूपए देती है। आज के समय में 200 रुपये में क्या होगा, इतने में परिवार का भरण पोषण करना संभव नहीं है।

शक्तिपद नायेक ने बताया कि उसके पांच साल के कार्यकाल में सरकार से मिलने वाली मानदेय राशि भी सिर्फ एक वर्ष का ही मिला है, बाकि चार वर्ष का अब तक नही मिला है। उसने कहा कि 200 रुपये में परिवार चलाना मुश्किल है। इस कारण वह विगत एक माह से बंगाल से सब्जी खरीदकर रोजाना फुटपाथ पर बैठकर सब्जी बेच कर परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं।

उसने कहा कि इसके पूर्व वे सरकार की मनरेगा योजना का कार्य कराते थे। इस कार्य में भी समय समय पर मजदूरों का मजदूरी भुगतान नही हो पाने के कारण मजदूर उनको घर आकर काफी खरी खोटी सुनाते थे, जिससे तंग आकर मनरेगा का कार्य कराना बंद कर वे सब्जी बेचने का कार्य करने लगे हैं। शक्तिपद नायेक ने सरकार से मांग की है कि सरकार पंचायत के जनप्रतिनिधियों को उचित और सम्मान जनक मानदेय दें, ताकि जन प्रतिनिधि सम्मान के साथ परिवार का भरण पोषण कर सकें।

दो साल इंतजार के बाद फूलों की बगिया से गुलजार हुआ गोपाल मैदान

32वें एनुअल फ्लावर शो का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। दो साल के अंतराल के बाद एक बार फिर शुक्रवार को गोपाल मैदान फूलों की बगिया से गुलजार हो गया। शुक्रवार को शाम गोपाल मैदान में हॉर्टीकल्चर सोसाइटी के 32वें एनुअल फ्लावर शो का कोल्हान कमिश्नर मनोज कुमार ने विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान हार्टीकल्चर सोसाइटी की चेयरपर्सन रुचि नरेंद्रन और टाटा स्टील कॉरपोरेट सर्विसेज के वाइस प्रेसीडेंट चाणक्य चौधरी खास तौर पर मौजूद थे। कोविड काल की वजह से दो साल के अंतराल पर आयोजित इस फ्लावर शो को देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा।

हॉर्टीकल्चर सोसाइटी ऑफ जमशेदपुर की चेयरपर्सन रुचि नरेंद्रन ने कहा कि आज की तनाव भरी जिंदगी में फूल सुकून देते हैं। इसके अलावा फ्लावर शो में मनोरंजन के भी कई कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। साथ ही प्रतियोगिता के लिए देश भर से 29 नर्सरियों के प्रतिनिधि शिरकत कर रहे हैं। टाटा स्टील के कॉरपोरेट सर्विसेज के वाइस प्रेसीडेंट चाणक्य चौधरी ने कहा कि अक्टूबर से लेकर मार्च तक टाटा स्टील की कोशिश रहती है कि कुछ न कुछ गतिविधियां की जाए, ताकि जाड़े की छुट्टियों में बच्चे और बड़े मनोरंजन कर सकें। हॉर्टीकल्चर सोसाइटी की अध्यक्ष सुमिता नुपूर ने बताया कि इस आयोजन को सोसाइटी की 10-12 कमेटियां मिल कर आयोजित करती हैं।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने कमेटी का विस्तार किया

विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के बैनर तले बंशीधर नगर अनुमंडलीय इकाई के द्वारा प्रखंड के पिपरी, कमता तथा चितरी गांव में कमेटी का विस्तार किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नागदेव सिंह तथा मंच का संचालन आशुतोष सिंह ने किया। कार्यक्रम के पूर्व महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर जय श्री राम, जय महाराणा, जय भवानी के उद्घोष के साथ कार्यक्रम की शुरूवात की गयी। इस मौके पर प्रोफेसर बीडी सिंह ने कहा कि जिले में कमिटी के विस्तार कर समाज को संगठित एवम उत्थान के लिए यह कार्यक्रम किया जारहा है. उन्होंने कहा कि पूर्वजो के आदर्श चिन्ह पर चलने एवम समाज मे फैल रहे दहेज प्रथा जैसे फैल रही कुरीतियों को दूर करने की जरूरत है. समाज के आर्थिक, शैक्षिक और विकास की दृष्टि से पिछड़े परिवारों को सशक्त बनाना महासभा का पहला लक्ष्य है। वही कमिटी विस्तार किया गया. जिसमे अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह, सचिव प्रियरंजन सिंह, उपाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष अमित कुमार सिंह, प्रवक्ता राजेश कुमार सिंह, सूचना मंत्री राजेंद्र सिंह, संरक्षक राजबली सिंह, दामोदर सिंह, कामाख्या नारायण सिंह को बनाया गया। इस मौके पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राज राजेंद्र प्रताप देव बंशीधर नगर अनुमंडलीय इकाई के अध्यक्ष इंदल सिंह, सचिव बंगाली सिंह, कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, संरक्षक विजय सिंह,ललन देव,देवेन्द्र सिंह,दादुल प्रताप देव,श्याम बरन सिंह,बिनोद कुमार देव ,मुखिया ललित नारायण सिंह,लालबहादुर सिंह,बलवंत प्रताप देव, रूपेश कुमार सिंह, बंटू सिंह, सोनू सिंह, चंचल प्रताप देव सहित कयी लोग उपस्थित थे।

समाजसेवी देवेंद्र नाथ पांडे को मातृ शोक

मझिआंव (आजाद सिपाही)। भाजपा के वरिष्ठ नेता अलखनाथ पांडेय की चाची एवं युवा समाजसेवी देवेन्द्र नाथ पांडेय उर्फ बच्चा पांडेय की मां 86वर्षीय रेशम देवी की शुक्रवार को तड़के चार बजे लकवा बीमारी से मझिआंव स्थित उनके ऊंचरी गांव स्थित निवास स्थान पर मौत हो गई। स्थानीय कोयल नदी के तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।उनके बड़े पुत्र उमाकांत पांडेय द्वारा मुखाग्नि दी गई। परिजनों ने बताया कि पिछले एक वर्ष से वे लकवा बीमारी से पीड़ित थी। उनकी मौत की खबर मिलते ही गढ़वा से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजकुमार पांडेय, भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय एवं मझिआंव नगर पंचायत के काफी संख्या में गणमान्य लोग मझिआंव के ऊँचरी स्थित निवास स्थान पर अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

बीएनटी संत मैरी और एमपीसीए क्वार्टर फाइनल में

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गोविंद हाइ स्कूल के मैदान में खेले जा रहे 21 में गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में आठवें दिन खेले गए दो अलग-अलग मैच में एनटीसीए ने ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल को छह विकेट से जबकि दूसरे मैच में बीएनटी संत मैरी की टीम ने शांति निकेतन स्कूल तिलदाग को चार विकेट से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पहले मैच में ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में प्रियांशु के नाबाद 40 रन की बदोलत छह विकेट खोकर 102 रन बनाये। एनटीसी की ओर से गेंदबाजी करते हुए दस्तगीर ने एक विकेट प्राप्त किया। जबाबी पारी खेलने उतरी एनटीसीए की टीम नीतीश के नवाब 34 और अखिलेश के 24 रन के सहयोग से चार विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। ज्ञान निकेतन की ओर से प्रियांशु ने एक विकेट प्राप्त किया। दूसरे मैच में शांतिनिकेतन स्कूल तिल दाग की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए श्याम पासवान के 26 और अंकित के 18 रन के सहयोग से सात विकेट खोकर निर्धारित ओवर में 129 रन बनाये बीएनटी संत मैरी की ओर से अनुराग ने दो विकेट प्राप्त किया जबाबी पारी खेलने उतरी बीएनटी संत मैरी की टीम ने 11वें ओवर में अभिनव और अजीत के 35 रन के सहयोग से ही छह विकेट खोकर जीत हासिल कर लिया शांतिनिकेतन की ओर से श्याम कुमार पासवान ने चार विकेट प्राप्त किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार के प्रतियोगिता के उपाध्याय अशोक कुमार दुबे और धनंजय कुमार सिंह ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अभिनव यादव और नीतीश कुमार मेहता को प्रदान किया। अंपायर की भूमिका मनीष पाठक असलम खान, मनीष उपाध्याय और सौरभ शुभम विशाल कुमार ने निभाया। मैच के दौरान कमेंटेटर की भूमिका मनोज तिवारी, प्रिंस खान, प्रभात कुमार ने निभाया। इस मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, कोषाध्यक्ष कमलेश दुबे, सचिता धर दुबे, प्रवीण मिश्रा, सुमित मिश्रा सह सचिव प्रिंस सोनी, आशुतोष रंजन, विकाश कुमार, दीपक, प्रभात तिवारी, आलोक गुप्ता, प्रिंस खान, सूर्या गुप्ता मनीष,अमित उपाध्याय, साहिल खान, रोहन तिवारी, सिकंदर प्रजापति, सूर्य प्रकाश, हेमंत राज अश्विनी चौबे मनीष पाठक प्रभात तिवारी दुबे उपस्थित थे।

आदमखोर तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग ने कसी कमर, सैकड़ों वनकर्मी जंगल की ओर रवाना

रंका (आजाद सिपाही)। रंका पूर्वी एवं क्षेत्र पदाधिकारी गोपाल चंद्रा नेतृत्व में वन विभाग ने आदमखोर तेंदुए को जिंदा या मुर्दा पकड़ने के लिए कमर कस ली है। इसके लिए शुक्रवार को पूर्वी वन क्षेत्र कार्यालय के प्रांगण में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण के संबंध में वन पदाधिकारी गोपाल चंद्रा ने बताया कि आदमखोर तेंदुए को सर्व प्रथम पकड़ने का प्रयास किया जायेगा। यदि सभी प्रयास विफल रही तो अंत में गोली मारने का आदेश मिलते के साथ उसे शूटरों से मारवा दिया जायेगा। इस अवसर पर पचास कैमरा के साथ एक्सपर्ट को तैनात किया गया है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी वनकर्मियों को हाथ में लाठी, डंडा, टांगी वगैरह लेकर वन का भ्रमण के दौरान सतर्क रहने की सलाह दी गई है। इस अवसर पर रंका पूर्वी एवं क्षेत्र पदाधिकारी गोपाल चंद्रा ने जंगली क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से साम होने से पहले अपने अपने घरों में रहने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि तेंदुआ को भोजन शिकार करने का समय सुबह और शाम होता है। इस समय लोग अपने घरों में सुरक्षित रहें।

चंद्रिका हॉस्पिटल के संचालक सहित पांच गिरफ्तार, अस्पताल हुआ सील

मरीजों के साथ किसी भी तरह की अनियमितता बरते जाने वाले अस्पतालों को बख्शा नहीं जायेगा : एसडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। कचहरी रोड स्थित चंद्रिका हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर को उपयुक्त के निर्देश पर सील कर दिया गया। उक्त अस्पताल में मरीजों ने नर्स द्वारा सिजेरियन किये जाने का आरोप लगाया था। साथ ही उक्त निजी अस्पताल के संचालक अयूब अंसारी, अस्पताल कर्मी मुन्ना सिद्दीकी, रिंकी कुमारी, अल्का कुमारी एवं पार्वती कुमारी को हिरासत में लेकर गढ़वा थाना ले जाया गया है। जानकारी देते हुए एसडीओ राज्य महेश्वरम ने बताया कि डंडई थाना क्षेत्र के रारो गांव की एक महिला का चंद्रिका हास्पिटल में एक माह पहले बच्चेदानी का आपरेशन हुआ था। महिला को आपरेशन में किसी तरह की त्रुटि के कारण मवाद आने लगा तो उसे फिर से चंद्रिका हास्पिटल में भर्ती कर इलाज किया जाने लगा। लेकिन अस्पताल संचालक द्वारा उसके इलाज के नाम पर महिला मरीज के स्वजनों से पैसे की मांग की जा रही थी। जबकि मरीज के स्वजन इस बात को लेकर पैसे देने से इंकार कर रहे थे कि आपरेशन में गड़बड़ी के कारण ही परेशानी हुई है फिर पैसे क्यों देंगे। इसे लेकर शुक्रवार को मरीज के स्वजनों ने प्रशासन को इसकी शिकायत कर दी। इसके पश्चात सिविल सर्जन डा.अनिल कुमार के नेतृत्व में चंद्रिका हास्पिटल में छापेमारी की गई। लेकिन तब तक अस्पताल संचालक द्वारा उक्त महिला को वहां से हटा दिया गया था।

संतोषजनक जबाब नहीं दिया

बताया गया कि बेहतर इलाज के लिए रांची भेजा गया है। जबकि छापेमारी दल ने चंद्रिका हास्पिटल में गहन जांच की। इस दौरान वहां कुछ देर पहले ही सिजेरियन कर प्रसव कराये जाने का एक मामला सामने आ गया। लेकिन संचालक द्वारा विशेष चिकित्सकों सर्जन, एनेस्थेटिस्ट आदि के बारे में संतोषजनक जबाब नहीं दिया गया। जबकि उक्त अस्पताल में मौके पर कोई चिकित्सक भी नहीं था। शिकायत के आलोक में हुई छापेमारी में अस्पताल में अनियमितता पाई गई है। तब अस्पताल को सील कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

रुखसाना को पाने के लिये रितेश बना अरमान

आजाद सिपाही संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। प्यार में पागल प्रेमी रितेश ने धर्म बदल कर अपनी प्रेमिका रुखसाना का अरमान पूरा किया। रितेश ने प्रेमिका रुखसाना के बीच बाधा बने धर्म की दीवार को तोड़ते हुये इस्लाम कबूल कर रुखसाना खातून से निकाह कर लिया है। प्रेमी रितेश अब अरमान बन गया है। गढ़वा थाना क्षेत्र के दुबे मरहटिया गांव का रहने वाला है। जबकि प्रेमिका नगर ऊंटारी थाने के बरडीहा गांव की रहने वाली है। जानकारी के मुताबिक गढ़वा थाना क्षेत्र के दुबे मरहटिया निवासी स्व बुधन चौधरी का पुत्र रितेश चौधरी बरडीहा स्थित अपने नाना यदुनाथ चौधरी के घर रहता था। इसी दौरान उसे मजमुदिन अंसारी की बेटी रुखसाना से आंखें चार हो गयी। दोनों के प्यार में धर्म बाधा बन रहा था। जिसके बाद दोनों तीन साल पूर्व गांव छोड़कर भाग निकले। तीन दिन पूर्व दोनों बरडीहा आये। इस दौरान रितेश ने बताया कि वह अपना धर्म परिवर्तन कर लिया है और सनातन धर्म त्याग कर इस्लाम धर्म कबूल कर लिया है। प्रमाण के लिये उसने गांववालों को डालटनगंज स्थित नोटरी पब्लिक में किये गये एफिडेविट भी दिखाया। एफिडेविट में उसने कहा है कि बिना किसी जोर जबरदस्ती और प्रलोभन से उसने इस्लाम धर्म अपनाया है। साथ ही वह इस्लाम धर्म के सभी कायदे कानून मानेगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि रितेश और रुखसाना ने रेहला में निकाह भी कर लिया है। निकाह लड़की के संबंधी ने संपन्न करवाया है। उधर रुखसाना के पिता मजमुदिन अंसारी ने बताया कि दो-तीन दिन पूर्व दोनों घर आये थे। लेकिन रितेश उर्फ अरमान किस धर्म-जाति से है हमें नहीं मालूम है। धर्म परिवर्तन की बात भी हम नहीं जानते हैं। मेरी बेटी चार साल पहले ही घर छोड़ कर चली गयी थी। दोनों के बारे में हमे कुछ मालूम नहीं है।

गुरु गोविंद सिंह की जयंती मनायी

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। सरस्वती विद्या मंदिर में गुरुवार को गुरु गोविंद सिंह की जयंती मनाई गई। जयंती समारोह का शुभारंभ शिक्षक एवं अभिभावक मनोज कुमार एवं प्रभारी प्रधानाचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव ने भारत माता ॐ, मां शारदे एवं गुरु गोविंद सिंह के चित्र के समक्ष दीप जलाकर एवं पुष्पार्चन कर किया। कक्षा नवम की बहन खुशी कुमारी ने गुरु गोविंद सिंह के जीवन चरित्र को प्रभावी ढंग से रखी। आचार्य नंदलाल पांडेय ने कहा कि सिख धर्म के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह के पदचिंहों पर हम सब चलकर देश के प्रति समर्पित रहें। प्रभारी प्रधानाचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव ने कहा कि गुरुगोविंद सिंह के उक्ति को कहते हुये चिड़ियों से मैं बाज लड़ाऊं गीदड़ानु मैं शेर बनावां सवा लाख से एक लड़ावां तब गोविंद सिंह नाम कहावां...। इन्होंने फतेह सिंह जोरावर सिंह अजीत सिंह जुझार सिंह के बलिदानों को भी सारगर्भित रूप से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य जी] दीदी जी एवं भैया बहनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

पड़ोसी पर रिवॉल्वर तानने वाला गिरफ्तार

रमना (आजाद सिपाही)। थाना अंतर्गत सिलीदाग ग्राम निवासी आनंद सिंह को अपने पड़ोसी लालजी सिंह पर गाली गलौज करने एवं रिवॉल्वर दिखाने के आरोप में शुक्रवार को स्थानीय पुलिस ने अपने हिरासत में लेते हुए। न्यायिक हिरासत गढ़वा भेज दिया। प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी देते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी ने कहा कि एक दिन पूर्व आनंद सिंह के द्वारा अपने पड़ोसी लालजी सिंह को गाली गलौज देते हुवे लालजी सिंह के ऊपर पिस्तौल निकालकर तान दिया था। जिसके क्रम में छीना झपटी के दौरान उक्त हथियार एवं पांच जिंदा गोली आनंद सिंह से छीन लिया गया था। जिसकी पुष्टि होने के बाद 134/22 मामला दर्ज करते धारा 341/323/504/भादवि 25(1-बी)/26 आम्स एक्ट दर्ज करते हुए हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आनंद सिंह ने अपना जूर्म कबूल किया। डीएसपी प्रमोद केशरी ने बताया की आनंद सिंह का अपराधिक इतिहास भी रहा है। वह घरेलू विवाद के मामले में जेल भी जा चुका है। मौके पर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा, पुलिस अवर निरक्षक विवेक कुमार पंडित,महिपाल पूर्ति,सहित पुलिस कर्मी मौजूद थे।

1992 से ही शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवा प्रदान करते आ रहा है ज्ञान निकेतन कांवेंट 10+2 स्कूल

गढ़वा (आजाद सिपाही)। सीबीएसइ नयी दिल्ली से मान्यता प्राप्त ज्ञान निकेतन कांवेंट 10+2 स्कूल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासन प्रदान कराने वाला गढ़वा जिला का एक प्रतिष्ठित विद्यालय है। यह विद्यालय वर्ष 1992 से ही शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवा प्रदान करते आ रहा है। इस स्कूल से पास आउट बच्चे निकलकर वर्तमान समय विभिन्न क्षेत्रों में अपना परचम लहरा रहे हैं। इस क्रम में यहां के छात्र मेडिकल, इंजीनियरिंग, आइआइटी बैंकिंग एवं प्रशासनिक क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहे हैं। उक्त बातें ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल के निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने एक प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि विद्या धन सर्व धनं प्रधानम और ओपन माइंड का वैचारिक लक्ष्य लेकर बच्चों के अंदर शिक्षा, अनुशासन एवं संस्कार भरने का लगातार प्रयास विद्यालय प्रबंधन द्वारा किया जाता रहा है। जहां विद्वान और कड़ी मेहनत करने वाले शिक्षकों की एक टीम है। जो बच्चों और उनके स्वर्णिम भविष्य को संवारने और निखारने में लगे रहते हैं। मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए कक्षा जूनियर के केजी वर्ग से लेकर नवम वर्ग तक के नामांकन के लिए आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है। सभी कक्षाओं के लिए सीमित सीटें आरक्षित है। पंजीयन जारी है। छात्र चयन के लिए प्रवेश परीक्षा अर्थात बौद्धिक जांच परीक्षा आयोजित होगी। आगामी सत्र से टीवी अर्थात डिजिटल सिस्टम के माध्यम से शिक्षा प्रदान किया जायेगा। जूनियर कक्षा में छात्र-छात्राओं की अधिकतम संख्या 30 होगी। नामांकन के समय छात्र-छात्राओं का मेंटल जांच के साथ-साथ पेरेंट्स का भी इंटरव्यू होगा। ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आरटीआइ से मान्यता प्राप्त निःशुल्क नामांकन प्रवेश कक्षा प्रथम में 25 प्रतिशत सीट पर अभिवंचित एवं कमजोर वर्ग के बच्चों का नामांकन होगा। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय सभी आधुनिक सुविधाओं और आधारभूत संरचनाओं से सुसज्जित है। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय में स्मार्ट क्लास, इनडोर आउटडोर, ऑल स्पोर्ट्स, नृत्य, संगीत, कंप्यूटर शिक्षा, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, क्वीज आदि की विशेष सुविधा प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि जूनियर केजी में नामांकन साढ़े तीन वर्ष में ही होगा। ताकि बच्चे समय पर उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक प्रमण्डल, हजारीबाग

अति-अल्पकालीन ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना
निविदा संदर्भ संख्या -DWSD/HZB/MECH/SUPPLY-3/2022-23

क्रम संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0 में)	अग्रधन राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
	Supplying, Installation and Commissioning of pump set and its allied works at Government building clear water pumping plant (Reformatory) under D.W& S. Mechanical Division, Hazaribag .	**1639434.00**	**32800.00**	**5000.00**	90 दिन
2	वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :-	दिनांक :- 02.01.2023 को 4:00 बजे तक।			
3	निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :-	दिनांक :- 09.01.2023 को 5:00 बजे तक।			
4	अग्रधन की राशि / परिणाम विपत्र की राशि (हार्ड प्रति में) प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय	दिनांक :- 10.01.2023 को 4:00 बजे अपराह्न तक कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक प्रमण्डल, हजारीबाग।			
5	निविदा खोलने की तिथि :-	दिनांक :- 11.01.2023 को 2:00 बजे तक।			
6	निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता	कार्यपालक अभियं ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक प्रमण्डल, हजारीबाग। (झील रोड, सी० आर० पी० एफ० कैम्प के समीप हजारीबाग।)			
7	ई-प्रोक्यूरमेन्ट कार्यालय का ई-मेल एवं फोन संख्या :-	**(E-mail ID - dwsdhazmech2010@gmail.com) Contact No :- 06546-265920**			

नियम एवं शर्त्ते आदि विस्तृत जानकारी हेतु http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
ह0/-
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एव स्वच्छता यांत्रिक प्रमण्डल, हजारीबाग।
PR.NO.286326 Drinking Water and Sanitation(22-23):D

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

ई-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
ई- अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या - RDD/SD/HZB/30/2022-23
1 कार्य की विस्तृत विवरणी:

यूप सं0	आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	प्रखण्ड	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (रू0)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	RDD/SD/HZB/30/01/2022-23	सदर	प्रखण्ड सदर में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी-सह-अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय /तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास एवं प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध निर्माण कार्य।	61200000.00	1224000.00	10000.00	24 माह
2	RDD/SD/HZB/30/02/2022-23	ईचाक	प्रखण्ड ईचाक में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी-सह-अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय /तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास एवं प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध निर्माण कार्य।	61200000.00	1224000.00	10000.00	24 माह
3	RDD/SD/HZB/30/03/2022-23	कटकमसांडी	प्रखण्ड कटकमसांडी में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी-सह-अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय /तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास एवं प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध निर्माण कार्य।	61200000.00	1224000.00	10000.00	24 माह
4	RDD/SD/HZB/30/04/2022-23	चुरचू	प्रखण्ड चुरचू में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी-सह-अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय /तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास एवं प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध निर्माण कार्य।	61200000.00	1224000.00	10000.00	24 माह
5	RDD/SD/HZB/30/05/2022-23	चौपारण	प्रखण्ड चौपारण में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी-सह-अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय /तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास एवं प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध निर्माण कार्य।	61200000.00	1224000.00	10000.00	24 माह
6	RDD/SD/HZB/30/06/2022-23	पदमा	प्रखण्ड पदमा में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी-सह-अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षीय /तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास एवं प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध निर्माण कार्य।	61200000.00	1224000.00	10000.00	24 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि - 05.01.2023
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय -दिनांक 17.01.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग/मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 18.01.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक
5. निविदा खोलने का स्थान - मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय -19.01.2023 अपराह्न 2:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
8. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० - 8986648686 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के पदनाम से देय हो, देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,हजारीबाग
PR 286297 Rural Development(22-23).D

सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। गढ़वा एमवीआई लाल बिहारी यादव के नेतृत्व में भवनाथपुर खरौंधी मोड़ एवं कपूरी चौक के समीप सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। उक्त वाहन चेकिंग अभियान में डिफॉल्ट पाए जाने वाले एक दर्जन वाहनों से 70 हजार रुपये का चालान काटा गया। इस संबंध में एमवीआइ लाल बिहारी यादव ने बताया की चेकिंग अभियान में एक ऑटो एक ट्रैक्टर एवं 11 बाइक का चालान काटा गया। पकड़े गए सभी वाहनों से कुल 70 हजार रु का चालान वसूली गयी। एमवीआई लाल बिहारी यादव ने वाहन चालकों से अनुरोध किया कि ट्रैफिक रूल के अनुरूप वाहन के कागजात ड्राइविंग लाइसेंस एवं दोपहिया वाहन वाले हेलमेट के साथ ही गाली गाड़ी चलाएं।इस मौके पर एमवीआइ गढ़वा की टिंबक साथ भवनाथपुर थाना के एसआई मुनेश्वर राम विरोधी दलबल के साथ मौजूद थे।

स्वास्थ्य कर्मियों ने निक्षय मित्र बनकर एक सौ टीबी मरीजों को लिया गोद

मेराल सीएचसी टीबी मुक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में सबसे आगे : सिविल सर्जन

मेराल (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों ने निक्षय मित्र बनकर 1सौ टीबी रोगियों को उनके पोषण संबंधी सहायता और उपचार के लिए गोद लिया है।आयोजित कार्यक्रम में गढ़वा के सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ कमलेश कुमार, सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार आदि शामिल हुए। मेराल तथा डंडई प्रखंड के विभिन्न गांव से आए मरीजों को सिविल सर्जन द्वारा बीमारी से बचाव तथा सरकार द्वारा इसके लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। सिविल सर्जन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2025 तक भारत से टीबी उन्मूलन

का आह्वान किया है। यह तभी सफल हो पाएगा जब आप जैसे टीबी से प्रभावित लोग इसमें सहयोग करेंगे। उन्होंने मेराल सीएचसी के चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मियों द्वारा निक्षय मित्र बनकर टीवी प्रभावित मरीजों को गोद लेने के लिए प्रशंसा की तथा अन्य सक्षम लोगों से भी इस अभियान को सफल बनाने के लिए आगे आने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने में जिले में मेराल सीएससी सबसे आगे निकल गया है। डॉ कमलेश कुमार ने कहा की टीवी प्रभावितों के परिवार के लोग खासकर बच्चे संक्रमित ना हो इसकी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि गढ़वा जिले में टीबी प्रभावित मरीजों की कुल संख्या 1065 है जिनके लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। डॉ वीरेंद्र कुमार ने बताया कि गोद लिए गए लोगों को सरकार से मिल रही सहायता के साथ-साथ निक्षय मित्रों द्वारा चना, मूंगफली, गुड़, आलू, सरसों का तेल आदि दिया प्रदान किया गया। उन्हें रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए दिनचर्या बताया गया।

सीएचसी मेराल के पोषक क्षेत्र में 137 मरीजों को किया गया है चिन्हित

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के अनुसार सीएससी मेराल के पोषक क्षेत्र मेराल, बाना, चामा, ओखरगाडा डंडई, फुलवार गांव में टीवी के 137 मरीजों को चिन्हित किया गया है। जिन्हें निक्षय मित्रों द्वारा गोद लिया गया। यक्ष्मा प्रभावित मरीजों को गोद लेने वाले निक्षय मित्रों में डॉ वीरेंद्र कुमार, डॉ अनिल साह, डॉ राकेश रंजन गुप्ता, डॉ कुमुद रंजन, डॉ शशांक, लैब टेक्नीशियन विनोद कुमार एवं रवि रंजन कुमार, नेत्र सहायक सुशील कुमार, लेखा प्रबंधक दीपेश तिवारी, बीपीएम चंचल कुमार, डाटा प्रबंधक दिलीप कुमार, एसटीएस सुनील कुमार पांडे आदि शामिल हैं।

डॉ टी साहू ने हीराबेन की मौत पर शोक जताया

लोहरदगा। जिले के समाजसेवी आर्मी रिटायर्ड डॉ टी साहू ने पीएम नरेंद्र मोदी की माँ हीराबेन की मौत पर शोक संवेदना प्रकट किया है। ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। कहा कि ईश्वर ने इस धरती पर माँ के रूप में हर इंसान को मोक्ष प्राप्ति का साधन दिया है। मां पिता की पूजा अर्चना से भगवान प्रसन्न होते है। कहा जाता है कि मां के चरणों में ईश्वर का वास होता है। पीएम नरेंद्र मोदी जैसे देश के धरोहर की माता का स्वर्गवास होने से पूरा देश आज शोकाकुल है। ईश्वर उनकी माँ के आत्मा को शांति प्रदान करते हुए उन्हें मोक्ष प्रदान करे और उनके परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करे। उन्होंने कहा कि हीराबेन ने देश को ऐसा सपूत दिया है जिसका लोहा पूरी दुनिया मानती है। आज पीएम नरेंद्र मोदी विश्वपटल पर भारत की छवि को उभारने का कार्य किया है। ऐसे सपूत की माता को शत शत नमन।

अंतरराष्ट्रीय जंबूरी कार्यक्रम में झारखंड के बच्चों का बेहतर प्रदर्शन

लोहरदगा। अंतराष्ट्रीय जंबूरी कर्नाटक में कार्यक्रम में झारखंड के प्रतिनिधित्व करते हुए लोहरदगा के बच्चे और बच्चियों ने अच्छे प्रदर्शन से 40 मेडल प्राप्त किये। 19 से 31 दिसंबर तक आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए संत स्टेनिसलास और नदिया +2 के स्काउट्स गाइड्स के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान जिले के विद्यार्थियों का बेहतर प्रदर्शन रहा। विद्यार्थियों द्वारा कार्यक्रम में झारखंड के कला संस्कृति एवं रीति रिवाजों को देश विदेश से आए लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया तथा लोगों को झारखंड के बारे में बताया। लोहरदगा के डीओसी गौतम लेनिन, यूनिट लीडर शमशाद अंसारी और शुभम मित्तल के मार्गदर्शन पर सभी बच्चे एवम बच्चियां श्वेता कुमारी, अराधना रोमी, राजकुमारी, रुकसाना परवीन, सुमित उरांव, रोशनी कुमारी, प्रीति सीमा लकड़ा, लक्ष्मी उरांव, मनीषा, अमीषा, प्रीति कुमारी, रोशनी तिग्गा, सुखमणि असुर, रिंकी खलखो, आकाश कुजूर, ऋतिक रोशन एक्का, अंकित कुमार कार्यक्रम में मौजूद रहे। बच्चो का अथत प्रयास रंग लाया और झारखंड का नाम रौशन कर वापस लौटने के दौर पर आज झारखंड की ओर बढ़ चले।

पीएम आवास पूर्ण नहीं करने वालों पर होगी सीधे सर्टिफिकेट केस : बीडीओ

भंडरा/लोहरदगा। बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया की आवास लाभुकों को आवास पूर्ण करने के लिए बार बार नोटिस दिया जा रहा है जिसके बाद भी लाभुक आवास नही बना रहे हैं। बीडीओ ने बताया की वर्ष 2016-2020 के लाभुकों द्वारा अबतक आवास पूर्ण नही किया गया है सर्टिफिकेट केश के लिए विभिन्न पंचायत के लाभुकों का सूची तैयार किया गया है। इन लोगों पर होगी केश बड़ागाई पंचायत से ग्राम खास खिजरी लाभुक मंगिया उराईन पति शनि उरांव, मुनेश्वरी देवी पति रामदेर राम ग्राम बड़ागाई, भौरों पंचायत कमला देवी ग्राम भौरों, जनार्दन महतो पिता दिलेश्वर महतो, नंदो उरांव पिता चम्पा उरांव, जमीला बीबी पति रहमत अंसारी ग्राम बलसोता, लक्ष्मी देवी पति नारायण बैठा ग्राम भौरों, उर्मिला देवी पति दिनेश महतो, मसमानो पंचायत से लाभुक जेरका उरांव, पिता कैला उरांव, मेरी देवी पति बसंत उरांव, बुधराम उरांव पिता बंधना उरांव ग्राम टोटो, जमगाई पंचायत से लाभुक दिनेश भगत, पिता गंदूरा उरांव, लोकनाथ महली पिता हवडा महली, सोहदरा देवी पति बहादुर बैठा एवं उदरंगी पंचायत से गंगिया उरांव पिता दूजा उरांव। सभी लाभुकों पर दिनांक 5/01/2023 को सर्टिफिकेट केश करने की प्रक्रिया की जा रही है।

दिवंगत चौकीदार के परिजनों से मिले पंचायत के सदस्य

कैरो/लोहरदगा। झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत जिला शाखा लोहरदगा ने जिलाध्यक्ष शमशुल अंसारी के नेतृत्व में दिवंगत चौकीदार विनोद उरांव के परिवार से मुलाकात किया। उन्हें चौकीदार पंचायत की ओर से सहयोग राशि प्रदान कि एवम सांत्वना देते हुए कहा कि संगठन हमेशा उनके साथ है। जब जरूरत पड़े उनके लिए हम लोग खड़ा है और सरकार से मिलने वाली हर सुविधा उपायुक्त से मिलकर हर सुविधा समय पर दिलाने का प्रयास किया जायेगा। शमशुल अंसारी ने बताया कि दिवंगत विनोद उरांव अपने पीछे चार पुत्री एवं एक माह का पुत्र व पत्नी को छोड़कर स्वर्गवास हो गये। परिजनों से मिलने वालों में जिला कोषाध्यक्ष मिथिलेश यादव, शिव शंकर राम, हकीम उल अंसारी, अनिल भगत, मुमताज अंसारी, रवीना देवी एवं अन्य शामिल थे। गौरतलब है कि कैरो थाना क्षेत्र के अंबोवा चैरिमा गांवो के चौकीदार विनोद उरांव पिछले दिनों मोटरसाइकिल से थाना से घर जाने के क्रम में अनबैलेंस होकर गड्ढे में गिर गए थे और इलाज के दौरान उनका मृत्यु हो गया था।

डीडीसी की अगुवाई में जिला आधार निगरानी समिति की बैठक हुई

लोहरदगा। जिला परिषद भवन स्थित कार्यालय में उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में जिला आधार निगरानी समिति की बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम प्रखण्डों, बीआरसी, बैंक, डाकघर, कॉमन सर्विस सेंटर और सीडीपीओ कार्यालयों में चल रहे आधार सुविधा केंद्र के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गयी और निदेश दिया गया कि सभी आधार सुविधा केंद्र की क्रियाशीलता सुनिश्चित करें। बैठक में जिला में आधार सेवा केंद्र की आवश्यकता, जिला के नागरिकों का आधार संख्या निर्गत करना, आधार संख्या के साथ मोबाईल नंबर अपडेट करना, स्कूलों छात्र-छात्राओं अथवा 6-18 वर्ष के बच्चों का बायोमेट्रिक अपडेशन, जन्म निबंधन के समय आधार लिंकिंग का कार्य, आधार से संबंधित धोखाधड़ी व अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई व आवश्यक निदेश दिये गये। बैठक में अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, डीएसपी मुख्यालय परमेश्वर प्रसाद, सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, सहायक प्रबंधक यूआईडीएआई हरबीर सिंह, जिला परियोजना पदाधिकारी यूआईडी देव प्रकाश विक्की और सीएससी जिला समन्वयक इरफान उपस्थित थे।

पीएम की मां के निधन पर श्रद्धांजलि दी

कैरो,(लोहरदगा)। कैरो प्रखंड स्थित देवी मंडप प्रांगण में भाजपा प्रखंड उपाध्यक्ष विवेक प्रजापति की अध्यक्षता में 30 दिसंबर शुक्रवार को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की माता जी हीरा बेन की आकस्मिक निधन पर दिवंगत माता हीरा बेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गयी। श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए भाजपा मंडल उपाध्यक्ष विवेक प्रजापति ने कहा कि मा हीरा बेन की आकस्मिक देव लोक गमन से देश की अपूरणीय क्षति हुई है। माता और पुत्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के अटूट प्रेम से प्रधानमंत्री जी को देशहित कार्यो को करने में प्रधानमंत्री जी को अपारशक्ति मिलती थी। इस अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मे भी पीएम के माता जी के आकस्मिक निधन पर सार्वजनिक रूप से श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत 02 मिनट का मौन रखकर विद्यालय अपराह्न 01 बजे छुट्टी दे दी गयी।

सर्च अभियान में भारी मात्रा में हथियार बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखंड के निर्देश पर राज्य में लगातार नक्सल विरोधी अभियान चलाये जा रहे हैं। लगातार जारी सर्च अभियान में दिनांक 30.12.2022 को उग्रवादी गोविंद विरिजिया के निशानदेही पर छिपाकर रखा गया भारी मात्रा में अत्याधुनिक हथियारों के साथ गोली का जखीरा बरामद किया गया। अभी तक सर्च अभियान में सुरक्षाबलों द्वारा एक ईसास राईफल एक एसएलआर राईफल, दो 303 राइफल, एक सेमी ऑटोमेटिक राइफल एवं 500 से अधिक गोलियां बरामद की गयी है। सुरक्षाबलों द्वारा दिनांक 29.12.2022 को सर्च अभियान के कम में भारी मात्रा में आइइडी कोडेक्स वायर हथियार कारतूस, नक्सली कागजात मोबाइल फोन, दवा एवं दो पिट्ठू दैनिक उपयोग की सामग्री के साथ बरामद किया गया। सुरक्षा बलों के द्वारा पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर सघन सर्च अभियान अभी भी जारी है। झारखंड पुलिस एवं सीआरपीएफ बल कुशल नेतृत्व, रणनीति और दृढ़ संकल्प के साथ नक्सलियों के विरूद्ध लगातार अभियान चला रही है। गौरतलब है कि लोहरदगा जिले के बगडू थाना क्षेत्र के कोरगों गांव एवं आस पास के जंगल में शीर्ष नक्सली 15 लाख के ईनामी रवीन्द्र गंझू के दस्ते द्वारा किसी गंभीर घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से इकट्ठा होने की सटीक सूचना प्राप्त होने पर तत्काल एक सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान के दौरान इस दस्ते से संयुक्त सुरक्षा बलों की भीषण मुठभेड़ हुई। तत्पश्चात अभियान दल द्वारा कोरगो जंगल में तलाशी अभियान चलाया गया। सर्च अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने दो उग्रवादी को गिरफ्तार किया जिसमें एक उग्रवादी जख्मी था जिसने अपना नाम चंद्रभान पाहन उर्फ सीबी पाहन तथा दूसरे उग्रवादी ने अपना नाम गोविन्द विरिजिया बताया। दोनो भाकपा माओवादी का सब जोनल कमांडर है। जख्मी उग्रवादी चंद्रभान पाहन की ईलाज के दौरान मृत्यू हो गयी।

बरपानी के जापानदह जलप्रपात सैलानियों के स्वागत में है सजकर तैयार

सरकार पहल करे तो बन सकता है बेहतर पर्यटन स्थल

हुसैन अंसारी

किस्को/लोहरदगा। झारखंड के लोहरदगा जिला शुरू से ही पर्यटन नगरी के रूप में पूरे झारखंड राज्य एवं देश-विदेशों में अपनी पहचान स्थापित कर दिखाया है। जिले के किस्को, पेशरार, कुडू, भंडरा और सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में कई ऐसे जलप्रपात व झील, नदियां कुदरत ने तोहफा के तौर पर जिलेवासियों को दिया है। जिससे लोहरदगा जिलावासी खुद को काफी खुशकिस्मत और गौरवान्वित महसूस करते हैं। उल्लेखनीय है कि किस्को प्रखंड अंतर्गत अति दुर्गम और उग्रवाद प्रभावित ग्राम पंचायत देवदरिया के ग्राम बरपानी में एक ऐसी जगह है जहां की सुंदरता हर आगंतुकों को अपनी ओर आकर्षित करती है। बात कर रहे हैं बरपानी के जापानदह जलप्रपात का। यहां की घटायें सैलानियों को अपनी खुबसुरत पिकनिक स्पाट पर खींची चली जाती है। सैलानी खुद को रोक नहीं पाते हैं और स्वतः जापानदह जलप्रपात के आगोश में जा पहुंचते हैं। बता दें कि देवदरिया पंचायत क्षेत्र पहाड़ों से घिरा हुआ पंचायत है जहां पर हरे-भरे पेड़ पौधे यूं तो सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्रबिंदु बना रहता है। और पानी की किलकारियां सैलानियों के बीच मनमोहने का काम करती है। सैलानी जापनदह जलप्रपात की बिखेरती हुई सुंदरता का दिन ब दिन कायल होने लगे हैं। ज्ञात हो कि एक दिन बाद नये वर्ष 2023 का आगमन होने वाला है ऐसे में सैलानी नये पिकनिक स्थल पर नये साल का गर्मजोशी के साथ स्वागत कर जश्न मनाने की तैयारी में जुट गए हैं। इधर जोबांग थाना क्षेत्र के ग्राम बरपानी में स्थित जापानदह जलप्रपात की खूबसूरत वादियां में सैलानी आने वाले नये वर्ष को अवसर के रूप में मनाये जाने को लेकर काफी उत्साहित दिखाई दे रहे हैं।

सैलानी ऐसे जा सकते हैं जापानदह जलप्रपात

जिला मुख्यालय से लगभग 35 किलोमीटर दूरी पर स्थित देवदरियां पंचायत अंतर्गत जापानदह जलप्रपात जाने हेतु सैलानी किस्को प्रखंड होते हुए नवाडीह पंचायत और पाखर पंचायत से होकर रिचुघुटा मुख्य पथ होते हुए बहाबार नदी पार करने के बाद बरपानी मोड़ से ढेंगरपानी से पूरब होते हुए कच्ची सड़क से गुजरकर जापानदह जलप्रपात आसानी से पहुंच सकते हैं।

सांस्कृतिक कार्यक्रम से बच्चों में निखरती है प्रतिभा : विधायक

चंदवा। चंदवा के ग्रीन फील्ड अकादमी के प्रांगण में स्कूली बच्चों के द्वारा हर वर्ष कि भांती इस वर्ष भी रंगारंग कार्यक्रम किया। इस वर्ष भी विद्यालय के बच्चों के द्वारा कार्यक्रम किया जा रहा था इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लातेहार के विधायक वैद्यनाथ राम विद्यालय पहुच कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम कि शुरूआत किया। उसके बाद बच्चों के द्वारा गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गयी छात्र-छात्राओं ने समूह गीत नाट्य मंत्र और रंगारंग कार्यक्रम को प्रस्तुत किया। वही आजादी के अमृत महोत्सव को ध्यान में रखते हुए कई देश भक्ति गीत भी प्रस्तुत किया कार्यक्रम 9:00 रात्रि तक चली इस बीच छोटे-छोटे बच्चे के द्वारा मंच संचालन देखकर कार्यक्रम को देखने आए चंदवा के तमाम अभिभावक बहुत ही सराहनीय कर रहे थे और सभी ने कहा कि स्कूल के शिक्षक और बच्चे इस कार्यक्रम को प्रस्तुत करने के लिए बहुत ही मेहनत किए हैं जो आज दिखाई दे रहा है।

पीएम की मां के निधन पर भाजपा समेत अन्य दलों ने जताया शोक

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माताजी हीराबेन जी के निधन पर भाजपा आजसू समेत अन्य संगठनों ने शोक व्यक्त कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। इधर अग्रसेन भवन में भाजपा जनों ने शोकसभा का आयोजन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं व पदाधिकारीयों ने दिवगंत पुण्य आत्मा को शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए दो मिनट की मौन रखा। मौके पर प्रांत संघचालक सच्चिदानंद अग्रवाल ने कहा कि आज पूरा भारत शोकाकुल है। मां मां होती है। मां के कर्मों का बखान करना किसी भी व्यक्ति के लिए सरल नहीं होता है। विशेष ऐसी मां जिन्होंने ऐसे पुत्र को जन्म दिया जिसके नेतृत्व में पूरा विश्व चलने की चाहत रखता हो। जिन्होंने जीवन के अंतिम क्षणों में भी अपने पुत्र को कर्मों की प्रधानता शिक्षा आशीर्वाद के रूप में दे गयी। ऐसे व्यक्तित्व की कहानियां हमें अपने भविष्य को जरूर बतानी चाहिए जिससे जीवन के विकट परिस्थितियों में अपने कर्तव्यों का निर्वाहन का भावना साकारात्मक रूप से बनी रहे और लक्ष्य की प्राप्ति राष्ट्र के प्रगति के साथ साथ होता रहे। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व माटी कला बोर्ड अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रजबिहारी प्रसाद, राकेश प्रसाद, सासंद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, उमेश कास्यकार, सामेला भगत, नीरज कुमार नलिन, हर्षनाथ महतो, राजकुमार वर्मा, बालकृष्णा सिंह, अजय पंकज, अनिल उरांव, सरोज प्रजापति, ओम गुप्ता, बबलू जयसवाल, अनुपम कुवंर, संजय बर्मन, राजेश महतो,पशुपति नाथ पारस,अशोक कास्यकार, जितेंद्र महतो, कलावती देवी, मुरलीधर अग्रवाल, अशोक साहू, सुरेश बैठा, शंकर प्रजापति, अनुप वर्मा, ज्ञानेश गुप्ता, राजीव रंजन उरांव, शुभम केसरी, विकास कास्यकार सहित अन्य उपस्थित रहे।

आंगनबाड़ी सेविका चयन में गड़बड़ी को लेकर लातेहार में धरना

कार्रवाई नहीं हुई तो करेंगे भूख हड़ताल : संजीव

संतोष सिन्हा

बालूमाथ। डीसी कार्यालय के समीप शुक्रवार को बालूमाथ पूर्व उप प्रमुख संजीव सिन्हा के नेतृत्व में आंगनबाड़ी सेविका चयन में भारी गड़बड़ी को लेकर धरना दिया गया। धरना को संबोधित करते हुए पूर्व प्रमुख संजीव सिन्हा ने कहा कि बाल विकास परियोजना बालूमाथ अंतर्गत आने वाले विभिन्न पोषक क्षेत्रों में सेविका सहायिका के चुनाव में बरती गयी भारी गड़बड़ी की ओर ध्यानाकृष्ट करते हुए जांच की मांग किया था। परंतु विगत छह माह के अंतराल में बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में आने वाले कई आंगनबाड़ी केंद्र यथा बालूमाथ, भागिया, बसिया, बालू, पकरी आदि में फर्जी चयन होने की शिकायत मिली है जो विभिन्न अखबारों ने भी प्रमुखता से छापा था। उन्होंने कहा कि प्रखंड बालूमाथ पंचायत चेताग के ग्राम पकरी जो अनुसूचित जाति बहुल क्षेत्र है। यहां अनुसूचित जन जाति की बहुलता दिखाते हुए चुनाव कराया गया है। वही दूसरी ओर बालूमाथ आंगनबाड़ी केंद्र में बिहार राज्य से निर्गत जाति प्रमाण पत्र के आधार पर सेविका का चयन किया गया है जो सरासर अवैध के साथ साथ गैर संवैधानिक है। उन्होंने कहा कि आज एक दिवसीय धरना के माध्यम से कहना है कि आने वाले एक सप्ताह के भीतर उपरोक्त विषय पर जांच कर कारवाई नही की गई तो हमलोग समाहरणालय के समक्ष भूख हड़ताल पर चले जायेंगे। जिसकी सारी जवाबदेही जिला प्रशासन की होगी। इस मौके पर सीमा देवी, रूपा देवी, सुकरी देवी, रेखा देवी, संपत्ति देवी, उर्मिला देवी, कविता देवी, गीता देवी, किरण देवी, प्रीति देवी, सुनैना देवी, रेखा देवी, शांति देवी, सुनीता देवी, प्रमिला देवी, देवंती देवी, सविता देवी, सीता देवी, शकुंतला देवी, किरण देवी, ज्योति देवी ,सबीना प्रवीण, नीलम देवी, अनीता देवी, कविता देवी, रीना देवी, कांति देवी, मालती देवी समेत बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविका मौजूद थी।

हेरहंज में पंचायत समिति की बैठक

हेरहंज-(लातेहार)। प्रखंड सभागार में पंचायत समिति की हुई बैठक जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख पार्वती देवी ने की। बैठक में बारी बारी से सभी विभागो की समीक्षा ली गयी। और पंचायत समिति सदस्यों ने भी कई समस्यावो को रखा। बैठक मे सांसद प्रतिनिधि रूपेंद्र जायसवाल ने कहा की कच्चा और उद ग्राम मे पेयजल, सड़क और बाल विकास की गंभीर समस्या है जिस पर संबंधित बिभाग के पदाधिकारी उस पर जांच कर लोगो को सुविधा मुहैया कराये। पंचायत समिति सदस्य सारिका सिंह, और उपेंद्र यादव ने जिन लाभुक का बिजली बिल दोबारा आरहा है उसे माफ कराने का मामला उठाया मौके पर बीडीओ प्रमुख पार्वती कुमारी, उप प्रमुख विजय उरांव, पंचायती राज पदाधिकारी आत्मा सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी सुरेश राम, बीपीओ राहुल राज, एवं सभी पंचायत समिति सदस्य, मुखिया, मनेरगा कनीय अभियंता अभिषेक कुमार अम्बेडकर, सहायक अभियंता सत्येंद्र उरांव, सभी पंचायत सचिव व रोजगारसेवक शामिल थे।

मटलौगं मोड़ के पास ट्रक पलटा

मनिका (लातेहार)। मनिका प्रखंड स्थित मटलौगं मोड़ के पास कंटेनर ट्रक वाहन असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। राहत की बात रही कि इस दुर्घटना में चालक एवं उप चालक दोनों सही सलामत बच गये। दुर्घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों के द्वारा थाना प्रभारी मनिका राणा भानु प्रताप सिंह को जानकारी दी गयी। जिसके तुरंत बाद मनिका थाना के एसआई मिथिलेश कुमार,सिपाही कमलेश कुमार, समेत पुलिस बल के अन्य जवान घटनास्थल पर पहुंचे और दुर्घटना से संबंधित जानकारी चालक एवं उप चालक दोनों से लिया। पुलिस के द्वारा आगे की कार्रवाई जारी थी।

मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत लाभुकों के बीच बकरी का हुआ वितरण

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड कार्यालय परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन कर मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत चार लाभुकों के बीच एक बकरा और चार बकरी का वितरण किया गया। जिसमें विधवा को 90% अनुदान पर और ऐसे 50% अनुदान पर यह वितरण किया गया मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी, बीडीओ, प्रखंड प्रमुख ममता देवी ने संयुक्त रूप से यह वितरण किया। वही जानकारी देते हुए बीडीओ ने कहा कि सरकार की सोच है कि गरीब स्वरोजगार से जुड़े और उन्नति करें। इसी के तहत आज चार लाभुकों के बीच एक बकरा और 4 बकरी का वितरण किया गया। जिसमें विष्णु मसोमात, सुमी देवी, आशामुनी कुमारी, सकलवा मसोमात सभी शेरगड़ा जाला निवासी शामिल है। मौके पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ सुशीला बागे, बालूमाथ पंचायत समिति सदस्य रजिया सुल्तान सहित कई लोग मौजूद थे।

वाहन चेकिंग अभियान चला

बरवाडीह। तेज गति से वाहन चलाने व बगैर हेलमेट वालों के खिलाफ परिवहन विभाग व बरवाडीह पुलिस ने यातायात नियम उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की और ऑनलाइन लगभग 150000 हजार रुपये का जुमार्ना वसूला है। शुक्रवार को जिले के उपायुक्त के निर्देश पर परिवहन विभाग के डीटीओ, बीडीओ, थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, आईटी असिस्टेंट राजेश कुमार, रजनीकांत पंडित के नेतृत्व मे केचकी संगम तट के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों पर चालान की कार्रवाई की। इस दौरान थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने कहा कि पुलिस और परिवहन विभाग के स्तर से निरंतर आपसी समन्वय स्थापित करते हुए संयुक्त चेकिंग किये जाने तथा यातायात नियमों के प्रति लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है। हाल ही में प्रखंड मुख्यालय तथा राजा मेदनीराय कॉलेज के समीप चलाया गया था। इस दौरान आवगमन कर रहे वाहनों को चेक करते हुए वाहन चालकों से यातायात नियमो का पालन किए जाने की अपील की गयी थी।

जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्या

लातेहार। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में आए ग्रामीणों व आम-जन ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर उपायुक्त से मिले एवं आवेदन देते हुए समस्याओं को ससमय निराकरण करने की मांग की। उपायुक्त द्वारा क्रम वार तरीके से सभी की समस्याओं को सुनी गयी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। फरियादियों की समस्याओं को लिखित आवेदन के माध्यम से प्राप्त कर उन्हें संबंधित पदाधिकारियों को निवारण को लेकर अग्रसारित किया गया। ज्ञात हो कि आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण, जमीन विवाद, रोजगार, आदि संबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

आग लगकर पुआल हुआ खाख

बारियातु। थाना क्षेत्र के इटके ग्राम निवासीय आलेअहमद के घर में रखे पुआल में आग लगने से पुआल जल कर हुआ खाख। लगी आग के संबंध में जानकारी देते हुए पीडीत अहमद ने बताया कि मै अपने पशुओं के खाने के लिए पुआल खरिदा था कि शुक्रवार दो पहर अचानक पुआल मे आग धधक उठा आस पास के ग्रामीणों की सक्रियता से आग पर काबू पाया जाता तब तक पुरा पुआल जलकर खाक होगया। वही आग के चपेट में आने से एक भैंस का बच्चा भी झुलस गया। इस घटना में लगभग बीस हजार का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने संबंधित विभाग से जानवर को खिलाने के लिए मुआवजा की मांग किया है।

अवैध शराब के विरुद्ध चला अभियान

बालूमाथ। लातेहार एसपी के निर्देश पर शुक्रवार अवैध देशी शराब के खिलाफ बालूमाथ थाना प्रशांत प्रसाद ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सदर बालूमाथ, मुरपा, सिरम, भगिया, मकईयाटांड़ अन्य इलाकों में अवैध शराब जावा महुआ के विरुद्ध अभीयान चला कर लगभग पांच सौ लीटर महुआ शराब व भट्टी को नष्ट किया। इस कारवाई में पुलिस ने कई किलो महुआ जावा एवं शराब बनाने वाली सामग्री को भी नष्ट करने की कारवाई की है। अवैध देशी महुआ शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आगे से शराब नही बनाने को लेकर सख्त हिदायत भी दीया। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि महुआ शराब के सेवन से इस क्षेत्र के युवाओं का भविष्य अंधकार में चला जा रहा है। उन्हें इससे बाहर निकल कर बेहतर भविष्य का निर्माण करने की जरूरत है। अवैध देशी महुआ शराब के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब के कारोबार करने वाले कारोबारियों में हड़कंप मच गयी है।

सड़क दुर्घटना में एक की मौत एक घायल

चंदवा। चंदवा के सीएमएम पथ पर वृहस्पतिवार को शाम को मोटरसाइकिल सवार सुधीर मुंडा बैलगाड़ा निवासी पिता नन्हे मुंडा है परंतु साइकिल सवार की जोरदार टक्कर से देवनाथ नदी पुल पर ही मौत हो गई जिसका पहचान हो गयी है। परंतु पुलिस परिजनों से मिलने के बाद ही कुछ कहने को तैयार है इन दिनों चंदवा के चारों मुख्य सड़क पर सड़क दुर्घटना बहुत ही बढ़ गयी। है बताते चले कि घटना शराब पीने से ज्यादा बढ़ गयी है पुलिस अवैध शराब के भट्ठियों में लगातार छापेमारी कर रही है परंतु शराब जीने वाले की संख्या कम नहीं हो रही है जिससे सड़क दुर्घटना में काफी इजाफा हुआ है।

सड़क की मरम्मत करायी

चंदवा। चंदवा के एनएच 99 पर स्थित श्री श्री मां उग्रतारा भगवती जी का मंदिर स्थापित है मंदिर एनएच से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर है मंदिर जाने का रास्ता कहीं-कहीं पर खराब हो गया था जिससे आसपास के लोगों ने मैसर्स संतोष कंस्ट्रक्शन के लोगों को कहा कि मंदिर जाने के रास्ता को थोड़ा बरामती कर दिया जाये जिससे माता के श्रद्धालुओं को जाने में कठिनाइयां होती है सड़क पर कहीं-कहीं गड्ढे बन गए हैं जिसकी जानकारी संतोष कंस्ट्रक्शन के मालिक संतोष कुमार सिंह को हुई तो उन्होंने अपने वर्करों को निर्देश दिया कि मां उग्रतारा मंदिर जाने वाले रास्ते को अभिलंब मरम्मत करा दिया जाए उसके बाद कार्य कर रहे वर्कर जितेंद्र कुमार साहू पंकज यादव इंजीनियर अशोक कुमार सिंह सलमान अंसारी ने मिलकर सड़क की बारामती की इसको देखकर नगरवासी बहुत लोगों को साधुवाद दिया।

आदिम जनजाति के लोग प्रखंड कार्यालय का किया घेराव

मनिका (लातेहार)। मनिका प्रखंड स्थित ढुंढु पंचायत के ग्राम बिचली दाग गांव के आदिम जनजाति के लोगों ने शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय का घेरा। कुछ अधिकारियों की कमियों की वजह से आदिम जनजाति के लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। मामले बताते हुए लोगों ने बताया कि आवास योजना हेतु उनके गांव के 11 लोगों का नाम चयन हुआ है। जिसके बाद उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी मनिका वीरेंद्र किंडो से जियो टैग करके रिपोर्ट भेजने का आदेश दिया था। लेकिन बीडीओ काफी दिन बीत जाने के बाद भी जिओ टैग नहीं किया। जिससे प्रशासन के प्रति लोगों में काफी आक्रोश है। बिचली दाग गांव में सैकड़ों परहिया जाति के लोग निवास करते है। जिसके बाद से परिवार के 6 लोग 3 वर्षों से विद्यालय में रहने को विवश हैं। परिवार के लोगों ने इसकी जानकारी कई बार पंचायत के मुखिया और प्रखंड प्रशासन को दी लेकिन आज तक उन लोगों को रहने के लिए आवास योजना का लाभ नहीं दिया गया। जिससे परिवार के लोगों में प्रखंड प्रशासन के प्रति काफी गुस्सा था। मौके पर उपस्थित लोगों ने जिला प्रशासन व झारखंड सरकार से आदिम जनजातियों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं का लाभ दिलाने का गुहार लगाया है।

क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

बारियातु। प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम भाटचतरा खेल मैदान में जय माँ उग्रतारा कल्ब भाटचतरा द्वारा सुपर क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ शुक्रवार को मुखिया सुरेश उरांव, समाजसेवी गौतम सिंह, अध्यक्ष सह समाजसेवी कुंदन कुमार सिंह, रिंसी सिंह, विजय सिंह, डब्लू सिंह, उपाध्यक्ष विकास कुमार यादव, सचिव प्रकाश, कोषाध्यक्ष अजय राणा ने संयुक्त रूप से फिता काट व बल्लेबाजी कर किया। मौके पर मुखिया उरांव ने उपस्थित खिलाड़ियों एवं दर्शकों से कहा कि खेल मनुष्य को हर क्षेत्र में मजबूत बनाता है। क्रिकेट ही नहीं बल्कि कबड्डी, वॉलीवाल, फुटबॉल, कुश्ती, हाकी खेल में भी बच्चे को अपना हुनर दिखाना चाहिए। बच्चा देश का भविष्य होता है वह कोई भी खेल को अगर अच्छा से खेले तो एक न एक दिन अपने परिवार के साथ-साथ गांव, प्रखंड,जिला ही नहीं बल्कि पुरे देश का नाम भी रोशन करता है। वहीं समाजसेवी सिंह ने कहा कि खिलाड़ी खेल की क्षेत्र में पुरी निष्ठा के साथ मन लगाकर खेल को खेले तो दर्शकों को भी देखने में अच्छा लगता है। और आगे बढ़ने का हौसला मिलता है।

हाथियों के कुचलने से मौत

रायडीह (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के सूदूर कांसीर पंचायत के मुरुमकेला गोड़ीटोली गांव निवासी रामदयाल मुंडा उम्र 52 वर्ष पिता स्व.मोहन मुंडा की हाथियों के कुचलने से मौत हो गई। मृतक के परिजन जगदेव मुंडा ने बताया कि उसका भाई रात में बारी को पहरा देने गया था और जब सुबह वह बारी तरफ गया तो देखा कि उसका भाई मृत पड़ा था। इसके बाद घटना की सूचना वनविभाग और पुलिस को दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोपो जंगल की तरफ से ग्रामीणों के द्वारा हाथियों के दल को खदेड़कर भगाया जा रहा था। इससे अनजान मृतक अपने बारी में था और हाथियों के द्वारा मारा गया। जंगली हाथियों का झूंड बीते 24 दिसंबर की रात से ही छत्तीसगढ़ से प्रवेश कर झारखंड के सीमावर्ती इलाकों में उत्पात मचा रहा है। लेकिन वनविभाग के द्वारा हाथियों को भगाने का पर्याप्त उपाय नहीं किया जा रहा है जिसके परिणाम शुक्रवार रात में एक व्यक्ति की जान गई। घटना के बाद वनविभाग के द्वारा मृतक के भाई को अंतिम संस्कार के लिए तत्काल दस हजार रुपये की आर्थिक सहायता दिया गया और पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया

चैनपुर (आजाद सिपाही)। उपायुक्त सुशांत गौरव शुक्रवार को चैनपुर प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। साथ ही चैनपुर के पॉपुलेशन को देखते हुए अनुमंडल अस्पताल को बेंदोरा में ना बनाकर चैनपुर में ही बनाने के लिए चैनपुर बीडीओ एवं सीओ को डीपीआरओ तैयार का निर्देश दिया। उपायुक्त ने चैनपुर थाना के पुराने थाना भवन देखते हुए उनका पुनः उपयोग करने के उद्देश्य भवनों की मरम्मत एवं रंग रोगन एवं सुंदरीकरण करते हेतु संबंधित पदाधिकारी को प्रस्ताव देने का निर्देश दिया। इसके अलावा ब्लाक रोड पर स्थित तालाब का सुंदरीकरण करने पर चर्चा की गई। वहीं आरइओ ऑफिस से सीआरपीएफ कैंप तक पीसीसी सड़क निर्माण का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय परिसर में घुसते ही जेएफएससी गोदाम का अवलोकन किया। इस दौरान सहायक गोदाम प्रबंधक फुलझरी भगत के द्वारा बिना माप तौल के अनाज की रिसीविंग कर गोदाम में रखवाई जा रही थी। साथ ही डीलरों को भी बिना माप तोल के ही खाद्यान्न की आपूर्ति की जा रही थी। इसे देख उपायुक्त में सहायक गोदाम प्रबंधक को जमकर फटकार लगाई और कार्यप्रणाली में सुधार लाने का निर्देश दिया। बिना माप तोल के अनाज की रिसीविंग ना लेने और डीलरों को भी नहीं देने का निर्देश दिया। वही बीडीओ डॉ. शिशिर कुमार सिंह एवं एमओ गौतम कुमार को गोदाम पर विशेष निगरानी रखते हुए समय-समय पर निरीक्षण का निर्देश दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को निर्देश दिया कि अपने कार्य प्रणाली में सुधार लायें। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी प्रति किस्कू, बीडीओ डॉ. शिशिर कुमार सिंह, अंचलाधिकारी गौतम कुमार, चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

अज्ञात विक्षिप्त का शव पुलिस ने किया बरामद

बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र स्थित प्रखंड कार्यालय परिसर से शुक्रवार सुबह बिशुनपुर पुलिस ने एक अज्ञात विक्षिप्त का शव बरामद किया है इधर प्रशासन के द्वारा मृतक के शव की पहचानी के लिए काफी प्रयास किया गया परंतु उसका पहचान नहीं हो सका जिसके उपरांत बिशुनपुर पुलिस के द्वारा पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर गुमला भेजा गया है। बताया जाता है कि उक्त मृतक को 2 दिन पूर्व से मुख्यालय में देखा जा रहा था वह चलने फिरने में भी सक्षम नहीं था। थाना प्रभारी सदानंद सिंह ने कहा कि शव पहचान हो जाए इसके लिए पुलिस प्रयास कर रही है बॉडी पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पोस्टमार्टम उपरांत उसे शीत ग्रीह में समय अवधि तक रखा जाएगा ताकि उनके परिजनों को ढूंढ कर उसे सौंपा जा सके।

टीकाकरण की शुरूआत की गयी

सिसई (आजाद सिपाही)। कोरोना जैसे महामारी से बचाव को लेकर रेफरल अस्पताल सिसई में वैक्सीनेशन की शुरूआत शुक्रवार से की गई है। इसके लिए एक विशेष कैंप लगाया गया है। शुक्रवार को अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डॉ ललिता मिंज के नेतृत्व में इस अभियान की शुरूआत की गई। डॉ मिंज ने बताया कि शुक्रवार को-वैक्सीन लेने वाले लोगों को बूस्टर डोज दिया गया। शुरूआती समय में कुल 10 लोगों को वैक्सीनेट किया गया है। कार्यक्रम के शुभारंभ में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ललिता मिंज अस्पताल के लिपिक अभिमन्यु कुमार, प्रोग्राम मैनेजर नवीन उरांव, ब्लॉक डाटा मैनेजर जयकांत उरांव, आई एफएसी संस्था के ब्लॉक को ऑर्डिनेटर सोमनाथ कुमार, नर्स रुक्मणी कुमारी के उपस्थिति में की गई। इस संबंध में अस्पताल कर्मियों ने बताया कि वैक्सीनेशन का काम शुरू कर दिया गया है, फिलहाल को-वैक्सीन लेने वाले लोगों को बूस्टर डोज दिया जा रहा है। इसके लिए अस्पताल में एक सेंटर बनाया गया है। नए साल की शुरूआत से ही माइक्रो प्रोग्राम के बाद विभिन्न स्थानों में सेंटर बना कर पुनः वैक्सीन कराया जायेगा। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने लोगों को जागरूक रहने की सलाह दी और कहा कि कोरोना से बचने के लिए सभी व्यक्ति मास्क का प्रयोग करें और सैनिटाइजर का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने भीड़-भाड़ वाले स्थानों में जाने से परहेज करने की सलाह दी। जिन्हें दो वैक्सीन लग चुका है। वे अपने बूस्टर डोज भी लगवा लें, और जो वैक्सीनेशन से बच गए हैं, वें भी आकर वैक्सीन लगवा लें। इधर आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना को लेकर रेफरल अस्पताल कर्मचारियों और सहियाओं के सहयोग से जागरूकता रैली भी निकाली गई।

जैविक कृषि मेला में किसानों ने दिखाया पसीने का रंग

ग्रामीणों ने तैयार की जैविक खाद-दवा, जैविक विधि से उगायी सब्जियां रहीं आकर्षण का केंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। मुरकुंडा पंचायत के कोटेंग्सेरा गांव में एक दिवसीय जैविक कृषि मेला का आयोजन किया गया। इसका अयोजन प्रदान और ग्रामीणों के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत भी मौजूद थे। इस मेले में ग्रामीणों द्वारा तैयार जैविक खाद एवं दावा, जैविक विधि से उगाये हुए सब्जी, आत्मा, कृषि एवं उद्यान विभाग द्वारा लगाये गये स्टाल आकर्षण का केंद्र रहे। बताया गया कि कोटेंग्सेरा में 230 परिवार वाले इस गांव में प्रदान के तकीनीकी सहयोग से 120 परिवार जैविक विधि से खेती कर रहे हैं। जिसमे देशी बीज, जैविक खाद दवा का प्रयोग, मचान खेती किया जा रहा है। इस गाँव में एक लिफ्ट लगाया गया है जिसमे 15 परिवार जुड़े हुए हैं। समेकित संसाधन प्रबंधन के तहत यहां 1000 एकड़ भूमि को घाटी से चोटी तक उपचार किया जा सकेगा। जिसमे बागबानी, तालाब, कुआं, डोभा, चेक डैम, बकरी मुर्गी शेड, टीसीबी इत्यादि योजना लिया जा सकेगा। बकरी ट्रस्ट द्वारा प्रदान की जाने वाली चिकित्सा सेवा एवं फीड पैकेट्स,कृषि एवं आत्मा विभाग द्वार मेले में टपक सिंचाई, पंप की प्रदर्शनी की गयी एवं किसानो से आवेदन लिए गये। इस गांव में कृषि एवं उद्यान विभाग से 100 परिवार को आच्छादित क्या गया है। जिसमें चना, सरसों, टमाटर इत्यादि का बीज दिया गया है, इस गांव को संसद महोदय द्वारा एग्री स्मार्ट विलेज के रूप में चुना गया है। जिसमें शत प्रतिशत परिवार योजनाओं से अच्छादित किये जा सकेंगे।

सांसद सुदर्शन भगतः सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि रसायन से बेशक भरपूर अनाज आज देश में उपज रहा है पर उसका विपरीत भयावक असर हमारे जन सेहत जीव जल जमीन जंगल पर पड़ रहा है। इसीलिए भारत सरकार भी रासायनिक खाद के उपयोग को कम कर जैविक खेती को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने ने कहा कि जैविक खेती, बकरी पालन और एफपीओ के द्वारा बाजार व्यवस्था पर काम कर रहे प्रदान संस्था के प्रयास काफी सराहनीय हैं। उन्होंने साल 2023 के लिए किसानो से आग्रह किया कि मोटे अनाज जैसे मडुआ, गोंदली आदि की खेती करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि कोटेंगसेरा गांव को स्मार्ट एग्री विलेज के रूप में स्थापित करने के क्रम में कृषि संबंधित सभी योजनाएं इस क्षेत्र में लागू की जायेंगी। उन्होंने इस संबंध में जिला के संबंधित पदाधिकारियों से बातचीत की।

उद्यान विकास पदाधिकारीः उद्यान विकास पदाधिकारी नेहा निश्चल ने गांव वालो को जैविक कृषि करने वालों को सराहा और बाकियों को प्रोत्साहित व प्रेरित किया। उन्होंने जैविक से जन, जल, जमीन पर होने वाले लाभ के बारे में भी बताया। साथ ही उसके विपरण को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया।

सुजीत दासः राज्य योजना इकाई कृषि विभाग से सुजीत दास ने कहा कि चूंकि यह गांव कृषि स्मार्ट विलेज के रुप में चुना गया तो इससे इस गांव के लोग को इसका लाभ मिलेगा।

किये गये पुरस्कृत

कार्यक्रम में गांव की तीन महिला किसान सुनीता देवी, शांति देवी सुरज्मानी देवी को अग्रसर किसान के रुप में मौके पर पुरस्कृत किया गया। इन लोगों ने जैविक विधि से खेती करते हुए 2 फसल में क्रमशः 20000-30000 रुपये आमदनी कर के सरकार की योजना को सफलता के पायदान पर पहुंचाया है।

ये भी रहे उपस्थित

मेले में सांसद प्रतिनिधि भोला चौधरी, प्रदान से अजय, सुरभि, अर्पण, मेराज, कल्लोल एवं ज्योति के साथ साथ कई स्थानीय जन प्रतिनिधि एवं हजारों ग्रामीण उपस्थित थे।

उपायुक्त ने संवाददाता सम्मेलन में बतायी वर्ष 2022 में जिला की प्रमुख उपलब्धियां

जिला के सर्वांगीण विकास और वहां के सकारात्मक माहौल में प्रेस की होती है अहम भूमिकाः उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। उपायुक्त सुशांत गौरव ने जिले के मीडिया कर्मियों के साथ वार्ता के दौरान जिले के लगभग सभी विभागों के द्वारा किए गए कुछ प्रमुख कार्यों को रेखांकित करते हुए उन पर संक्षिप्त प्रकाश डाला एवं पूरे साल जिले की मीडिया के द्वारा मिले सकारात्मक सहयोग पर अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी जिले के सर्वांगीण विकास और वहां के सकारात्मक माहौल में प्रेस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कृषि, खेल, स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, पथ, नगर विकास आदि विभागों के अलावा सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में जिले की वर्तमान स्थिति, विभिन्न निर्माण योजनाओं की अद्यतन प्रगति एवं आगामी वर्ष की अपनी प्रतिबद्धताओं के बारे में बड़ी सहजता से रखते हुये प्रेस कर्मियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न समाचार माध्यमों के प्रतिनिधियों द्वारा पूछे गए पूरक प्रश्नों के भी जवाब दिये। पूर्व के आयुष्मान कैंप में पंजीकरण कराने वाले 16 पत्रकारों में से कुछ लोगों को उपायुक्त के हाथों आयुष्मान स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये।

उपायुक्त ने किया महिला स्वयं सहायता समूह के बीच मिनी ट्रैक्टर का वितरण

गुमला (आजाद सिपाही)। महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को जिला भूमि संरक्षण कार्यालय अंतर्गत कृषि यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन योजना के तहत जिला कृषि कार्यालय परिसर में 10 महिला स्वयं सहायता समूह को मिनी ट्रैक्टर एवं रोटावेटर का वितरण उपायुक्त सुशांत गौरव के हाथों किया गया। मिनी ट्रैक्टर एवं उसके सहायक उपकरण के वितरण के तहत भूमि संरक्षण निदेशालय रांची झारखंड के द्वारा 80% अनुदान राशि उपलब्ध करवाया गया। वित्तीय वर्ष 2021-22 के तहत कुल लक्ष्य 38 महिला समूहों के विरुद्ध अब तक 20 समूहों के बीच मिनी ट्रैक्टर का वितरण किया जा चुका है। उपायुक्त ने बताया कि इन सभी महिलाओं को पूर्व में ही जेएमटीसी के माध्यम से मिनी ट्रैक्टर चलाने का प्रशिक्षण भी दिया गया है। जिसके तहत महिलाओं के समूहों को मिनी ट्रैक्टर दिया जा रहा है। 12 महिलाओं के महिला समूहों को 1 ट्रैक्टर दिया गया। जिले के 36 महिला समूहों के आवेदन को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।जिसमें से अब तक 20 महिला समूहों के बीच मिनी ट्रैक्टर का वितरण भी किया जा चुका है। जिला प्रशासन महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयासरत है।

कुम्हारी हाफू में हुए तिहरे हत्याकांड का खुलासा

पति ही निकला गर्भवती पत्नी और बच्चे का हत्यारा

आजाद सिपाही संवाददाता

बसिया। गुरुवार को बसिया थाना क्षेत्र के कुम्हारी हाफू में हुए तिहरे हत्या कांड में मृतक गर्भवर्ती महिला अमीषा एवं उसके दो वर्षीय बच्ची का हत्यारा उसका पति 32 वर्षीय मिथलेश गोप पिता स्व दशरथ गोप ही निकला। बसिया एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि मिथलेश गोप अमीषा के अलावे भी एक अन्य महिला बूटाइन देवी को दूसरी पत्नी के रूप में रखे हुए था और इसी बात को लेकर मिथलेश गोप और अमीषा में लड़ाई झंझट होते रहता था।दिनांक 28 दिसंबर को बार बार आपसी झगड़े और दूसरी पत्नी बुटाइन देवी के कहने पर शाम को अपने घर पालकोट थानांतर्गत सतखारी गाँव से अपनी गर्भवती पत्नी अमीषा और उसकी 2 वर्षीय को पत्नी के मायके बसिया थानांतर्गत बनई बिजराटोली पहुँचाने के लिए निकला ऐसी बीच मिथलेश रास्ते में मौका देखकर झगड़ा शुरू किया और घुनसेरा नदी के पास अपनी पत्नी को कुचकर मार डाला।मिथलेश ने गुस्से में अपनी दो वर्षीय बच्ची को भी पटक कर मार डाला और वापस अपने दूसरी पत्नी के पास पालकोट सतखारी चला गया।घटना के उपरांत गुमला एसपी एहतेशाम वकारीब के द्वारा एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी के नेतृत्व में टीम गठित कर मिथलेश को पालकोट से एवं 27 वर्षीय बुटाइन देवी उर्फ अमृता देवी पिता स्व चारो साहू को सतखारी से गिरफ्तार कर लिया एवं उनके निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त खून लगा पत्थर,लावा कम्पनी का मोबाइल फोन, घटनास्थल से खून लगा मिट्टी, खून लगा जैकेट एवं एक गमछा बरामद कर लिया। दोनों गिरफ्तार आरोपियो ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। एसडीपीओ बताये की इस कांड के उदभेदन में मुख्य रूप से इंस्पेक्टर एसएन मंडल और पालकोट थाना प्रभारी की मुख्य भूमिका रही।

ये रहे मौजूद

छापामारी टीम में इंस्पेक्टर एसएन मंडल,बसिया थाना प्रभारी छोटू उरांव, पालकोट थाना प्रभारी अनिल लिंडा, एसआइ मंटू कुमार एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

अवैध शराब को लेकर उत्पाद विभाग ने की छापेमारी

सिसई (आजाद सिपाही)। पुसो थाना क्षेत्र के अरको, पहामु एवं महुआ टोली गांव में शुक्रवार को अवैध शराब को लेकर उत्पाद विभाग के द्वारा छापेमारी की गई। विभाग के जिला उत्पाद अवर निरीक्षक सोनु कुमार व पुसो थाना प्रभारी सत्यम गुप्ता की संयुक्त टीम ने इन गांवों के घरों में बने महुआ शराब को लेकर छापेमारी के दौरान लगभग 300 केजी महुआ शराब जावा को नष्ट किया, वहीं करीब 50 लीटर महुआ शराब जब्त किया। अवैध शराब बनाने व बेचने वाले बबलू उरांव (30), अनु उरांव (45), सुरेंद्र साहू (35) तीन लोगों को उत्पाद विभाग गुमला की टीम अपने साथ हिरासत में ले गई है। इस बावत थानेदार सत्यम गुप्ता ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री व सेवन को रोकने के लिए प्रशासन लगातार प्रयास कर रही है। नशापान से विभिन्न तरह के अपराध एवं हादसे होते हैं। इससे गांव समाज में प्रतिकूल प्रभाव व हिंसा व जहरीली नशीली शराब सेवन करने वालों के जान माल का नुकसान एवं परिजनों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र में अवैध शराब से जुड़े लोगों पर ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

प्रमुख ने किया धान अधिप्राप्ति का शुभारंभ

भरनो (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित भरनो लैंपस में शुक्रवार को धान अधिप्राप्ति का शुभारंभ प्रमुख पारस नाथ उरांव ने फीता काट कर किया। इस दौरान पंडा मसिया के महाबीर पंडा ने 24 क्विंटल, संजय पंडा ने 24, भरनो के कुम्हरो के बंधन उरांव 28 एवं भरनो के रविशंकर बरवार 25 ने क्विंटल धान का बिक्री किया। सचिव देवराज सिंह ने बताया कि भरनो लैंपस में वर्तमान में 312 किसानों ने रजिस्ट्रेशन किया है, रजिस्ट्रेशन का कार्य जारी है। लैम्पस में 31 मार्च तक धान की अधिप्राप्ति की जायेगी। रजिस्टर्ड किसानों को सरकार द्वारा धान का समर्थन मूल्य 2040 रुपये एवं राज्य सरकार द्वारा 10 रुपए का बोनस सहित कुल 2050 रुपये प्रति क्विंटल की दर से दो किस्तों में सीधे बैंक खाते में भुगतान किया जायेगा। शुभारंभ कार्यक्रम में प्रमुख पारस नाथ उरांव, अध्यक्ष रविशंकर बरवार, सचिव देवराज सिंह, कम्प्यूटर ऑपरेटर बलदेव उरांव, बिनय पंडा, लेपा कोटवार, सोमा उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

कोरोना से बचाव के लिए जागरूकता और टीकाकरण महत्वपूर्णः बीडीओ

डुमरी (आजाद सिपाही)। प्रखंड स्तरीय जागरूकता रैली को संबोधन करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी एकता वर्मा ने कहा कि कोरोना के संभावित खतरा को देखते हुए सभी प्रखंड वासी सतर्क रहें और कोरोना का टीका एवं बूस्टर डोज जरूर ले। नियमित मास्क का उपयोग करें, अपने हाथों को कुछ समय के अंतर नियमित साफ करें, साबुन और पानी का उपयोग करें, या अल्कोहॉल आधारित सैनिटाइजर से हाथ रगड़ें। खांसने या छींकने पर अपनी नाक और मुंह को अपनी मुड़ी हुई कोहनी या एक टिश्यू से ढक लें। प्रखंड स्तरीय जागरूकता रैली में उपस्थित सभी पंचायत के मुखिया ने भी अपने-अपने पंचायत में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने के लिए एवं स्वास्थ्य विभाग से तालमेल कर टीका दिलाने एवं जागरूकता करने पर हामी भरें। ज्ञातव्य होगी पिछले सप्ताह प्रखंड स्तरीय समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें तथा 10 बेड का कोविड- बचाव से सेण्टर नवाडीह पंचायत भवन में तैयार रखें जिसमें को कोविड बचाव के लिए सभी आवश्यक सामग्री उपलब्ध हो। कोविड बचाओ सेंटर के लिए फिया फाउंडेशन एवं मुखिया के नेतृत्व में नावाडीह पंचायत भवन का निरीक्षण किया गया तथा अगले 5 तारीख तक पूरी तरह से तैयार करने के लिए सहमति बना। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए, अंचल अधिकारी, प्रखंड प्रशासन, सभी पंचायत के मुखिया, जेएसएलपीएस, फिया फाउंडेशन एवं स्वास्थ्य विभाग का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

अवैध शराब बेचने के आरोप में जेल

सिसई (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बरगांव टंगरा टोली निवासी हरिमोहन साहू को अवैध शराब बेचने के आरोप में शुक्रवार को जेल भेज दिया गया। इस बावत थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को हरिमोहन के घर पर छापेमारी की गई। उसके घर से 15 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत कांड अंकित कर हरिमोहन साहु को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया गया है।

स्टेडियम की कुछ दुकानों के आवंटन के लिए 8 जनवरी तक मिलेंगे फार्म

गुमला (आजाद सिपाही)। स्टेडियम प्रबंध समिति गुमला की कुछ दुकानों के आबंटन को लेकर जिला प्रशासन गंभीर दिखायी दे रहा है। दूकान जरूरत मंद के हाथ में रहे, दूकान आबंटन में अनियमितता नहीं बरती जाये, साथ ही आवेदक जिला प्रशासन की कार्य शैली से संतुष्ट हों, इन सब बिंदुओं का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। इसे लेकर उपायुक्त गुमला सह अध्यक्ष जिला स्टेडियम प्रबंधन समिति, गुमला की अध्यक्षता में अयोजित बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार स्टेडियम प्रबंधन समिति द्वारा पूर्व से निर्मित कुछेक दुकान खाली होना प्रक्रियाधीन है। जिसके आवंटन हेतु आम नागरिकों से आवेदन पत्र प्राप्त किये जाने की प्रक्रिया जारी है । इसमें कहा गया है कि आवेदक डाले जाने वाले आवेदन पत्र में यह स्पष्ट करेंगे कि उनके द्वारा किस चीज की दुकान खोली जायेगी। उससे संबंधित यदि कोई प्रमाण पत्र उपलब्ध है, उसे आवेदन के साथ संलग्न करना होगा। आवेदन पत्र अनुमंडल पदाधिकारी, गुमला के कार्यालय कक्ष में रखे गये सीलबंद पेटी में डाले जा रहे हैं। आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 08 जनवरी 2023 तक निर्धारित है। तत्पश्चात सीलबंद पेटी में डाले गए सभी आवेदन पत्रों को 10 जनवरी 2023 को खोलकर आवेदन पत्र की छंटनी की जायेगी। सीलबंद पेटी को खोलने से लेकर आवेदन पत्र की छंटनी किये जाने का पूर्ण रूप से वीडियोग्राफी होगा। उसके बाद पदाधिकारियों की गठित कमेटी के समक्ष लॉटरी प्रक्रिया के द्वारा दुकानों का आवंटन किया जायेगा।

महापौर ने अपने दल बल के साथ नव वर्ष को लेकर चौक चौराहों का किया निरीक्षण

नव वर्ष की तैयारी में है निगम : महापौर

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर ने अपने पूरे दलबल के साथ नए वर्ष के स्वागत में चौक चौराहे, पार्क, मॉडलर टॉयलेट की विशेष सफाई स्वयं देखने निकली। इस दौरान महापौर ने कहा कि नव वर्ष में पूरे निगम क्षेत्र के लोग विशेषकर महिलाएं ,बच्चे घर से बाहर शहर तथा पार्क में घूमने निकलते है जहां निगम का दायित्व स्वच्छता,सुंदरता एवं सुरक्षा के लिए बढ़ जाता है। इसी क्रम में गांधी उद्यान,अंबेडकर पार्क,मरीन ड्राइव की विशेष सफाई,रास्ते में लगे मॉडलर टॉयलेट की सफाई के साथ ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव एवं चौक चौराहों की मूर्तियों की सफाई एवं रास्ते पर पड़े कचरे उठाने का निर्देश निगम कर्मियों को दिया है। महापौर ने कहा कि 2023 में शहर के लिए कई प्रमुख योजनाएं धरातल पर नजर आएंगे जिसमें प्रमुख महिला सिटी बस का परिचालन, निगम का नया भवन,भीखम दास मंदिर तक मरीन ड्राइव, तिरंगे लाइट से सजा कोयल पुल, नए स्वरूप में चौक,चौराहे, एयर कंडीशन शव वाहन का परिचालन ,शिवाजी मैदान का जीर्णोद्धार,स्टेट बस डिपो का जीर्णोद्धार,बच्चों के लिए स्केटिंग जॉन के साथ गांधी उद्यान का नया स्वरूप, चैनपुर, शाहपुर, रेडमा, पुलिस लाइन रोड, सिंचाई कॉलोनी में बच्चों के लिए मल्टी प्ले स्टेशन तथा शीतल पानी की व्यवस्था,पुलिस स्टेडियम का जीर्णोद्धार, चौधराना बाजार क्षेत्र के रोडो में टाइल्स लगाना, हर मुख्य मुख्य मार्ग का कालीकरण एवं चौड़ीकरण के अलावे शहर की सबसे प्रमुख योजना शहरी जलापूर्ति फेस 2 का कार्य प्रारंभ प्रमुख होगा। महापौर ने शुक्रवार को भ्रमण के क्रम में कई योजनाओं का भी निरीक्षण किया तथा कुछ योजनाओं के भुगतान पर रोक लगाते हुए पुनः कार्य करने का निर्देश दिया। महापौर ने कहा जल्द 14 जनवरी के बाद हर वार्ड में महापौर आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी जिसमें निगम की पूरी टीम संबंधित वार्ड पार्षदों के साथ उपस्थित रहेंगे ताकि 2023 में ली जाने वाली उस वार्ड की योजना उस बैठक मैं तय हो। महापौर ने सभी निगम वासियों को कोरोना से सावधानी बरतते हुए नया वर्ष मनाने की शुभकामनाएं दी।

संवेदक का भुगतान रोकें : महापौर

नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर ने आम बागान से रांची रोड बन रहे मार्ग को घटिया कार्य बताते हुए संवेदक को पुनः कार्य करने का निर्देश दिया वरना काम छोड़कर भागे नहीं होगा भुगतान साथ में ब्लैक लिस्ट भी किए जाएंगे संवेदक। महापौर ने शहर में लगा रहे पेवर ब्लॉक कार्य को भी घटिया बताया और कहां कार्य नहीं सुधरा तो भुगतान रोकते हुए ब्लैक लिस्ट किए जाएंगे संवेदक साथ ही पैसे की भी रिकवरी होगी। घटिया कार्य जनता के साथ अन्याय है मैं बर्दाश्त नहीं करूंगी।

पीएम की मां के निधन पर बीजेपी नेताओं ने जताया शोक

हुसौनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसौनाबाद शहर के दुर्गा बाड़ी परिसर में पीएम नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन मोदी के निधन पर भाजपा नेताओं व कार्यकताओं ने शोक सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक कुमार सिंह ने कहा की भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी के माता जी का निधन हम सबके लिए काफी दुखद है। वे हम सबकी मां थी। उनका संपूर्ण जीवन संघर्षों से भरा रहा, उनका जीवन देशवासियों के लिए प्रेरणादायी है।शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता रामप्रवेश सिंह,बीरेंद्र कुमार सिंह,सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता,श्रवण अग्रवाल,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, उरद्वार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता,लोकनाथ केशरी,संतोष कुमार गुप्ता, प्रमोद सिंह,प्रमोद सिंह समेत कई छात्राएं शामिल थे।साथ ही उनके निधन पर भाजपा के वरिष्ठ नेता बिनोद कुमार सिंह,रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह,प्रभात कुमार सिंह उर्फ मुन्नू सिंह,अविनाश कश्यप,गुड्डू सिंह, छोटू सिंह,अमित कश्यप आदि ने भी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

नेहाल असगर को अल्पसंख्यक कल्याण का जिला सदस्य बनाया गया

हुसौनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद शहर के रूद्रा होटल में झारखंड मुक्ति मोर्चा गठबंधन दल की ओर से आंदोलनकारी नेहाल असगर को भारत सरकार द्वारा अल्पसंख्यको के कल्याण हेतु प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्री कार्यक्रम अंतर्गत पलामू ज़िला के सदस्य मनोनीत होने के खुशी में झामुमो के कार्यकताओं के साथ गठबंधन के नेताओं ने माला पहनाकर और बुकें देकर सम्मानित किया ।मौके पर मौजूद नेताओ ने कहा कि नेहाल असगर के कमिटी का सदस्य बनाए जाने से पलामू जिले में अल्पसंख्यक समुदाय की समस्याओं का तेजी से निराकरण होगा।मौके पर झामुमो के वरिष्ट नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान,नगर अध्यक्ष शशि कुमार, झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के केंद्रीय सचिव डॉ एजाज आलम, विजय प्रसाद, इजहार अंसारी,राजद के राज अली,नगर उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, अब्बास अंसारी,इम्तियाज आलम,असगर अली, कॉग्रेस के नदीम अहमद, अशरफ खान,खुशतर खान के अलावा सैकड़ों लोगों ने माला पहनाकर स्वागत किया ।

शराब के नशे में धुत बाइक चालक गिर कर हुआ घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज(पलामू)। थाना क्षेत्र के एनएच 98 किनारे अवस्थित हरिजन आवासीय विद्यालय कौआखोह के समक्ष गुरुवार की देर शाम को शराब के नशे में धुत बाइक चला रहे युवक गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। काफी देर तक सड़क पर पड़े रहने के बाद संध्या गस्ती के दौरान जैसे ही हरिहरगंज पुलिस को उस पर नजर पड़ी और तत्काल उसे पुलिस वाहन से ही बेहोंशी के हालत में घायल युवक को स्थानीय सीएचसी में इलाज के लिए भर्ती कराया। इलाज के बाद होंश में आने पर युवक की पहचान थाना क्षेत्र के खड़गपुर पंचायत अंतर्गत ग्राम भांवर निवासी जगनारायण राम के 19 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार के रूप में हुई। और पुलिस ने घायल की सूचना उसके परिजनों को दी। वहीं चिकित्सक डॉ राजेश कुमार ने बताया कि घायल युवक को सर और चेहरे पर कई जगह चोटें आई है। इलाज किया गया और उसके बाद परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए बाहर ले गये।

किसान हमारे अन्नदाता हैं : अजीत सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज(पलामू)। हरिहरगंज हुसैनाबाद विस क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह, सीओ बासुदेव राय, बीडीओ जय प्रकाश नारायण की मौजूदगी में शुक्रवार को बेलौदार मोड़ स्थित खाप कटैया पैक्स और मोतीराज महिला इंटर कॉलेज के समीप अररुआ पैक्स में धान अधिप्राप्ति खरीफ विपणन 2022/23 के लिए क्रय केन्द्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि श्री सिंह ने कहा कि किसान हमारे अन्न दाता हैं। उनकी मेहनत की उपज को औने पौने दामों में बेचना न पड़े इस लिए उनकी सुविधा के लिए सरकार द्वारा धान क्रय केंद्र खोला गया है। जहां सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर किसान अपने धान की बिक्री कर सकेंगे। इस दौरान उन्होंने नील गांयों द्वारा किसानो को फसल नुकसान का भरपाई कराने की सरकार से मांग की। वहीं विधायक प्रतिनिधि ने बीडीओ व सीओ को किसानों सहित आम लोगों की समस्याओं व पीडीएस तथा आंगनबाड़ी केंद्रों पर हमेशा निगाहें रखते हुए व्यवस्था सुदृढ़ीकरण पर ध्यान देने का सूझाव दिया। इसके साथ ही उन्होंने विधायक कमलेश कुमार सिंह के द्वारा क्षेत्र में किए गए कई विकास कार्यों का भी उल्लेख किया। 2050 व 2070 रुपये प्रति क्विंटल धान की खरीदारी की जाएगी। इस मौके पर पैक्स के अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह(गुड्डू सिंह) व अभय कुमार सिंह ने बताया कि साधारण 2050 व ग्रेड ए का 2070 रुपये प्रति क्विंटल धान की खरीदारी की जाएगी।इसमें साधारण 2040 व ग्रेड ए का 2060 रुपये प्रति क्विंटल धान की दर और 10 रुपये प्रति क्विंटल बोनस शामिल है। उद्घटन समारोह में बीएओ ब्रजेश कुमार, एटीएम प्रवीण जहां, राकांपा प्रखंड अध्यक्ष नीतीश कुमार सिंह, उपेंद्र कुमार सिंह, छोटू सिंह, अखिलेश मेहता, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अमित सिंह, बुधन सिंह यादव, प्रोफेसर अरविंद कुमार सिंह, अशोक जायसवाल, रामजी पासवान,भोला सिंह, लालता सिंह, रवि पिटर, रामनंदन यादव, सहित कई लोग उपस्थित थे।

पवन कुमार ने थाना प्रभारी के रूप में पांडू थाना में दिया योगदान

पांडू /पलामू (आजाद सिपाही)। पांडू थाना में नए थाना प्रभारी पवन कुमार ने अपना योगदान दे दिया हैं। योगदान के पश्चात समाजसेवी उपेंद्र सिंह ने शॉल एंव पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। योगदान देते हीं पांडू थाना के नए थाना प्रभारी पवन कुमार ने कहा पांडू वासियों को भय मुक्त, शांतिप्रिय बनाए रखना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। असामाजिक तत्वों पर भी विशेष निगरानी बनी रहेगी। मौके पर उपेंद्र सिंह, अरविंद विश्वकर्मा,झगड़ पांडे, मुन्ना सिंह, सुरेंद्र तिवारी, अजय बैठा के साथ-साथ कई लोग उपस्थित रहे।

एनसीपी ने नगर पंचायत क्षेत्र में शुरू की जनसेवा पद यात्रा

हुसौनाबाद (आजाद सिपाही)। एनसीपी की नगर पंचायत कमेटी ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर नगर पंचायत क्षेत्र में शुक्रवार से जनसेवा पद यात्रा की शुरूआत कर दी है। पहले दिन वार्ड एक के गली मोहल्लों की समस्याओं की सूची बनाई गई। पद यात्रा में शामिल नेताओं ने वार्ड एक के नागरिकों के घर घर जाकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। उन्हे पार्टी की नीति सिद्धांतों को बताया व विधायक द्वारा स्वास्थ्य सड़क शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कुछ नागरिकों से विधायक कमलेश कुमार सिंह से मोबाइल फोन से बात कराई। युवाओं ने भी पार्टी के युवा नेता सूर्या सिंह के समक्ष ऑनलाइन अपनी बात रखी। पार्टी के जिला प्रवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि वार्ड एक से वार्ड 16 तक एक एक घर तक पार्टी के कार्यकर्ता पहुंचने का काम करेंगे। अभियान में जिला प्रवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह,जफरुद्दीन अंसारी,नगर अध्यक्ष रविन्द्र कांस्यकार, जीशान हसन, रहमान राईन, एस एम अकरम,अजय सिंह, सुरेंद्र सिंह, बलबीर सिंह,उदय सिंह,अकबर हवारी, सम्भु कांस्यकार, संतोष सिंह, राजा राईन,मो0 शमशुद्दीन आदि शामिल हुए।

विश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित बंधन बैंक में दिन दहाड़े 48 हजार की हुई लूट

- चार नकाबपोशों ने घटना को दिया अंजाम,दो बाइक से फरार हुये लुटेरे
- पुलिस जुटी छानबीन में,खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज

कौशल किशोर चंद्रवंशी

विश्रामपुर /पलामू (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय स्थित प्राइवेट बंधन बैंक के सीएसपी में शुक्रवार को दिनदहाड़े लूट हुई। चार नकाबपोशों ने हथियार के दम पर 48 हजार रुपये लूट लिये। लूट कांड को अंजाम देकर लुटेरे दो बाइक से रेहला की ओर फरार हो गये। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। बैंक के प्रबंधक मिंटू राय ने बताया कि शुक्रवार को लगभग 12 बजे बारी-बारी से चार नकाबपोश बैंक के अंदर घुस गये। हथियार के दम पर बैंक कर्मी सुधीर कुमार पासवान व सुबोध कुमार यादव को हटाकर कांउटर तोड़ते हुये लूटपाट शुरू की। पैसो के लेनदेन का ब्यौरा मिलाया जा रहा है। अभीतक 48 हजार रुपये से ज्यादे की लूट की पुष्टि हो चुकी है। लूट की राशि बढ़ भी सकती है। इसके अलावा लुटेरे बैंक का मोनिटर,टैब व कर्मी का एक मोबाइल भी लूट ले गये।प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो घटना को अंजाम देकर लुटेरे दो मोटरसाइकिल पर सवार होकर रेहला की ओर फरार हो गये। सूचना मिलने पर विश्रामपुर एसडीपीओ सुरजीत कुमार,पांडू अंचल के पुलिस निरीक्षक अजय कुमार,नावा बाजार थाना प्रभारी दीपक दास,विश्रामपुर थाना के एएसआई अनंत कुमार सिंह,वीरेंद्र तिवारी,संजय सिंह पुलिस बल के साथ बैंक पहुंचे। पुलिस पदाधिकारियों ने बैंक कर्मियों से पूरे मामले की जानकारी ली। प्रत्यक्षदर्शियों से भी पूछताछ किया। इसके अलावे पुलिस बैंक व आसपास के मकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाल रही है। पुलिस निरीक्षक अजय कुमार ने कहा कि सभी बिन्दुओ पर जांच चल रही है। जल्द ही लुटेरे पुलिस के गिरफ्त में होंगे। इधर दिनदहाड़े हुई इस लूटकांड की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी है।

जल्द ही कर लिया जायेगा घटना का उद्भेदन : शशि रंजन

विश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन ने बताया कि जहां लूटकांड हुई है,वह बंधन बैंक का कलेक्शन सेंटर है। जहां से महिला समूह को ऋण दिया जाता है। और ऋण का किस्त जमा भी लिया जता है। लुटेरे लोन लेने के नाम पर ही कलेशन सेंटर में घुसे थे। जिसके बाद लूटकांड को अंजाम दिया। उन्होंने कहा कि जल्द ही मामले का उद्भेदन करते हुये लुटेरो को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

नर सेवा ही नारायण की सेवा है : निर्दोष जी

आजाद सिपाही संवाददाता

सतबरवा /पलामू। मनिका प्रखंड अंतर्गत राकी कला पंचायत के चहेलियां हरिजन टोला में शुक्रवार को नारायण सेवा समिति ट्रस्ट सतबरवा के द्वारा सैकड़ों लोगों के बीच गर्म वस्त्रों का वितरण किया गया। बताते चलें कि लॉकडाउन के समय से लगातार नारायण सेवा समिति ट्रस्ट सतबरवा के द्वारा सतबरवा प्रखंड के विभिन्न सुदूरवर्ती क्षेत्र में जाकर गरीब और असहाय लोगों के बीच में वस्त्रों का वितरण किया जा रहा है। ठंड काफी बढ़ गई है, ऐसे में नारायण सेवा समिति ट्रस्ट गरीबों के मसीहा बनकर उनकी मदद कर रही है। ट्रस्ट के अध्यक्ष निर्दोष जी ने बताया कि सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जाने से यह पता चलता है कि जहां गरीब,दलित और आदिम जनजाति रहते हैं उनकी स्थिति कितना खराब है कैसे जीवन यापन कर रहे हैं। उनके पास कोई रोजगार नहीं है। वस्त्र के बिना ठंड से ठिठुर रहे हैं। और वे नशे के आदी हो गए हैं। यह सब देखकर बहुत ही दया आती है। आज मैं गर्म वस्त्र के अलावा एक कंबल भी एक ऐसे अपंग और बेसहारा व्यक्ति जिनका गुड्डू भूईया नाम है उनको दिया हूं उनका इलाज कराने वाला कोई नहीं है। भगवान भरोसे जी रहे हैं। आज का वस्त्र हमें आनंद कुमार मेहता राखी खुर्द द्वारा प्राप्त हुआ था। मैं उन तमाम दानदाताओं को धन्यवाद देता हूं जिन से मुझे वस्त्र प्राप्त होते हैं और मैं गांव में जाकर गरीबों के बीच वितरण करता हूं साथ ही मैं कोशिश करता हूं कि सभी ग्रामीण बच्चे स्कूल जाएं और गांव के लोग नशा पान छोड़ें।

विधायक के निर्देश पर प्रतिनिधि ने पीसीसी रोड एवं पुलिया का किया निरीक्षण

सतबरवा/ पलामू (आजाद सिपाही)। मनिका विधायक रामचंद्र सिंह के निर्देश पर इनके विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव ने शुक्रवार को डीएमएफटी फंड से रबदा में बन रहे पीसीसी रोड व पुलिया का निरीक्षण किया। साथ में पंचायत उप मुखिया उमेश सिंह, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अरविंद सिंह भी थे। निरीक्षण के बाद विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव ने कहा कि रबदा में डीएमएफटी फंड से राजेश्वर भुईयां के घर से राम बांध तक करीब 24 लाख 72 हजार 500 रुपए की लागत से बन रहे पीसीसी पथ में संवेदक के द्वारा घटिया निर्माण कर भारी अनियमितता बरती जा रही है। वहीं रबदा के झरिवा टोला में बडा नाला पर बन रहे पुलिया में घटिया सामग्री लगाया गया है। विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव ने इसकी जांच कर संबंधित संवेदक पर कारवाई करने की मांग पलामू उपायुक्त से की है। इंहोने कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इसकी समुचित जानकारी मनिका विधायक को दी जायेगी।

स्पोर्ट्स

टी20 अंतरराष्ट्रीय त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए स्टेफनी टेलर की वेस्टइंडीज की टीम में वापसी

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सिडनी टेस्ट के लिए एश्टन एगर और रेनशॉ ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल

मेलबर्न। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 4 जनवरी से शुरू होने वाले सिडनी टेस्ट के लिए एश्टन एगर और मैट रेनशॉ को ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया है। मिचेल स्टार्क और कैमरून ग्रीन दोनों को उंगली की चोट के कारण सिडनी टेस्ट से बाहर रखा गया है। 29 वर्षीय बाएं हाथ के स्पिनर एगर ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 2017 में चट्टोग्राम में चार टेस्ट मैचों में श्रृंखला के आखिरी मैच में आखिरी बार खेला था। हालाँकि, उन्होंने इस सीजन में दो प्रथम श्रेणी के खेल खेले हैं, पहला वेस्ट इंडीज के खिलाफ प्रधान मंत्री एकादश के लिए और दूसरा क्वींसलैंड के खिलाफ पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के लिए। इन दोनों मैचों में उन्होंने 78.4 ओवरों में 212 रन देकर 3 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने सुझाव दिया है कि अगले सप्ताह के अंत में एससीजी की पिच काफी सूखी हो सकती है, जिससे दूसरे स्पिनर की आवश्यकता होगी। एगर नंबर 7 पर एक अच्छी बल्लेबाजी भी करते हैं, जिससे ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन के स्थान को भरने में भी मदद मिलेगी। रेनशॉ, जिन्होंने 2018 में आखिरी टेस्ट मैच खेला था, ने पिछले सीजन में मध्य क्रम में बल्लेबाजी की थी, लेकिन इस साल क्वींसलैंड के लिए डेविड वार्नर या उस्मान ख्वाजा की जगह लेने के लिए ओपनिंग पर लौटे हैं। उन्होंने हाल ही में न्यू साउथ वेल्स के खिलाफ नाबाद दोहरा शतक जड़ा था। चयनकर्ता टोनी डोडेमाइड ने कहा, मैथ्यू को एक बहुमुखी बल्लेबाजी विकल्प के रूप में शामिल किया गया है, जो अच्छी फॉर्म में है, जिसमें हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ पीएम इलेवन टूर मैच में नाबाद शतक भी शामिल है।

रांची विश्वविद्यालय की गर्ल्स टीम ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी गेम्स में सिल्वर मेडल प्राप्त कर रचा इतिहास

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर/रांची । केआईआईटी यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर में आयोजित अंतर राज्य विश्वविद्यालय योग चैंपियनशिप में रांची विश्वविद्यालय रांची के गर्ल्स टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए, 223 विश्वविद्यालय की टीमों को टक्कर दे कर दूसरा स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल अपने नाम किया । इस सफलता से सारा रांची विश्वविद्यालय गौरवान्वित महसूस कर रहा है । इस अवसर पर वाइस चांसलर डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने सभी रांची विश्वविद्यालय के गर्ल्स टीम को आशिर्वाद प्रदान किया अवम खेलो इंडिया गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु मंगलकामनाएं दी साथ ही साथ रजिस्टर आर यू डॉ मुकुल चंद्र मेहता, डिप्टी डायरेक्टर सीवीवी डॉ स्मृति सिंह,योग विभाग कि निदेशक डॉ मधुलिका वर्मा, कोऑर्डिनेटर डॉ गुरु चरण साहू ने सभी प्रतिभागी आकांक्षा सिंह, सरिता कुमारी ,पम्मी कुमारी, आकृति राज ,रिया सेन ,(स्कूल ऑफ योग) एवं कुमारी नीलांजना इंग्लिश डिपार्टमेंट मैनेजर शिवनंदन राम (मारवाड़ी कॉलेज), कोच - रजनी बक्शी (स्कूल ऑफ योग) को बधाई दी एवं आने वाले खेलो इंडिया गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु मंगलकामनाएं दी।

नये थानेदार के रूप में अमित सोनी ने पदभार संभाला

सतबरवा/पलामू(आजाद सिपाही)। शुक्रवार को सतबरवा में नए थानेदार के रूप में अमित सोनी ने पदभार संभाला। इस दौरान सबसे पहले सतबरवा थाना के एसआई कुणाल मौर्य ने बुके देकर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात जिला परिषद सतबरवा सुधा कुमारी,भाजपा नेत्री लवली गुप्ता,धावाडीह मुखिया रिंकी यादव, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, युवा समाजसेवी अतुल कुमार, गुड्डू कुमार, दीपक चंद्रवंशी, संजय यादव समेत दर्जनों लोगों ने उन्हें बुके गुलदस्ता एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। पत्रकारों से बातचीत में श्री सोनी ने कहा कि पुलिस का जो पहला कार्य है पुलिसिंग वह मैं बखूबी निभाउंगा। साथ ही उन्होंने कहा कि दबंग लोग और सफेदपोश जो पुलिस पर दबाव बनाते हैं या जनता को परेशान करते हैं वे सतर्क रहेंगे क्योंकि वैसे लोग मुझे पसंद नहीं है। आगे उन्होंने कहा कि मैं सतबरवा को पूरी तरह अपराध मुक्त बनाने की कोशिश करूंगा।

सीसीएल और सीआइएसएफ की संयुक्त छापामारी में सवा चार टन अवैध कोयला जब्त

फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। सीसीएल ढोरी के जीएम मनोज कुमार अग्रवाल के निर्देश पर एसडीओसीएम (कल्याणी) परियोजना के केपीएस और आसपास के क्षेत्रों में सीसीएल सुरक्षा विभाग और सीआइएसएफ की ओर से संयुक्त छापामारी की गई। इस दौरान विभिन्न स्थानों में झाड़ियों में छिपाकर रखे गए लगभग सवा चार टन अवैध कोयला जब्त किया गया। जब्त अवैध कोयला को कल्याणी के चलना कांटा में वजन करवाकर एसडीओसीएम के एमपी साइडिंग कल्याणी में डंप करा दिया गया। सुरक्षा प्रभारी उमा शंकर महतो ने कहा कि कोयला चोरी रोकने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि ढोरी क्षेत्र से कोयला चोरी पर पूर्ण रूप से विराम लगे। हालांकि छापामारी में कोई भी वाहन या चोर नहीं पकड़ा गया। छापामारी में सीआइएसएफ बी कंपनी के कंपनी कमांडर, सीआइएसएफ क्यूआरटी, सीआइडब्ल्यू राजीव रंजन कुमार, सीसीएल ढोरी के सुरक्षा प्रभारी उमा शंकर महतो के अलावा उमेश्वर प्रसाद, अनाम वारिस, मानिक दिगार, उदय कुमार और भोला मिश्रा आदि शामिल थे।

कमलडीह में किसानों के बारी से आलू और गोभी की चोरी

चंद्रपुरा (आजाद सिपाही)। पपलो पंचायत स्थित कमलडीह गांव से गुरुवार की रात चोरों ने दो किसानों के बारी से लगभग चार क्विंटल आलू और 50 किलो गोभी की चोरी कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पपलो पंचायत मुखिया कार्तिक महतो घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की पूरी जानकारी ली। इसके बाद चंद्रपुरा थाना व चंद्रपुर सीओ को चोरी की घटनाओं की जानकारी दी गई। मुखिया ने कहा कि टेकोचंद महतो की बारी से दो क्विंटल आलू व भूषण महतो के बारी से दो क्विंटल आलू और 50 किलो गोभी की चोरी हुई है। वहीं, अर्जुन महतो के टुल्लू पंप का फीता भी चोरी हो गया है। उन्होंने कहा कि किसानों को काफी नुकसान हुआ है। सरकार इन लोगों को नुकसान हुए फसल का मुआवजा दे, ताकि किसान अपना जीवकापार्जन अच्छे से चला सके। वहीं किसानों ने कहा कि रात के अंधेरे में अज्ञात चोरों ने आलू एवं गोभी की चोरी करने के साथ ही काफी मात्रा में पहल भी बर्बाद कर दिया है। जिससे उन्हें काफी नुकसान हुआ है। इस अवसर पर बासू महतो, बोधराम महतो, युगल किशोर महतो, झब्बू महतो, उमेश महतो, सोहदरिया देवी, संजय महतो, अशोक महतो, चंद्रिका महतो, सावित्री देवी और आदि लोग उपस्थित थे।

हरियाणा को 49-47 अंकों से पराजित कर बिहार की टीम ने जमाया ट्रॉफी पर कब्जा

बोकारो (आजाद सिपाही)। जिला कबड्डी संघ एवं कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय 32वीं राष्ट्रीय सब जूनियर बालक/बालिका कबड्डी चैंपियनशिप का शुक्रवार को समापन हो गया। सेक्टर चार स्थित एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल के मैदान में खेले गए बालक वर्ग के फाइनल मैच में बिहार की टीम ने हरियाणा को 49-47 अंकों से पराजित कर चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया। वहीं, महाराष्ट्र एवं उत्तराखंड की टीम संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही। इससे पूर्व खेले गए पहले सेमीफाइनल मैच में हरियाणा की टीम ने उत्तराखंड की टीम को 55-12 एवं दूसरे सेमीफाइनल मैच में बिहार की टीम ने महाराष्ट्र को 43-36 अंकों से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया था। बालिका वर्ग के खेले गए फाइनल मैच में हरियाणा की टीम तमिलनाडु को टीम को 43-27 अंकों से पराजित कर चैंपियन बनी। जबकि दिल्ली व उत्तर प्रदेश की टीम को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इसके पूर्व खेले गए पहले सेमीफाइनल में हरियाणा की टीम ने उत्तर प्रदेश की टीम को 43-38 एवं दूसरे मैच में तमिलनाडु की टीम ने दिल्ली की टीम को 31-17 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। मैच समाप्ति के बाद मुख्य अतिथि एडीजे जैप सांग्स रांची प्रशांत सिंह ने विजेता, उपविजेता टीम व खिलाड़ियों को ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर चास के अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, कमांडेंट जैप 4 बोकारो अश्विनी कुमार सिन्हा, प्रो कबड्डी के स्टार खिलाड़ी सह भारतीय कबड्डी टीम के कप्तान अर्जुन अवॉर्डी, दीपक निवास हुड्डा, बॉक्सिंग वर्ल्ड एवं एशियन गोल्ड मेडलिस्ट भीम अवॉर्डी स्वीटी बूरा, द्रोणाचार्य अवॉर्डी बृजभूषण मोहंती, भारतीय खो-खो संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भंवर सिंह पलाड़ा और वर्ल्ड कबड्डी गोल्ड मेडलिस्ट विंध्यवासिनी कुमारी सिन्हा आदि उपस्थित थे।

रामावतार आउटसोर्सिंग का निरीक्षण करने पहुंचे सिंफर के वैज्ञानिक

कतरास/महुदा (आजाद सिपाही)। बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र के कनकनी कोलियरी में संचालित रामावतार आउटसोर्सिंग कंपनी का निरीक्षण करने शुक्रवार को सिंफर के वैज्ञानिक की टीम पहुंची। निरीक्षण के दौरान सिजुआ जीएम अनूप कुमार राय, मोदीडीह प्रबंधक, रामावतार प्रबंधक आदित्य सिंह, अंकित सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान सिजुआ जीएम अनूप कुमार राय ने कहा कि जलती आग पर काबू पाकर राष्ट्रीय संपत्ति कोयला को बचाने के लिए सिंफर की टीम ने दौरा किया। साथ ही कोयले की सुरक्षित उत्पादन पर बल दिया जाय। जहां कंपनी के अग्नि प्रभावित क्षेत्रों से वैज्ञानिक अनुसंधान के दौरा कोयला को निकाल कर सुरक्षित किया जाना है, क्योंकि अग्नि प्रभावित क्षेत्रों में भारत सरकार की कोयला जलकर राख हो रही है। इसी को लेकर वैज्ञानिक अनुसंधान की टीम दो महीने तक निरीक्षण कर सुरक्षित कोयले को निकाला जा सके।

सनसनी : सेवानिवृत्त बीसीसीएल कर्मी की पंखे से झूलता मिला शव

संदिग्ध परिस्थिति में वृद्ध की मौत,आंगन में मिले खून के धब्बे

घटना के बाद जांच में जुटी तेतुलमारी पुलिस, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सच आएगा मौत का सच : थाना प्रभारी

आजाद सिपाही संवाददाता

कतरास। तेतुलमारी थाना क्षेत्र के खास सिजुआ दलाही बस्ती में सेवानिवृत बीसीसीएल कर्मी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान सीताराम चौहान (65) के रूप में हुई है। शुक्रवार की सुबह कमरे में पंखे से लटकता शव बरामद हुआ। जबकि घर के आंगन में खून के धब्बे भी मिले हैं। यही नहीं, घर के अलमारी सहित अन्य सामान भी बिखरा हुआ पाया गया। मृतक अपने पीछे तीन बेटे और एक बेटी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गया है। उधर, घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद अंत्यपरीक्षण के लिए धनबाद एसएनएमएमसीएच भेज दिया। वहीं, मृतक के बेटे मंटू चौहान ने बताया कि मां के देहांत होने के बाद पिता घर में अकेले रहते थे। हमलोग तीनों वक्त का खाना पहुंचाया करते थे। पिताजी गुरुवार को बैंक से कुछ पैसे की निकासी भी किए थे। वहीं, तेतुलमारी थानेदार आशीष यादव ने कहा कि मामला प्रथम दृष्टया में खुदकुशी का लग रहा है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा।

मृतक सीताराम चौहान की फाइल फोटो।

लोयाबाद में पांच दिनों से जलापूर्ति ठप, पानी के लिए तरसी 25 हजार की आबादी

बिजली की समस्या ठीक होने पर बहाल होगी जलापूर्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

लोयाबाद। क्षेत्र में निगम की जलापूर्ति पिछले पांच दिनों से ठप है। पानी की एक-एक बूंद के लिए लोग तरस रहे हैं। इसका कारण बिजली की गड़बड़ी बताई जा रही है। वहीं, जलापूर्ति बंद रहने से लोयाबाद मोड़ लोयाबाद छह नंबर, सात नंबर, मदनाडिह, कनकनी, बांसजोडा 12 नंबर, सेंद्रा, लोयाबाद कोक प्लांट लोयाबाद पावर हाउस आदि क्षेत्रों में पानी के लिए लोग काफी परेशान हैं। करीब 25 हजार की आबादी के बीच जल संकट गहरा गया है। लोग खरीद कर पानी पीने को विवश है। कनकनी, बांसजोडा लोयाबाद कोक प्लांट, पावर हाउस आदि क्षेत्रों में इस पानी के अलावा दूसरा कोई विकल्प नहीं है। उधर, मामले को लेकर पीएचइडी अभियंता मनीष कुमार ने बताया कि विद्युत ट्रांसफार्मर के सुचारू रूप से कार्य नहीं करने से बिजली आपूर्ति बाधित है। जिस कारण पानी की आपूर्ति ठप है। बिजली विभाग द्वारा मरम्मती कार्य किया जा रहा है। जल्द ही पानी की आपूर्ति शुरू हो जाएगी।



पुलिस ने जब्त किया लोहा स्क्रैप लदा पिकअप वैन

स्वांग (आजाद सिपाही)। जागेश्वर थाना क्षेत्र से पुलिस ने लोहा लदा पिकअप वैन जब्त किया। ललपनिया नया मोड़ के समीप मुख्य सड़क पर जागेश्वर बिहार रेलवे स्टेशन से कुछ ही दूरी पर पुलिस ने अभियान चलाकर वाहन को पकड़ा। जानकारी के मुताबिक जागेश्वर थाना प्रभारी संदीप कृष्णा ने गुरुवार की रात कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि लइओ कोलियरी इलाके से लोहा स्क्रैप की चोरी कर कहीं दूसरे जगह बेचने के इरादे से ले जाया जा रहा था। जांच की जा रही है।

ग्रामीण प्रतिभा को प्रोत्साहित कर आगे बढ़ाने की जरूरत: आशा देवी

बलियापुर के बाघमारा हाई स्कूल मैदान में प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

बलियापुर। प्रखंड के बाघमारा हाई स्कूल मैदान मेंशुक्रवार को बाघमारा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बलियापुर प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी महतो ने किया। टूर्नामेंट में कुल छह टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला किंग-11 बनाम सुपर स्टार क्लब के बीच हुआ। जिसमें सुपर स्टार टीम विजयी रहा। इस असर पर उप प्रमुख आशा देवी महतो ने कहा कि इस तरह का खेल प्रत्येक गांव में आयोजित किया जाना चाहिए। खेल से मानसिक और शारीरिक विकास होता है। खिलाड़ियों ने अच्छा खेल दिखाया। खिलाड़ियों को आगे मंच देने और ग्रामीण प्रतिभा को आगे बढ़ाने की जरूरत है। खिलाड़ियों को जो भी सहयोग चाहिए उसे पूरा करने का प्रयास करूंगी। इस मौके पर पंसस प्रतिनिधि संतोष महतो, पंसस प्रतिनिधि मंगल महतो, उप मुखिया प्रतिनिधि विवेक महतो, स्वपन कुमार महतो, उत्तम महतो और हफीजुद्दीन अंसारी आदि उपस्थित थे।

तेतुलमारी पुलिस ने हाइवा लूटकर भाग रहे दो अपराधियों को दबोचा, बाइक व हाइवा जब्त

कतरास (आजाद सिपाही)। तेतुलमारी पुलिस ने गुरुवार की रात हाइवा चोरी की सूचना मिलते ही त्वरित करवाई करते हुए गोविंदपुर से हाइवा सहित दो अपराधियो को धर दबोचा। इसकी जानकारी बाघमारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी निशा मुर्मू ने दी। वे शुक्रवार की शाम सिजुआ स्थित अपने कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तेतुलमारी थाना क्षेत्र के शक्ति चौक के समीप सर्व मंगला पब्लिक स्कूल के पास से लुटेरों ने हथियार का भय दिखाकर एमपीएल के लिए जा रही हाईवा नंबर जे एच 10 एजे 9919 के चालक एवं सहचालक को गाड़ी से उतार दिया और वाहन लेकर भागने लगे। पर चालक व खलासी ने शक्ति चौक पहुंच कर तेतुलमारी पुलिस की रात्रि गस्ती दल को घटना की सूचना दे दी। इसके बाद तेतुलमारी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन में लगे जीपीएस को ट्रैक करते वाहन का पीछा किया। भागने के क्रम में वाहन गोविंदपुर हाइवे पर डिवाइडर से टकरा गया। तबतक पुलिस भी पहुंच गई और अपराधी गौतम कुमार को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि हाइवा लेकर भाग रहा चालक कूद कर भागने में सफल रहा। फिर तेतुलमारी पुलिस ने गौतम कुमार के निशानदेही पर कतरास के कंचनपुर निवासी सुभांकर राय के घर धावा बोलकर शुभांकर सहित घटना में उपयोग किये गए बाइक और मोबाइल जब्त कर लिया। इस मौके पर एसडीपीओ निशा मुर्मू, तेतुलमारी थाना प्रभारी आशीष यादव व पुअनि नरेश यादव मौजूद थे।

बेनीडीह साइडिंग गोलीकांड की जांच करने दिल्ली से बाघमारा पहुंचे सीनियर कमांडेंट

बाघमारा/महुदा (आजाद सिपाही)। बीसीसीएल के बेनीडीह मेन साइडिंग में विगत दिनों सीआइएसएफ की क्विक रिस्पॉन्स टीम और कोयला चोरी के बीच हुई मुठभेड़ की घटना की जांच के लिए शुक्रवार को सीआइएसएफ दिल्ली मुख्यालय से सिनियर कमांडेंट बाघमारा पहुंचे। कमांडेंट ने घटनास्थल की जांच की। इयूटी पर मौजूद सीआइएसएफ जवानों एवं पेट्रोलिंग वाहन के चालक से घटना के बारे में पूछताछ की। घटनास्थल की फोटोग्राफी भी की। इसके बाद सिनियर कमांडेंट बाघमारा थाना पहुंचे। घटना में बाघमारा पुलिस द्वारा जब्त किए गए सीआइएसएफ की पेट्रोलिंग बेलोरो गाड़ी एवं 21 बाइक की भी जांच की। वहीं, थाना प्रभारी से भी घटना की जानकारी लिया। इस मौके पर कमांडेंट विशाल शर्मा, उप कमांडेंट भूपेंद्र सिंह, इंस्पेक्टर पंकज सिंह,मोहीत जोन,बीके शर्मा, संजीव कुमार एवं अन्य सीआइएसएफ के अधिकारी मौजूद थे।

ऊर्जावान और पार्टी के प्रति समर्पित लोगों को कमेटी में दी जायेगी जगह : संतोष

नवगठित कमेटी की सूची सत्यापन को लेकर सिंदरी नगर कांग्रेस कमेटी की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया/सिंदरी। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार जिले के सभी नवगठित प्रखंड/नगर कमेटी की पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कमेटी की सूची सत्यापित करने की प्रारंभिक कड़ी में शुक्रवार को सिंदरी नगर कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष अजय कुमार ने की। उक्त बैठक में धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह भी उपस्थित हुए। बैठक में जिला अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला के सभी नवगठित प्रखंडों एवं नगरों के अध्यक्षों द्वारा गठित की गई कमेटी की सूची का सत्यापन सभी प्रखंडों/नगरों में क्रमवार किया जा रहा है। सभी प्रखंड/नगर में बनाए गए कमेटियों का सत्यापन कर विस्तृत रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस को समर्पित कर दिया जाएगा। संगठन में पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी और ऊजार्वान एवं समर्पित लोगों को कमेटी में जगह दी जाएगी। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक मजबूती के साथ ही जिला के सभी प्रखंडों/नगरों के मंडल कमेटी, पंचायत/वार्ड एवं बूथ कमेटी की मासिक समीक्षा की जाएगी। उन्होंने सभी प्रखंड/नगर अध्यक्षों से निर्देशित करते हुए कहा कि संबंधित सभी अपने-अपने प्रखंड नगरों में मासिक बैठक कर विस्तृत रिपोर्ट जिला कांग्रेस को समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि जिला के सभी विधानसभा के सभी प्रखंडो एवं नगर के पंचायतो एवं वार्डों में संगठन को धारदार, सशक्त व मजबूत बनाने के साथ आने वाले चुनाव में जिला के सभी विधानसभा के साथ ही धनबाद लोकसभा में कांग्रेस को ऐतिहासिक जीत दर्ज कराने का काम करेंगें। कांग्रेस के प्रति लोगों का विश्वास जगा है और लोग पार्टी के विचारधारा से जुड़ रहे हैं। धनबाद जिला कांग्रेस की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाया जाएगा। कहा कि अनुशासनहीन कार्यकर्ताओं के लिए पार्टी में कोई स्थान नहीं होगा। इस मौके पर कमल देव सिंह, रमेश जिंदल, सरदार योगेंद्र सिंह, नरेंद्र शर्मा, विदेशी सिंह, शियाकांत दूबे, वकील राम, बीपी सिंह, हरिशचंद्र दूबे, शोमनाथ दूबे और पूणेर्दु सिंह आदि मौजूद थे।

निरसा प्रखंड कार्यालय में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

सहकारिता का मूल उद्देश्य भूमिहीन, मजदूर, कृषक एवं कमजोर तबकों को आत्मनिर्भर बनाना: रूमा झा

आजाद सिपाही संवाददाता

चिरकुंडा। निरसा प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में शुक्रवार को सूचना प्रसारण, पर्यवेक्षण, मूल्यांकन, आलेखन एवं सहकारिता क्षेत्र के विभिन्न गतिविधियों के प्रचार प्रसार और कौशल विकास संबंधी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिला सहकारिता पदाधिकारी रूमा झा, बीडीओ विकास कुमार राय, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी मनोज सिन्हा, ज्योति सहाय, घनश्याम मंडल, विजय मंडल की ओर से निरसा एवं बलियापुर प्रखंड के पैक्सो के प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला सहकारिता पदाधिकारी रूमा झा ने कहा कि सहकारिता का मूल उद्देश्य भूमिहीन, मजदूर, कृषक एवं कमजोर तबकों को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि योजनाओं का प्रचार-प्रसार सही ढंग से नहीं होने के कारण वास्तविक जरूरतमंदों को लाभ नहीं मिल पा रहा हैं। उन्होंने सरकार द्वारा 90 फीसदी अनुदान पर पैक्सो के माध्यम से बीज वितरण की जानकारी दी। सभी पैक्सो को सदस्यता वृद्धि करने, नियमित बैठक करने, वार्षिक आमसभा आयोजित करने, जन वितरण प्रणाली की दुकान, सीएससी का आवेदन करने, डीसीसीबी से संबद्धता आदि की जानकारी दी गई। कार्यशाला में रंग बहादुर सिंह, मधुरेंद्र गोस्वामी, संजीव पांडे, रविंद्र नाथ धीवर, श्यामदेव चौरसिया, विकास रवानी, योगेन्द्र यादव, कार्तिक महतो, गजेंद्र सिंह, सजल रजक, भोलानाथ गोराई, परशुराम सिंह, मुरलीधर मंडल, दिनेश सिंह, फेकन यादव, नमिता मिश्रा और सनोज राम आदि उपस्थित थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–27/2022-23 पी0आर0 संख्या 285913 Rural Development (22-23)D में ग्रुप संख्या 01 के अग्रधन की राशि को संशोधित कर 18500.00 रु0 पढ़ा जाय।

निविदा की शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
हजारीबाग

PR 286374 Rural Development (22-23)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा

शुद्धि पत्र

निविदा सूचना सं0–07/EE/RDSD/ KODERMA /2022-23 आमंत्रित किया गया था। जिसमें सिर्फ ग्रामीण कार्य विभाग के समुचित श्रेणी में संवेदक भाग ले सकते है। पुनः अब भवन निर्माण विभाग के समुचित श्रेणी के संवेदक भी इसमें भाग ले सकते है। जिसका पी0 आर0 सं0– 285236 है। निविदा की सभी शर्त्ते पूर्वत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
कोडरमा।

PR.NO.286299 Rural Work Department(22-23):D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,कोडरमा

शुद्धि पत्र

निविदा सूचना सं0 –07/EE/RDSD/ KODERMA /2022-23 आमंत्रित किया गया था। जिसका पी0 आर0 सं0 –286299 है में ग्रुप सं0 01, एवं 02 को तकनीकी कारणों से निम्न क्रमांक के तिथियों में परिवर्त्तन किया गया है जो इस प्रकार है :–

क्रमांक 03 पर ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय 30.12.2022 के स्थान पर दिनांक 10.01.2023 को पढ़ा या समझा जाय।

क्रमांक 04, निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने कर तिथि 03.01.2023 एवं समय 10:00 बजे से 05:00 बजे तक के स्थान पर दिनांक 16.01.2023 पढ़ा एवं समझा जाय।

क्रमांक 06, निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 06.01.2023 अपराह्न 2:00 बजे के स्थान पर दिनांक 18.01.2023 पढ़ा एवं समझा जाय।

निविदा की सभी शर्त्ते में आंशिक संशोधन किया गया।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
कोडरमा

PR 286370 Rural Work Department(22-23).D

ओड़िशा की आयना को किट नन्हीपरी का ताज

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। भुवनेश्वर की रहने वाली आयना राउतराय किट नन्हीपरी लिटिल मिस इंडिया 2022 का खिताब अपने नाम किया है। किट द्वारा आयोजित 'किट नन्ही परी लिटिल मिस इंडिया 2022 का फाइनल और मेगा राउंड गुरुवार को समाप्त हुआ। इस मेगा ऑडिशन और फाइनल राउंड में देश भर के नौ फाइनलिस्ट को हराकर आयना ने नन्हीपरी का ताज और ३ लाख रुपये का नकद पुरस्कार जीता।

नन्हीपरी ऑडीशन में 26 प्रतियोगि सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया था और उनमें से 10 ने फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई किया। इस प्रतियोगिता में मेघालय की रईसा सहनवाज फस्ट रनर-अप रहीं जबकि गोवा की साची राजेश सावंत सेकेंड रनर-अप रहीं। दोनों दोनों उपविजेताओं को क्रमशः एक लाख 50 हजार रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। फाइनल राउंड में प्रतियोगियों को कई चरणों से होकर गुजरना पड़ा।

पेजेंट में अलग-अलग श्रेणियां थे जैसे मिस रॅपन्जेल (सुंदर बाल) के लिए आयना, लिटिल मिस फोटोजेनिक के लिए झारखंड की अभिश्का चांद, लिटि मिस सेल्फी के लिए सिक्किम से सिद्दीका प्रसाद (फेसबुक पर सबसे अधिक लाइक), लिटिल मिस मोनालिसा साची राजेश सावंत, लिटिल मिस विजकिड (प्रश्नोत्तरी में सर्वाधिक अंक) सिक्किम की अन्वी बान्या, मिस सिंड्रेला (सर्वश्रेष्ठ व्यक्तित्व) के लिए भुवनेश्वर की कृषिता महापात्र, मिस उर्बसी (सर्वश्रेष्ठ ज्ञान) के लिए रायशा सहानवाज, मिस पर्सनेलिटी कोलकाता के लिए पारिजात चौधरी, मिस एक्टिव के लिए भुवनेश्वर के चिराश्री सागरिका को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कारों में नकद, मुकुट और प्रमाणपत्र शामिल थे। इस बार कुल लाख रुपए का इनाम दिया गया। उनमें से शीर्षक विजयिनी को किट विश्वविद्यालय में किसी भी पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए अकादमी फीस माफी दी जाएगी, अर्थात अधिकतम 18 लाख रुपये तीन लाख रुपये का नकद पुरस्कार के साथ कुल 21 लाख रुपये का पुरस्कार दिये जाने के साथ अपने पिता या माता के साथ एक सप्ताह के लिए दक्षिण कोरिया जाने का अवसर दिया जायेगा। इसी प्रकार, प्रथम उपविजेता के लिए कुल पुरसकार राशि 10 लाख के साथ एक लाख रुपये की नकद राशि और किट में नामांकन करने पर 50 प्रतिशत अकादमी फीस माफी यानी अधिकतम नौ लाख रुपये की फीस माफ की जाएगी। द्वितीय उपविजेता को 50 हजार रुपये और किट में नामांकित होने पर 50 प्रतिशत अकादमी फीस माफी यानी अधिकतम नौ लाख रुपये शुल्क माफी की व्यवस्था है। अन्य श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ माने जाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। आयोजित इस कार्यक्रम में किट नन्हीपरी के मुख्य पैट्रन अच्युत सामंत, पैट्रन मलय महापात्र, नन्हीपरी कोर कमेटी के सदस्य डॉ सुचेता प्रियबदिनी, डॉ श्रद्धार्जलि नायक प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस वर्ष नन्हीपरी का विशेष आकर्षण कोरिया के ग्लोरिया कोरियन डांस ग्रुप और सीरियन म्यूजिक एफ्रो डांस, सिनालिज और एम जोन डांस स्टूडियो द्वारा नृत्य प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2020 मोनसा बरनासी, फेमिना मिस इंडिया रनर अप 2020 मान्या सिंह, मिस दीबा सुप्रा नेशनल इंडिया प्रज्ञा अयांगरी, इंटरनेशनल ह्यूमैनिटी जनरल गवर्नर ची युके चोंग, कोरिया - इंडिया कल्चरल एक्सचेंज एसोसिएशन के अध्यक्ष नाम-सुक - यंग, सियोल स्थित मोनारेटेक कंपनी के अध्यक्ष जेआर जोसेफ चो, ओलंपियन दुती चांद, फिल्म अभिनेत्री अचीर्ता साहू, फिल्म अभिनेता सब्यसाची महापात्र और फैशन डिजाइनर सनलिसा पटेल उपस्थित थे।

फॉरेन मिनिस्टर वांग यी को जिनपिंग ने हटाया

बीजिंग। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कैबिनेट में बड़ा फेरबदल किया है। जिनपिंग ने 10 साल तक विदेश मंत्री रहे वांग यी को इस पद से हटा दिया है। यी की जगह अब क्विन गेंग नये फॉरेन मिनिस्टर बनाये गये हैं। गेंग इस वक्त अमेरिका में चीन के एम्बेसेडर हैं और राष्ट्रपति जिनपिंग के काफी करीबी बताये जाते हैं। बहरहाल, क्विन गेंग के सामने बतौर विदेश मंत्री कई चैलेंज होंगे।

पूर्व मध्य रेल
ई–निविदा सूचना
ई – निविदा सूचना संख्या– सी 723– पी एच सी –1 –डी एच एन – 22, धनबाद, दिनांक:– 28.12.2022
कार्य का नाम:– धनबाद रेलवे स्टेशन पर पार्सल हैंडलिंग कार्य हेतु तीन वर्षों के लिये ई–निविदा।
भारत के राष्ट्रपति के ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, धनबाद, आई.आर.ई.पी.एस. की वेबसाइट (http://www.ireps.gov.in) के माध्यम से धनबाद रेलवे स्टेशन पर तीन वर्षों के लिए पार्सल हैंडलिंग कार्य हेतु सिंगल पैकेट सिस्टम द्वारा सहकारी समिति से सीमित खुली ई – निविदा आमंत्रित करते है। इस निविदा के लिए मैनुअल ऑफर / निविदाओं की अनुमति नहीं है।
उक्त निविदा की विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्ते वेबसाइट www.ireps.gov.in पर या मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, धनबाद के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।
1. निविदा संख्या: सी– 723– पी एच सी –1 डी एच एन – 22, 2. कार्य का नाम : धनबाद रेलवे स्टेशन पर तीन वर्षों के लिये पार्सल हैंडलिंग कार्य। 3. आरक्षित मूल्य: ₹1,03,17,766.06 मात्र 4. बयाने की राशि: ₹ 100800/– मात्र 5. अवधि: तीन वर्ष (1096 दिन) 6. निविदा भरने की अंतिम तिथि: 30.01.2023, 7. निविदा बंद होने की तारीख और समय: 30.01.2023 को 12:00 बजे तक 8. निविदा खुलने की तारीख और समय: 30.01.2023 को 12:30 बजे के बाद। 9. कार्यालय : कार्यालय, वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, धनबाद, 826001. 10. वेबसाइट विवरण : www.ireps.gov.in, 11. निविदा का मूल्य: शून्य। रेल प्रशासन के पास किसी / समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/धनबाद
पीआर/1783/डीएचएन/सीओएमएल/टी/22-23/48

छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों में इजाफा

नयी दिल्ली। सरकार ने छोटी जमा योजनाओं पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी की घोषणा की है। इनमें पोस्ट ऑफिस सावधि जमा, एनएससी और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना शामिल हैं। अर्थव्यवस्था में ब्याज दरों में मजबूती के तहत एक जनवरी से इन जमा योजनाओं की ब्याज दर 1.1 प्रतिशत तक बढ़ाने की घोषणा की गयी है।

नालको के नये डाउनस्ट्रीम उत्पाद का खान सचिव ने किया विमोचन

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। सार्वजनिक क्षेत्र के केंद्रीय नवरत्न लोक उद्यम नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नालको) ने एक नये डाउनस्ट्रीम उत्पाद - कॉइल के रूप में एच 12 के साथ एलॉय एए1100 के एल्यूमिनियम एलईडी कैप स्टॉक की शुरुआत की है। इस उत्पाद का औपचारिक विमोचन विवेक भारद्वाज, सचिव, खान मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 29 दिसंबर को उनके नालको निगम कार्यालय के आगमन के दौरान वर्चुअल माध्यम से किया गया।

उत्पाद विमोचन कार्यक्रम के अवसर पर श्रीधर पात्र, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, नालको, डॉ वीणा कुमारी डी, संयुक्त सचिव, खान मंत्रालय, भारत सरकार, नालको के निदेशकगण एवं वरिष्ठ अधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही विमोचन समारोह के अंग के तौर पर, उत्पादन एकक अर्थात अनुगुल स्थित नालको के प्रद्रावक संयंत्र के रोल्ड प्रोडक्ट यूनिट में विशेष इंतजाम किये गये।

इस अवसर पर उत्पाद की पहली खेप भी प्रेषित की गयी। उल्लेखनीय है कि एलॉय एए1100 में एल्यूमिनियम एलइडी कैप स्टॉक का उपयोग एल्यूमिनियम कप के निर्माण के लिए किया जाता है, जिसका उपयोग एलईडी बल्बों में कैप के रूप में किया जाता है, जो हिट सिंक के रूप में कार्य करता है। हिट सिंक अनुप्रयोगों के लिए एल्यूमिनियम एक आदर्श चयन है तथा एए1100 मिश्र धातु उच्च चालकता के कारण एलईडी बल्ब कैप हेतु उपयुक्त है। इस नए डाउनस्ट्रीम उत्पाद के विमोचन से नालको की बाजार में पकड़ बढ़ेगी।

आजाद की घर वापसी की कोशिश में कांग्रेस

नयी दिल्ली। चार महीने पहले कांग्रेस को अलविदा कह चुके जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद के फिर से पार्टी से जुड़ने की चर्चाएं शुरू हो गयीं हैं। हालांकि वह अक्टूबर में अपने नयी राजनीतिक संगठन डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी का ऐलान कर चुके हैं। लेकिन राहुल की भारत जोड़ो यात्रा के कश्मीर पहुंचने से पहले पार्टी अपने पुराने साथी की घर वापसी के प्रयास में जुट गयी है। आजाद की वापसी के लिए खुद पार्टी की वरिष्ठ नेता अंबिका सोनी बातचीत कर रही हैं। सूत्रों के मुताबिक अंबिका सोनी ने आजाद से बातचीत की है। उन्होंने आजाद को राहुल गांधी से भी बातचीत करने को कहा है। बता दें अंबिका सोनी को सोनिया गांधी का बेहद करीबी नेता माना जाता है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा 20 जनवरी को जम्मू-कश्मीर के लखनपुर में प्रवेश करेगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता चाहते हैं कि उससे पहले आजाद मान जायें और पार्टी में वापसी करें।

वॉशिंगटन में बिकेगी पाकिस्तान एंबेसी

इस्लामाबाद। वॉशिंगटन में मौजूद पाकिस्तान की एंबेसी का एक बड़ा हिस्सा बिकने जा रहा है। इसके लिए बिड प्रॉसेस यानी नीलामी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। मजे की बात यह है कि एंबेसी के डिफेंस सेक्शन को खरीदने के लिए जो दो सबसे बड़ी बोलियां लगी हैं, वो दोनों ही पाकिस्तान के दुश्मन मुल्कों से ताल्लुक रखती हैं। ये दो देश हैं इजराइल और भारत। इजराइल के यहूदी ग्रुप ने 68 लाख डॉलर की बोली लगायी है। दूसरी बड़ी बोली लगाने वाला कोई भारतीय है। उसने 50 लाख डॉलर में यह बिल्डिंग खरीदने की पेशकश की है।

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN 2023-24
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

नामांकन जारी सत्र : 2022–2023
उषा कॉलेज ऑफ फार्मेसी
D.C ऑफिस के पीछे, बड़ा कांकड़ा, सरायकेला
Regd. Under : Health Education & Family Welfare department Govt. of Jharkhand
Recognized by : Pharmacy Council of India (PCI) Govt. of India
Affiliated by : Kolhan University, Chaibasa, Jharkhand.
Course: B.PHARM
(Bachelor in Pharmacy)
Note : BUS & Hostel Facility
Duration : 4Yrs.
Eligibility: 10+2 With PCB/PCM
For more details Contact :
TATA NAGAR INSTITUTE OF PARA MEDICAL TECHNOLOGY
Shere Punjab Chowk, Main Road, Adityapur
Cont. 9334635208, 9472786354

Rinku
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
New Das Musical Stores
हमारे इस प्रतिष्ठान की रांची में कोई भी शाखा नहीं है।
Deals in:
YAMAHA AHUJA ESP Fender CASIO BOSS zoom PAISTE TAMA Studiomaster DigiTech KORG Zildjian Roland Cort Epiphone MAPEX Gibson Ibanez stranger
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandi Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Phone : 0651-2201778 Mobile : 98351-64815, 72509-3303
मिलते-जलते नामों से सावधान

KUNDAN MARBLE & SANITATIONS
KUNDAN MARBLE & SANITATIONS
Near Holiday Home, Kanke Road, Ranchi-834008
E-mail : kundanmarble@gmail.com
Contact : 9334471800, 9472760801, 9334671802
HOUSE OF : Marbles, Tiles Granites, Kota Cuddappa & Sanitary Ware
Contact for 4.5", 6" Boring

DK Dhani Kitchen
100% Pure Veg Restaurant
Call for Order
9234565758, 6513571568
Harmu Road, Gariikhana, Beside Petrol Pump, Ranchi
Also Available on SWIGGY zomato

Sontosh Kumar
75037 29696
92056 24569
S MTOY & School Furnituer
Old Bank Colony, RMCH, Near Sadhu Maidan
Shop Add. : Industrial Area Kokar, Ranchi-834001 (Jharkhand)
Everything From A to Z For School, Playgrond, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis

DADI PLASTIC & KITCHENWARE
Home & Kitchen
Deals in : Specially in Plastic & Cleaning
(WHOLESALE & RETAIL)
MILTON cello ARISTO TECHNO DEEPAK PARAS CUBO
North Market Road, Upper Bazar, Ranchi - 834001 (Jharkhand) Mob. : 9693000799, 7979703432

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
Call Now !
UNIVERSITY FLY
+91-7903149721
www.universityfly.com

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीट्युशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater ◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT
Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Please Join Us to Celebrate the opening Ceremony of our New Restaurant
Venue :
Sector-9 Near Hatia More
Bokaro Steel City (Jharkhand)
With Best Compliments From :
BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Mob. : 65423 66205, 76338 16941

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**